सूर्योदय : 5:15
सूर्यास्त : 6:50
अधिकतम तापमान : 41.7
न्यूनतम : 28.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-331 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 23 मई 2026
05 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत-साइप्रस की द्विपक्षीय वार्ता

## ■ आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को व्यापक बातचीत की तथा इस दौरान भारत एवं साइप्रस ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला और बुनियादी ढांचे एवं नौवहन जैसे क्षेत्रों में गहरे सहयोग को सुगम बनाने के लिए एक संयुक्त कार्यबल गठित किया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन संघर्ष पर भी विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शत्रुता को जल्द समाप्त करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया में जारी बयान में कहा, 'पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ा है और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से अनेक नयी संभावनाएं सामने आई हैं।' उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने इसका लाभ उठाते हुए अगले पांच वर्ष में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'और इस संकल्प को साकार करने के लिए आज हम अपने भरोसेमंद संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदल रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ हुई बातचीत के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि भारत और साइप्रस की मित्रता 'मजबूत और भविष्योन्मुखी' है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमने वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों को जल्द समाप्त करने और शांति के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम इस बात पर भी एकमत हैं कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया है। क्रिस्टोडौलाइड्स ने कहा कि भारत और साइप्रस ने बुनियादी ढांचे तथा नौवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक संयुक्त कार्यबल गठित करने का फैसला किया है।

### साइप्रस ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का किया समर्थन

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने दोनों देशों की वार्ता के बाद एक बयान जारी किया। इसमें उन्होंने कहा, 'साइप्रस ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का लगातार समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति ने आज हैदराबाद हाउस में हुई बैठक में व्यापक चर्चा की। चर्चा व्यापार और निवेश, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, वित्तीय संपर्क, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता, शिक्षा, संस्कृति और भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित थी। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# देवरिया को सीएम योगी ने दी करोड़ों की सौगात

## ■ पहले यूपी की पहचान 'एक जिला एक माफिया' के रूप में होती थी





**देवरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान एक जिला एक उत्पाद, सुशासन, कानून के राज और तेजी से विकसित हो रहे राज्य के रूप में बन रही है, जबकि पहले प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफियाराज से होती थी। सीएम योगी शुक्रवार को देवरिया शहर से सटे पोखरभिंडा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने 655 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि देवरिया की जनता ने भाजपा को जिले की सातों विधानसभा सीटों पर विजय दिलाई थी और सरकार ने भी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित विकास योजनाओं को स्वीकृति देकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले समाजवादी पार्टी शासनकाल में प्रदेश की पहचान 'एक जिला, एक गुंडा और माफिया' के रूप में होती थी, लेकिन आज उत्तर प्रदेश 'एक जिला, एक प्रोडक्ट', सुशासन और कानून व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के एक वोट की ताकत से अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना, जबकि मथुरा, काशी, विंध्यवासिनी धाम और वृंदावन जैसे धार्मिक स्थल अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान के साथ विकसित हो रहे हैं।

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाएं, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों के लिए 'अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव आया है। अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता से बाहर निकलकर प्रदेश ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे बेहतर एक्सप्रेस-वे नेटवर्क वाले राज्यों में शामिल हो चुका है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाओं ने प्रदेश में कनेक्टिविटी को नई गति दी है। साथ ही कई नए हवाई अड्डों के संचालन से हवाई यात्रा आम लोगों की पहुंच में आई है।

### बिटुमेन का विकल्प बनेगी सीमेंट वाली सड़क

भीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में बिटुमेन की जगह सीमेंट वाली सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है और बिटुमेन की उपलब्धता पर असर पड़ा है। ऐसे में सरकार अब सीमेंट आधारित सड़कों पर जोर दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमेंट की सड़कें बनाने में लागत जरूर बढ़ेगी, लेकिन जनता को मजबूत और टिकाऊ सड़कें मिलेंगी।

# घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना शुरू : अमित शाह

## ■ पाक-बांग्लादेश बॉर्डर को अभेद्य बनाएगी मोदी सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले साल 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना शुरू करेगी ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा को अभेद्य बनाया जा सके और इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश विफल की जा सके।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा यहां आयोजित वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में शाह ने इस बात को भी दोहराया कि सरकार देश से प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढ निकालेगी और उन्हें भारत से बाहर भेजेगी। बीएसएफ की 1965 में स्थापना के बाद के. एफ. रुस्तमजी इसके पहले महानिदेशक थे। शाह ने कहा, 'मैं बीएसएफ के जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इसकी स्थापना के 60वें वर्ष में स्मार्ट बॉर्डर परियोजना को शुरू करेंगे और पाकिस्तान-बांग्लादेश की सीमाओं को अभेद्य बनाएंगे।' मोदी सरकार ने अगले एक साल में पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर एक मजबूत सुरक्षा घेरा बनाने का फैसला किया है और 'स्मार्ट बॉर्डर' को तकनीक, ड्रोन, रडार और स्मार्ट कैमरों की मदद से अभेद्य सीमा बनाने में सहायता मिलेगी। मंत्री ने बीएसएफ जवानों से भारत की जनसंख्या को कृत्रिम रूप से बदलने की साजिश को नाकाम करने का आग्रह किया।

### जल्द कई राज्यों के सीएम संग बैठक

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम की वर्तमान राज्य सरकारें, इस नीति में भरोसा करती हैं कि सीमाओं के पार से कोई घुसपैठ नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जल्द ही गृह मंत्रालय इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए हाई लेवल मीटिंग भी करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पहले घोषित एक उच्च-स्तरीय 'डेमोग्राफी मिशन' (जनसांख्यिकी मिशन) की आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# माता-पिता आईएएस हैं, तो बच्चों को आरक्षण की क्या जरूरत

## सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आरक्षण के बहस-प्रवाह को एक नया मोड़ देते हुए सीधा सवाल पूछा कि जिन परिवारों के माता-पिता के पहले से आईएएस जैसी उच्च नौकरियां और स्थायी आर्थिक सुरक्षा है, उनके बच्चों को आरक्षण क्यों चाहिए? आरक्षण और सामाजिक गतिशीलता पर सुनवाई करते हुए अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और आय के माध्यम से समाज में ऊपर उठकर आर्थिक-शैक्षिक सशक्तिकरण प्राप्त कर चुके परिवारों के अगली पीढ़ियों के लिए कोटा की जरूरत और न्यायसंगतता पर गंभीर चिंतन की जरूरत है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट की यह टिप्पणी उन बच्चों पर लागू हुई जिनके परिवारों ने पिछली पीढ़ी में आरक्षण या कोटा प्रणाली के जरिए शिक्षा और नौकरी के लिए बेहतर अवसर बना लिए हैं। एक बार ऊपर पहुंच जाने के बाद आरक्षण का फैसला और अधिक संवेदनशील तरीके से किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पिछड़े वर्गों के क्रीमी लेयर पर आरक्षण लाभों के निरंतर विस्तार को लेकर चिंता जताई। अदालत ने कहा कि कई सरकारी आदेशों में पहले से ही आय और पद-स्तर के आधार पर उन्नत वर्गों को आरक्षण के लाभ से बाहर रखने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब ऐसी व्यवस्थाओं को चुनौती दी जा रही है। अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसे परिवार जो संपन्न हैं, फिर भी आरक्षण की मांग करते हैं, जिस पर सोचने की जरूरत है।

### न्यायमूर्ति नागरत्ना की सख्त राय

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, तो फिर उनके लिए आरक्षण लागू करना उचित नहीं लगता। उन्होंने कहा, छात्रों के माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं, अच्छी आय है और बच्चे फिर से आरक्षण चाहते हैं। इन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए।

# कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-1' का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-1' का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-1' का सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों की पुष्टि हुई। यह परीक्षण सामरिक बल कमान की देखरेख में किया गया। इस महीने की शुरुआत में, भारत ने ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेड री-एंट्री व्हीकल सिस्टम वाली उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया था।

# पेपर लीक माफिया के साथ केंद्र सरकार का तंत्र : जयराम रमेश

## ■ एनटीए के दावे पर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही सरकार और उसका तंत्र पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत कर परीक्षाओं में हुई धांधली को दबाने में लगा हुआ है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एनटीए के डायरेक्टर जनरल ने एक संसदीय समिति के सामने दावा किया है कि नीट-यूजी 2026 का पेपर लीक नहीं हुआ था। जयराम रमेश ने इसे बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली बेईमानी बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा से पहले एक ऐसा गेस पेपर छात्रों के बीच घूम रहा था, जिसमें असली परीक्षा में पूछे गए दर्जनों सवाल शामिल थे। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर इसे पेपर लीक नहीं माना जाएगा तो फिर क्या माना जाएगा और सरकार नकारने की कोशिश क्यों कर रही है।

### अनियमितताओं को दबाने की कोशिश

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पहले भी नीट-यूजी 2024 में सामने आई व्यापक अनियमितताओं को दबाने की कोशिश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर उस समय सच्चाई स्वीकार कर ठोस कार्रवाई की गई होती तो 2026 की स्थिति टाली जा सकती थी। उन्होंने यूजीसी 2024 मामले का भी उल्लेख किया और कहा कि सीबीआई ने परीक्षा में किसी भी अनियमितता से इनकार करते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी।

# पाकिस्तान कश्मीर पर न दे भाषण : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद में भारत ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाने पर भारत ने कहा कि नरसंहार का इतिहास रखने वाला देश भारत के आंतरिक मामलों पर भाषण दे रहा है। दरअसल यूएनएससी में सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों की सुरक्षा पर आयोजित बहस के दौरान पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वथनेनी ने पाकिस्तान पर कड़ा पलटवार किया। पर्वथनेनी ने कहा कि पाकिस्तान का रिकार्ड दिखाता है कि वह अपनी आंतरिक विफलताओं को छिपाने के लिए हिंसा और आक्रामकता का सहारा लेता रहा है। भारत ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई का भी जिक्र किया। पर्वथनेनी ने कहा कि इस साल रमजान के दौरान पाकिस्तान ने काबुल के ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट अस्पताल पर बर्बर हवाई हमला किया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन का हवाला देते हुए कहा कि इस हमले में 269 नागरिकों की मौत हुई और 122 लोग घायल हुए थे। यह हमला ऐसे अस्पताल पर हुआ, जिसे किसी भी तरह सैन्य ठिकाना नहीं कहा जा सकता। पर्वथनेनी ने पाकिस्तान पर अंधेरे में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूएन के मुताबिक, पाकिस्तान की सीमा पार हिंसा के कारण 94 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए।



# क्यूबा पर कब्जे की तैयारी में ट्रंप

## ■ अमरीका में पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर हत्या का केस दर्ज



**वॉशिंगटन।** अमरीका के न्याय विभाग ने क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर हत्या का मामला दर्ज किया है। इसके बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार को भी वेनेजुएला की तरह ही गिराने की कोशिश कर सकते हैं।

94 साल के राउल कास्त्रो आज भी क्यूबा की राजनीति में काफी प्रभाव रखते हैं। उन पर ये आरोप क्यूबा की वायुसेना के दो अमरीकी प्लेन को मार गिराए जाने से जुड़े हैं। साल 1996 की इस घटना में मियामी स्थित कास्त्रो-विरोधी मानवीय समूह 'ब्रदर्स टू द रेस्क्यू' के चार सदस्यों की मौत हो गई थी। राउल कास्त्रो उस समय क्यूबा के रक्षा मंत्री थे। इस घटनाक्रम से क्यूबा और अमरीका में तनाव बढ़ सकता है। राउल कास्त्रो, क्यूबा के दिवंगत नेता फिदेल कास्त्रो के छोटे भाई हैं। फिदेल कास्त्रो ने ही 1959 में क्यूबा की कम्युनिस्ट क्रांति का नेतृत्व किया था और वह लंबे समय तक अमरीका के बड़े विरोधी माने जाते थे। रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने मियामी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमें उम्मीद है कि वह अपनी मर्जी से या किसी दूसरे तरीके से यहां आएंगे और जेल जाएंगे। हत्या के अलावा राउल कास्त्रो पर अमरीकियों की हत्या की साजिश रचने और विमान नष्ट करने का आरोप लगाया गया है। अमरीका की ओर से हालिया महीनों में लगातार क्यूबा को सैन्य दखल की धमकियां दी गई हैं।

CENTRAL PUBLIC SCHOOL
Estd.: 1994
AFFILIATED TO C.B.S.E. (10+2), NEW DELHI
AZAMGARH, UTTAR PRADESH - 276001



CPS JAFARPUR — AFFILIATED TO C.B.S.E. (10+2)
CPS MUBARAKPUR — AFFILIATED TO C.B.S.E. (10+2)
CPS PHARIHA — AFFILIATED TO STATE BOARD
CPS BHIWANDI — AFFILIATED TO C.B.S.E. (10+2)

REQUIRES FOLLOWING STAFF FOR THE SESSION, 2026-2027 FOR AZAMGARH (U.P.) & BHIWANDI (MUMBAI)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Teacher (PGT & TGT) English, Physics, Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Physical Education, Business Studies, Social Science, Computer, Hindi, Geography | PGT – M.A./M.Sc./M.Com. & B.Ed. TGT – B.A./B.Sc./B.Com. & B.Ed. Computer Teacher – BCA/B.Sc.-IT/ M.Sc.-Comp. Sci./M.C.A. & B.Ed. | Music & Dance Teacher | Certificate/Diploma in Music/Dance Course with Experience |
| | | Librarian | B.Lib/M.Lib with Experience |
| | | Physical Education Teacher | B.P.Ed./M.P.Ed. |
| Teacher (PRT & NTT) English, Maths, Science, Social Science, Computer | PRT – B.Sc./B.Com/B.A. & B.Ed./ D.El.Ed NTT – Graduate with Diploma in Early Childhood Care or Diploma in Montessori & Kindergarten | Counsellor | Masters in Psychology/Cli.Psychology |
| | | Special Educator | Graduate/Postgraduate with Degree in Special Education |
| | | Asstt. Teachers/Helpers for Pre-primary / Mother Teachers/H.R. Manager | Graduate with Experience of Handling Pre-Primary Children, Nurse, Accountant |

Website Developer, Graphics Designer, Data Operator, Receptionist | Vice Principal/Coordinator with PGT Qualification along-with 5 Years of Administrative Experience

SALARY: RS. 15,825/- TO RS. 55,000/- PER MONTH (CONSOLIDATED)

Note: Interested candidates are requested to submit their full Bio-data/CV to School Office or through Email at cps.azh@gmail.com or khanazad.ahmad@gmail.com in Fifteen Days.

PREFERENCE WILL BE GIVEN TO EXPERIENCED, ENGLISH-SPEAKING AND FEMALE CANDIDATES

ACCOMODATION FACILITY AVAILABLE

REKHA SINGH, DIRECTOR (CONT.: 9335239069) AYAZ AHMAD KHAN, FOUNDER (CONT.: 9198566542)

REGISTRATION OPEN SESSION: 2026-27
FOR FURTHER DETAILS CONTACT AT 8090620567, 9911950326
Visit us at: www.centralpublicschool.in, www.cpsmubarakpur.in, www.cpsbhiwandi.in

# मंदिरों से मोहल्लों तक पहुंची जनगणना टीम, शुरू हुई भवनों की गिनती

**इस्कॉन टेम्पल, कुष्मांडा मंदिर और बाणेश्वर महादेव मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों का हुआ सूचीकरण**



अवधनामा संवाददाता

**कानपुर नगर।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत शुक्रवार से जनपद में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य शुरू हो गया। सुबह से ही प्रगणक गांवों, मोहल्लों और बाजारों में पहुंच गए। कहीं मकानों पर नंबर लिखे गए तो कहीं मंदिर, धर्मशाला, होटल और दुकानों का विवरण दर्ज किया गया। अब 20 जून तक जनपद के प्रत्येक वार्ड और गांव में भवनों एवं परिवारों से जुड़ी सूचनाएं संकलित की जाएंगी। पूरे अभियान के लिए जनपद में 10621 प्रगणक एवं सुपरवाइजर लगाए गए हैं।

आज विभिन्न क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी सूचीकरण किया गया। प्रगणकों ने इस्कॉन टेम्पल, कुष्मांडा मंदिर घाटमपुर सहित विभिन्न मंदिरों का विवरण दर्ज किया। नगर पालिका परिषद घाटमपुर के वार्ड गांधी नगर स्थित प्राचीन बाणेश्वर महादेव मंदिर का मकान सूचीकरण भी निर्धारित प्रारूप के अनुसार किया गया।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्वगणना का चरण समाप्त हो चुका है और अब प्रगणक निर्धारित प्रारूप के अनुसार घर-घर जाकर जानकारी संकलित कर रहे हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे प्रगणकों का सहयोग करें और मांगी गई सूचनाएं सही रूप में उपलब्ध कराएं।

उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में भवनों की गणना की जा रही है। इसमें भवन की स्थिति, उसका उपयोग, पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई ईंधन तथा उपलब्ध सुविधाओं सहित कुल 33 प्रकार की सूचनाएं दर्ज की जाएंगी। इस चरण में आवासीय भवनों के साथ मंदिर, धर्मशाला, होटल, दुकान तथा अन्य संस्थानों का भी विवरण संकलित किया जा रहा है। इसके बाद फरवरी 2027 में दूसरे चरण के अंतर्गत व्यक्तियों की गणना की जाएगी। सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के पास अधिकृत पहचान पत्र रहेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है। उन्होंने कहा कि नागरिक प्रगणकों को सही एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं।

# विधायक ने नुमाइश कैम्प जेई को बुलाकर ठीक कराई विधुत आपूर्ति

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के बीच गोपाल नगर क्षेत्र में सतगुरु दयाल मंदिर के सामने अचानक एक फेज उड़ जाने से सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। देर रात नागरिकों की परेशानी की सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधि तत्काल हरकत में आ गए। नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं स्थानीय पार्षद राहुल झाम्ब रात्रि करीब 2:30 बजे स्वयं मौके पर पहुंचे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों नेताओं ने तत्काल स्थानीय नुमाइश कैम्प जेई को फोन कर व्यवस्था प्रभावित स्थल पर बुलाया जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और सख्त निर्देश के बाद बिजली विभाग की टीम ने युद्धस्तर पर कार्य कर फॉल्ट को ठीक किया और बिजली आपूर्ति बहाल कराई। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक भी मौके पर मौजूद रहे और आधी रात में समस्या का समाधान होते देख राहत की सांस ली। विधायक राजीव गुम्बर ने इस अवसर पर कहा, जनसेवा का कोई निश्चित समय नहीं होता। जनता ने जो विश्वास हम पर जताया है, उस पर खरा उतरना हमारा पहला धर्म है। गर्मी में बिजली न होना किसी त्रासदी से कम नहीं, इसलिए हम स्वयं मौके पर आए। पार्षद राहुल झाम्ब ने कहा कि सतगुरु दयाल मंदिर जैसे व्यस्त क्षेत्र में फेज फॉल्ट से पूरा इलाका अंधेरे में था। विधायक के नेतृत्व में हमने तत्काल बिजली विभाग को सक्रिय किया। हम विभाग से यह भी मांग करते हैं कि जर्जर तारों और ओवरलोड ट्रांसफार्मर की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि जनता को बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े। स्थानीय निवासियों ने आधी रात को मौके पर पहुंचकर समस्या सुलझाने के लिए विधायक राजीव गुम्बर एवं पार्षद राहुल झाम्ब का से आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास से संबंधित आयोजित की गई समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बदायूं।** जनपद की प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों से संबंधित एक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में किया गया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में प्रभारी मंत्री गुलाब देवी द्वारा अधिकारियों को लगन व निष्ठा से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात से पूर्व ही नालों सफाई करा दी जाए तथा बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाओं में पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था तथा छांव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।बैठक में मौजूद

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों को अधिकारी समय-समय पर चेक करें। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था में लोकल ब्रेकडाउन से आमजन प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां बिजली घरों को उच्चिकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत आगामी एक महीने के लिए ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था की जाए कि खराब तार व लाइन आदि को तत्काल ठीक कराया जा सके, जिससे आमजन प्रभावित न हो। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा ताकि आमजन को इससे परेशानी ना हो।

सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने ग्रामीण पाइप पेयजल मिशन योजना में कराए जा रहे कार्यों के दृष्टिगत पाइप बिछाने के लिए, किए गए सड़कों के गड्ढों को ठीक कराने के लिए कहा। विधान परिषद विधायक वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक ने कहा कि जनपद में 162 कोल्ड स्टोरेज है, इसमें भी विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जनपद के विकास कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी निधि चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीमोहन झा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकार ने डॉ लाल जी निर्मल विधान परिषद सदस्य का किया जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति नगर निगम जलकल कानपुर की तत्वाधान में डॉक्टर लालजी निर्मल विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश से एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर उनका स्वागत किया और नगर निगम कानपुर के वर्तमान में कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई समिति के कर्मचारी नेताओं ने डॉक्टर निर्मल जी को बताया की नगर आयुक्त द्वारा 6000 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी सहित अन्य संवर्ग के कर्मचारियों को ई टेंडरिंग द्वारा तीन चरणों में आमंत्रित निविदा से अलग कर दिया है, इनको अब निजी कंपनी में नहीं भेजा जायेगा।

विदित हो कि डॉ निर्मल जी द्वारा निजीकरण प्रकरण में नियम 115 के अंतर्गत विधान परिषद में प्रश्न उठाया था, जिससे संघर्ष समिति के आंदोलन को काफी बल मिला था, उनको यह भी अवगत कराया गया की मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम गठित कर बजट भी आवंटित कर दिया गया है शासनादेश तक जारी हो चुका है, जिसको तत्काल रूप से प्रभावी किया जाना अति आवश्यक है, क्योंकि रुपया 10,000/ में कर्मचारियों के परिवार का पोषण हो पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। डॉ निर्मल जी ने कर्मचारी नेताओं को आस्वस्थ किया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से बात कर लागू कराया जाएगा। डाक्टर निर्मल जी को यह भी अवगत कराया गया कि नगर निगम कानपुर में 631कर्मचारी अचयनित संविदा पर विगत 20 सालों से कार्य कर रहे उनको भी मात्र दस हजार ही मिल रहा है नगर निगम सदन में प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा गया कि इनको संविदा में कर दिया जाए जो व्यय भार आयेगा नगर निगम वहन करेगा,लेकिन शासन प्रकरण लंबित है इस संबंध में माननीय ने लिखित रूप से पत्र मांगा है।

# गर्मी के चलते अब बिजली विभाग के ट्रांसफार्मरों ने भी दम तोड़ना शुरू कर दिया

**लखीमपुर-खीरी ।** मई के महीने में सूरज के तीखे तेवरों और चिलचिलाती धूप के कारण पारा लगातार आसमान छू रहा है। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के चलते अब बिजली विभाग के ट्रांसफार्मरों ने भी दम तोड़ना शुरू कर दिया है। हालांकि राहत की बात यह है कि अभी तक शहर के मुख्य इलाकों में बहुत ज्यादा ट्रांसफार्मर नहीं फुंके हैं, लेकिन पिछले महज एक हफ्ते के भीतर ही करीब दो से तीन बड़े ट्रांसफार्मर धड़ाम हो चुके हैं बिजली संकट का ताजा मामला नई बस्ती उपकेंद्र का है, जहां से संचालित बहादुर नगर मोहल्ले में लगा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक फुंक गया। गनीमत रही कि विभाग ने तत्परता दिखाते हुए वहां मोबाइल ट्रांसफार्मर खड़ा कर दिया, जिससे बिजली की वैकल्पिक सप्लाई चालू की जा सकी।

# दलित मित्र हैं, सीएम योगी आदित्यनाथ : डॉ0 निर्मल

**दलित हितों के संरक्षण और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है योगी सरकार : डॉ0 लालजी**

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** सभापति, दैवीय आपदा प्रबन्धन एवं जांच समिति/सदस्य विधान परिषद एवं उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पूर्व चेयरमैन डॉ0 लालजी प्रसाद निर्मल ने गुरुवार को सर्किट हाउस, कानपुर में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सीवर सफाई, आपदा प्रबंधन एवं जनसुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी भी सफाई कर्मी को सीवर में उतारे जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बरसात से पूर्व जलभराव वाले क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कराने तथा आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के उपरांत आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ0 लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दलित समाज के सच्चे हितैषी हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश में दलितों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ0 भीमराव आंबेडकर के सम्मान में प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में उनका चित्र स्थापित कराने का कार्य किया है। साथ ही लखनऊ के ऐशबाग क्षेत्र में डॉ0 आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 25 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा, पुस्तकालय, संग्रहालय, विपश्यना केन्द्र तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेक्षागृह विकसित किया जा रहा है।

डॉ0 निर्मल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा डॉ0 आंबेडकर की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवाल एवं छत्र निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में हाथ से मैला उठाने जैसी अमानवीय प्रथा पर प्रभावी रोक लगी है।

उन्होंने कहा कि सीवर सफाई के दौरान किसी सफाई कर्मी की मृत्यु होने की स्थिति में उसके परिजनों को 30 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुआवजे की धनराशि संबंधित संस्था अथवा जिम्मेदार व्यक्ति से वसूल की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।

# बिजली न आने से परेशान लोगों ने पावर हाउस पर किया धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** लगातार हो रही भीषण गर्मी के बीच बिजली न आने और बेहद लो वोल्टेज से परेशान व्यापारियों और अन्य लोगों ने पावर हाउस पर धरना-प्रदर्शन किया। रविवार रात से शुरू हुई बिजली की ट्रिपिंग के बाद सोमवार से चौबीस घंटों में बामुश्किल दो-तीन घंटे आ रही बिजली ने लोगों को जार-जार रुला दिया। बिजली न आने से लोगों का रात में सोना दुश्वार हो गया है।

अंधेरे घरों में पड़े लोग भीषण गर्मी में बिजली न होने से महकमे को कोसते रहे। उनके इनवर्टर और मोबाइल फोन तक डिस्चार्ज हो चुके हैं। धरने पर बैठे लोगों ने वार्ता को आए ईई से बिजली आपूर्ति जल्द सुधारने की मांग की बताया जाता है कि रकेहटी नगर व्यापार मंडल की ओर से ज्ञापन दिए जाने के बाद बिजली विभाग ने रविवार को रकेहटी कस्बे को निघासन कस्बे की बिजली सप्लाई के साथ जोड़ दिया था। इसके बाद रविवार रात से ही शुरू हुई बिजली की ट्रिपिंग आखिरकार तगड़ी कटौती में बदल गई। आलम यह है कि बीते तीन दिनों से निघासन कस्बे में लोगों को चौबीस घंटे में टुकड़ों में बामुश्किल दो से तीन घंटे बिजली मिली होगी। शहरी क्षेत्र के इस बुरे हाल के साथ-साथ गांव की हालत तो और भी बदतर है। दो से तीन घंटे टुकड़ों में जो बिजली मिलती भी है, उसमें वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखों के पर महज हिलते नजर आते हैं। लोगों के फ्रिज, पंखे, कूलर आदि उपकरण तक नहीं चल पा रहे हैं। बल्ब जुगनू की तरह टिमटिमाते दिखते हैं। इस कारण जो बिजली दी भी जा रही है, उससे लोगों का कोई भला नहीं हो पा रहा है। कस्बे में तमाम लोगों के यहां हैंडपंप नहीं हैं और वे सबमर्सिबल पंप के सहारे रहते हैं। बिजली न आने से ऐसे परिवारों को पानी की बहुत दिक्कत उठानी पड़ी। लोगों का नहाना-धोना तो दूर खाना बनाने और पीने तक का पानी बाहर से ढोकर लाना पड़ा। उनके मोबाइल तक कई दिनों से डिस्चार्ज पड़े हैं।

# भीषण धूप से लोगों को बचायेगी ग्रीन नेट

**नगर निगम ने लोगों को धूप से बचाने के लिए की नयी पहल**

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर भीषण गरमी से लोगों को राहत के लिए नगर निगम ने एक और नयी व प्रभावी पहल की है। शहर के अनेक प्रमुख चैराहों पर ग्रीन नेट लगायी गयी है, जिससे चिलचिलाती तेज धूप से लोगों को बचाया जा सके। इसके अलावा इन चैराहों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम भी लगाया जा रहा है। जिससे तापमान में न केवल कमी आयेगी बल्कि पानी की हल्की फुहार लोगों को सुखद और शीतलता का अहसास भी करायेगी। लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए शहर में 15 नये स्थानों पर कूलर भी लगवाए गए हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए लगातार ठोस काम कर रहा है। भीषण गरमी को देखते हुए निगम ने एक ऐसी प्रभावी पहल की है जिससे लोगों को निश्चय ही राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख चैराहों पर टैऊफिक व्यवस्था के चलते लोगों को कुछ देर रुकना पड़ता है, लेकिन तेज धूप और तपिश के कारण थोड़ी देर खड़ा हो पाना भी मुश्किल हो जाता है। इन चैराहों पर प्रतीक्षा के दौरान सिर पर सीधे पड़ने वाली धूप से लोगों को बचाने के लिए मार्गो पर बाई ओर की साइड में ग्रीन नेट लगवायी गयी है। महापौर ने बताया कि उक्त चैराहों पर ग्रीन नेट के साथ ही मिस्ट स्प्रे सिस्टम भी लगवाये जा रहे हैं। मिस्ट स्प्रे से पानी की हल्की फुहार गरमी में लोगों को राहत देने का काम करेगी। इसके अलावा शहर में 15 स्थानों पर और नये कूलर लगवाये गये है ताकि लोगों को भीषण गरमी में शीतल जल उपलब्ध हो सके। जबकि 38 कूलरों के माध्यम से पहले ही लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा है। महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि कलक्ट्रेट, दीवानी कचहरी, हसनपुर चैराहा, घंटाघर व हॉस्पिटल चैराहे पर ग्रीन नेट व मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगवाये जा रहे हैं। अनेक चैराहों पर लगा दिए गए है बाकि चैराहों पर ग्रीन नेट लगाने का कार्य दो दिन में पूरा कर दिया जायेगा।

# दामाद ने ससुर की पीट-पीटकर की हत्या, आरोपी मौके से फरार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र में गुरुवार की देर रात दामाद ने ससुर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं आरोपी दामाद की तलाश में टीम में गठित की है।

बताया जा रहा है कि मामला आपसी विवाद से जुड़ा हुआ है कस्बे के हनिया टोला निवासी गणेश 50 ने बेटी का विवाह कस्बे के ही मोहल्ला जिंसी में किया था। गणेश अपनी बेटी से मिलने आया था। इसी दौरान देर रात किसी बात को लेकर गणेश का दामाद कमल से विवाद हो गया। इस दौरान उसने उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। ग्रामीणों का कहना था कि घटना के समय कमल नशे में धुत था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हत्या की वारदात के बाद आरोपी दामाद पुलिस की पकड़ से भाग निकला था। ससुर की हत्या के बाद युवक ने बनाई वीडियो, कहा-मेरा बदला पूरा हो गया है।

# विधायक ने डीएम के समक्ष रखीं बेहट क्षेत्र की समस्याएं



**सहारनपुर।** बेहट विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमर अली खान ने शुक्रवार को जिला अधिकारी अरविंद कुमार चैहान से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को उठाया। इस दौरान उनके साथ राकेश प्रधान (अब्दुल्लापुर), मूदा प्रधान, ताहिर प्रधान एवं चैधरी मुकर्रम भी मौजूद रहे। विधायक ने क्षेत्र में सड़क एवं संपर्क मार्गो की खराब स्थिति को प्रमुखता से उठाते हुए जल्द कार्यवाही की मांग की। जिला अधिकारी ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक द्वारा जिन प्रमुख विकास कार्यो की मांग की गई, उनमेंकृ बेहटदृशाकुंभरी मार्ग पर ग्राम अब्दुल्लापुर के क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग का पुनर्निर्माण। ग्राम मिर्जापुर से हबीबपुर तपोवन संपर्क मार्ग का पुनः निर्माण। गंदेवड़दृचिलकाना मार्ग पर ग्राम बरताकायस्थ से गंदेवड़ तक नई सड़क निर्माण कार्य कराया जाना शामिल है। विधायक उमर अली खान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रशासन के समक्ष जनहित के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी ।** थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में आज दिनांक 22.05.2026 को सैदीपुर मोड के पास से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त शुभम पुत्र रारसरन निवासी ग्राम कहारनपुरवा थाना व जिला खीरी उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शुभम उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 341/2026 धारा 69/351(3)/115(2) बीएनएस पंजीकृत था। अभियुक्त मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है।

# 26 मई को हो जाएगा प्रधानों का कार्यकाल समाप्त

**लखीमपुर-खीरी।** प्रधानों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है। 26 मई को कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। इसलिए अब ग्राम पंचायतों में चल रहे कामों, भुगतान पर अफसरों की सीधी नजर है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया है कि पहले से जो काम चल रहे हैं वह काम पूरे होने और अभिलेख दुरुस्त होने पर भुगतान किया जाए। इसके अलावा प्रधानों, पंचायत सहायकों और केयरटेकरों का भुगतान समय से कर दिया जाए। हालांकि चालू वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायतों की नई कार्ययोजना पास न होने के कारण नए कार्य शुरू नहीं हो पा रहे हैं। पुरानी कार्ययोजना के जो काम बचे हैं वही काम कराए जा सकते हैं डीपीआरओ, एडीओ पंचायतों की बैठक और सचिवों की वीसी में सीडीओ ने कहा कि कई पंचायतों में जल्दबाजी में भुगतान करने की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में जो काम पहले की कार्ययोजना से चल रहे हैं उन पर नजर रखी जाए।

# ऋण की धीमी प्रगति पर नाराज जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

बृजेश कुमार शुक्ल



**बस्ती ।** कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की सम्पन्न संयुक्त बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के चतुर्थ त्रैमास मार्च 2026 के वार्षिक ऋण योजना और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में बैंको को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले की ऋण जमा (सीडी) अनुपात की त्रैमासिक प्रगति को देखा। बैंको को इसे सुधारने के कड़े निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा ऋण वितरण की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित की योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेंगी। वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों को समय से पूरा करने के लिए सभी बैंक प्रबंधको को आपसी समन्वय के साथ काम करें।

जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्तीय सहायता योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मत्स्य किसान क्रेडिट योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति और ऋण वितरण स्थिति की जॉच की गयी। जिलाधिकारी ने बैंक से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवाओं और छोटे उद्यमियों के लोन प्रस्तावों को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाय।

बैठक में एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सरोज मिश्र, गुलाब चन्द्र सोनकर, मो. सलीम ने अवगत कराया कि बैंक द्वारा ऋण आवेदन को बिना कारण स्पष्ट किए हुए अस्वीकृत कर दिया जाता है। जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कारण स्पष्ट करते हुए संबंधित के संज्ञान में लाया जाय अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की संस्तुति की जायेंगी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पाया गया कि केनरा बैंक, सेण्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, इण्डियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बैंक आफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्रा और इण्डियन ओबरसीज बैंक लक्ष्य के सापेक्ष ऋण का वितरण कम किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अग्रणी बैंक आरबीआई मिस पल्लवी सोम, डीडीएम नाबार्ड मनीष कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक संतोष कुमार, मुख्य कार्यकारी मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, सीवीओ डा. अरूण गुप्ता, एलडीएम आरएन मौर्य, मुख्य प्रबंधक आरएसीसी भारतीय स्टेट बैंक मनीष कुमार सिंह सहित संबंधित जिला समन्वयक उपस्थित रहें।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर चोर

**सहारनपुर।** कोतवाली नकुड़ पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आभूषण एवं नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को वादी जुलफान पुत्र बरकत निवासी बिसलहेड़ा थाना नकुड़ ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसके घर में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी की ज्वैलरी व 60/65 हजार रूपए चोरी कर लिए हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। नकुड़ कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक रणवीर सिंह व उपनिरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों लखन उर्फ आनंद पुत्र रमेश निवासी ग्राम भोगी माजरा थाना गंगोह व इमरान पुत्र रोशन निवासी ग्राम बिसलहेड़ा थाना नकुड़ को नयागांव रोड स्थित बंद पड़े पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# सिंचाई व जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में विधान भवन में उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति एवं सिंचाई विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनहित एवं प्रदेशहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। बैठक में सहारनपुर देहात विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं याचिका समिति सदस्य आशु मलिक ने क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रमुख सचिव को पत्र के माध्यम से अवगत कराया। इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी प्राप्त हुआ। विधायक ने ग्राम मालाहेड़ी क्षेत्र में पूर्वी यमुना नहर से जुड़े क्षतिग्रस्त इनलेट एवं पटरी के पुनर्निर्माण का मामला उठाया, जिससे बरसात का पानी न निकल पाने के कारण जलभराव और किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। ग्राम पंचायत ककराला से होकर गुजर रहे टूटे हुए रजवाहे के पुनर्निर्माण की मांग भी की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम नलहेड़ा गाजी एवं ग्राम चन्द्रौली में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकारी नलकूप/ट्यूबवेल स्थापित कराने का अनुरोध किया गया।

# किसानों के हक के लिए जय जवान जय किसान ने आवाज की बुलंद



- यूनियन ने डीएम को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जय जवान जय किसान संगठन ने दलहन तिलहर केंद्रों का संचालित न करने, गेहूं खरीद केंद्र में बरदाना की कमी सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार को सौंपा गया।

जिलाधिकारी को संबोधित इस ज्ञापन में मांग की गई कि विगत दिनों किसानों से संबंधित जो भी सरकारी योजनाएं चल रही है, उनमें अव्यवस्था लंबित भुगतान भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाए साथ ही किसानों को धरातलीय लाभ पहुंचाया जाए। एमएसपी पर दलहन और तिलहन के आठ खरीद केंद्र 6 मई 2026 से प्रारंभ करने की घोषणा सहायक आयुक्त निबंध सहकारिता ने गई थी, जो अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं, जिस कारण किसान सस्ती दरों में बाजार में उपज बेचने को मजबूर है। इसी प्रकार गेहूं खरीद केंद्र में बारदाने की कमी बताकर कभी गोदाम भरा होने का बहाना बनाकर एमएसपी पर गेहूं खरीद नहीं की जा रही है, जिस कारण किसान खुले बाजार में 300 से 400 का घाटा उठाकर गेहूं बेचने को मजबूर है।

ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री फसल योजना में 2024 और 2025 में भारी धांधली की गई। बंजर, तालाब, पहाड़, वन विभाग सहित दूसरों की जमीन पर फसल बीमा कराकर भारी भ्रष्टाचार किया गया, जिसके सबूत प्रशासन को उपलब्ध कराये गये। इसके बाद भी कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई। इसी प्रकार फसल बीमा खरीद 2025 का भुगतान अभी तक नहीं किया गया, जबकि इसकी घोषणा कई बार की जा चुकी है। ज्ञापन देने वालों में जय जवान जय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह राजपूत, रामकुमार, राजेंद्र सिंह सहित तमाम किसान नेता व किसान मौजूद रहे।

## डीएम की पहल पर सीडीओ द्वारा विकास भवन परिसर में शीतल पेयजल प्याऊ की स्थापना की गई



**अवधनामा ब्यूरो**

**फर्रूखाबाद।** भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की पहल पर जनपद में आमजन को राहत प्रदान करने हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, विकास भवन परिसर में प्याऊ की स्थापना की गई, जिससे कार्यालय में आने वाले नागरिकों एवं कर्मचारियों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए आमजन को पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि गर्मी के मौसम में नागरिकों को अधिक से अधिक राहत पहुंचाने हेतु सहयोगात्मक भावना से कार्य करें।

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि विकास भवन परिसर में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्याऊ स्थापित कराया गया है, ताकि किसी को भी पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान विकास भवन में स्थापित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वनाथ मंदिर से हुआ हाउस लिस्टिंग का आगाज, प्रगणक करेंगे घरों का डिजिटल सर्वे

- जिले के 40 लाख से अधिक की आबादी की गणना के लिए 5800 प्रगणकों को प्रशिक्षित की ड्यूटी



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** देश की पहली डिजिटल जनगणना के तहत प्रथम चरण में मकान सूचिकरण गड़ना का आगाज शुक्रवार को से शुरू हुआ। काशी में इसकी सहायक नगर आयुक्त मृत्युंजय नारायण मिश्रा के नेतृत्व में शुरुआत बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर से की गई। अब प्रगणक (एन्युमरेटर) शहर के प्रत्येक घर तक पहुंचकर मकानों का ब्यौरा जुटाएंगे।

इस बार की जनगणना पूरी तरह से हाई-टेक है। पूरी प्रक्रिया मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित हो रही है, जिससे डेटा की सटीकता और पारदर्शिता बनी रहेगी। प्रगणक विशेष एप्लिकेशन के जरिए मकान और उससे जुड़ी संपत्तियों के संबंध में 33 महत्वपूर्ण सवालों का जवाब डिजिटल फॉर्मेट में दर्ज कर रहे हैं। इस क्रम में पूरे जिले को 14 चार्ज क्षेत्रों में बांटा गया है, जिसमें तहसीलें, नगर निगम के आठ जोन, नगर पंचायत, कैंटोनमेंट बोर्ड और बरेका जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यह व्यापक अभियान 20 जून तक चलेगा, जिसमें वाराणसी के हर एक घर को सूचीबद्ध कर लिया जाएगा। ?नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि जिले के 40 लाख से अधिक की आबादी की गणना के लिए 5800 प्रगणकों को प्रशिक्षित कर तैनात किया गया है। सभी प्रगणक और सुपरवाइजर अपने आवंटित क्षेत्र में पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें ड्यूटी कार्ड, जनगणना किट और संबंधित क्षेत्र के नक्शे उपलब्ध कराए गए हैं ताकि गणना कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक और सुपरवाइजर उनके घर पहुंचें, तो उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। हमारी जनगणना-हमारा विकास, सही जनगणना-सशक्त भारत के मूल मंत्र के साथ काशी को जनगणना-2027 में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# 'रॉयल गर्ल्स हॉस्टल' में पीएनजी सेवा शुरू

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** पीएनजी गैस आपूर्ति की दिशा में (गेल इंडिया) द्वारा वाराणसी में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के तहत महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए आज शुक्रवार को शिवपुर क्षेत्र स्थित 'रॉयल गर्ल्स हॉस्टल' में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। यह पहल शहर के शैक्षणिक एवं संस्थागत परिसरों को हरित ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। इस गैस आपूर्ति की शुरुआत गेल (इंडिया) लिमिटेड की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा की गई, टीम का नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी, उप महाप्रबंधक ( डीजी डीजीएम-प्रोजेक्ट्स) द्वारा किया गया।बताया गया कि, वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना का संपूर्ण संचालन एवं मार्गदर्शन सुशील कुमार, महाप्रबंधक के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि, 'रॉयल गर्ल्स हॉस्टल ', जहां लगभग 120 से 140 छात्राएं कोचिंग एवं अध्ययन के उद्देश्य से निवास करती हैं, पूर्व में अपने दैनिक संचालन हेतु प्रतिमाह लगभग 30 एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग करता था। हाल के दिनों में एलपीजी की उपलब्धता में आने वाली कठिनाइयों के कारण हॉस्टल प्रबंधन को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद अब यह समस्या पूर्णतः समाप्त हो जाएगी, जिससे छात्राओं को निर्बाध एवं सुचारु सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वाराणसी के जनता से पीएनजी स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि, इस पहल से न केवल एलपीजी संकट जैसी समस्याओं का समाधान हो रहा है, बल्कि वाराणसी के नागरिकों को एक विश्वसनीय,सुरक्षित एवं पर्यावरण - अनुकूल ऊर्जा विकल्प भी उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि, सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक ऊर्जा प्रणाली के साथ जुड़ें और इसके दीर्घकालिक लाभ प्राप्त करें।

## 'कॉकरोच जनता पार्टी' पर भाजपा नेता विकास राजपूत का हमला

**फर्रुखाबाद।** सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे 'कॉकरोच जनता पार्टी' ट्रेंड को लेकर अब राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गई हैं। भाजपा नेता विकास राजपूत ने इस ट्रेंड को देश और युवाओं के सम्मान के खिलाफ बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को मजाक और नकारात्मक राजनीति का हिस्सा बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे देश का युवा कभी स्वीकार नहीं करेगा।

विकास राजपूत ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' पर निशाना साधते हुए कहा, भारत का युवा कॉकरोच नहीं, शेर है शेर। यह केवल भारतीय युवाओं का अपमान नहीं, बल्कि देश के भविष्य के खिलाफ एक नकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देने का प्रयास है।

# बीएचयू में ड्रोन आधारित आधुनिक कृषि तकनीक पर कार्यशाला सम्पन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान एवं क्रॉपलाइफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को ड्रोन आधारित आधुनिक कृषि तकनीक एवं सुरक्षित फसल सुरक्षा उत्पादों के उपयोग पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान संस्थान स्थित शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 400 प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूहों की ड्रोन दीदियां, कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार चतुर्वेदी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. यू.पी. सिंह ने की। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आधुनिक कृषि को तकनीक आधारित, सुरक्षित और टिकाऊ बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इससे खेतों में सटीक छिड़काव, समय की बचत, लागत में कमी और किसानों को कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को केवल शिक्षा का केंद्र न मानते हुए ग्रामीण परिवर्तन और तकनीकी नवाचार का माध्यम बताया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय सिंह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का बढ़ता उपयोग किसानों के लिए नई संभावनाएं पैदा कर रहा है। उन्होंने कृषि विभाग, विश्वविद्यालयों और उद्योग जगत के बीच समन्वय को आवश्यक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं ग्रामीण युवाओं और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती हैं।

कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. यू.पी. सिंह ने कहा कि ड्रोन आधारित प्रिसिजन फार्मिंग भविष्य की कृषि व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है। उन्होंने वैज्ञानिकों और उद्योग जगत से ड्रोन के माध्यम से खरपतवारनाशी के प्रभावी उपयोग पर शोध को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ड्रोन दीदियों द्वारा ड्रोन संचालन और पीपीई किट के साथ लाइव फील्ड डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने काफी उत्साह के साथ देखा। कार्यशाला में सुरक्षित कृषि रसायन प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, लेबल रीडिंग और फसल सुरक्षा उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग पर व्याख्यान भी आयोजित किए गए।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त, जर्जर वाहनों पर चलेगा अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देश पर परिवहन, यातायात पुलिस एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जर्जर, मानक विहीन एवं बिना फिटनेस वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति का गठन एवं नियमित बैठकें अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराई जाएं। साथ ही विद्यालय प्रबंधन को वाहन फिटनेस, चालक सत्यापन, सीसीटीवी, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसी क्रम में शहरी, कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ पुलिस अधीक्षक यातायात, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की रोस्टर निर्धारित कर बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जारी सुरक्षा नियमों की जानकारी साझा कर विद्यालय संचालकों को जागरूक किया जाएगा।

प्रशासन द्वारा स्कूलों में वाहन उपलब्ध कराने वाले ट्रांसपोर्टरों, टेंपो एवं अन्य सवारी वाहन संचालकों की सूची तैयार कर थाना स्तर पर भी बैठकें आयोजित करने की भी तैयारी की जा रही है। इन बैठकों में सुरक्षित वाहन संचालन, यातायात नियमों के पालन एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

# बकरीद की आखिरी बाजार में उमड़ी लोगों की भारी भीड़, 30 हजार रुपये तक में बिका मनपसंद बकरा

- बकरीद को लेकर शुक्रवार को बकरों की आखिरी बाजार होने कारण पशु बाजार रहा गुलजार

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शहर के पशु बाजार में ईद उल अजहा (बकरीद) त्योहार में कुर्बानी के लिए शुक्रवार को बकरों की आखिरी बाजार होने कारण लोगों का भारी हुजूम उमड़ा। पशु बाजार में शहर के अलावा जिले की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के छतरपुर, लवकुश नगर, गढ़ी मलहरा, नौगांव सहित अन्य जगहों से मुस्लिम समुदाय के लोग बकरा खरीदने के लिए पहुंचे, जिसके चलते बकरा व्यापारियों ने महंगों दमों पर बकरों को बेंचा गया। त्योहार से पूर्व लगाई गई पशु बाजार में लोगों ने कुर्बानी के लिए जमकर बकरों की खरीददारी कर उन्हें घर ले गए।

28 मई को ईद उल अजहा त्योहार मनाया जाना है। इस पर्व पर मुस्लिम समुदाय ज्यादातर घरों में कुर्बानी कराते है, जिसको लेकर शहर के शुक्रवारी पशु बाजार में शुक्रवार को बकरों की सबसे ज्यादा बिक्री की गई। बकरा व्यापारियों ने कई किस्म के बकरों की बाजार सजाई गई, जिसे देख लोगों ने जमकर बोली लगाई, जिसके चलते एक बकरा 30 हजार रुपये तक में बेंचा गया। बाजार के इस बार दूर दूर से व्यापारी बकरों को लेकर आए। बाजार में सात हजार से लेकर चालीस हजार तक के बकरे बाजार में नजर आए, लेकिन कुर्बानी के लिए लोग अच्छे से अच्छा और सस्ता बकरा खरीदने में घंटों बाजार की खाक छांनते रहे, तब कहीं जाकर उन्हें मनपसंद बकरा मिल सका।

पशु बाजार में गुरुवार की देर शाम से बकरों को वाहनों में लादकर व्यापारी पहुंच गए। शुक्रवार की सुबह से ही कुर्बानी के लिए बकरा खरीदने वालों की भीड़ उमड़ी जो देर शाम तक लगी रही, जिससे पशु बाजार बकरों, व्यापारियों, खरीददरों के अलावा वाहनों से खचाखच भरा नजर आया। वहीं बाजार समिति ने भी भारी भीड़ को देखते हुए पहले से इंतजाम कर लिए गए थे और आए हुए व्यापारियों की रसीद काटने के साथ साथ बिना इंट्री फीस के बाजार के अंदर आने वालों को पकड़कर उनका चालान किया गया। वहीं जगह कम पड़ने पर बड़े वाहनों को साइड मे कराकर मंडी समिति के लोगों के लिए जगह बनवाई।

बकरीद अनकरीब होने के कारण शुक्रवार को पशु बाजार परिसर हाउस फुल नजर आया, बाजार में लोगों को पैर रखने तक की जगह नही मिली। व्यापारी अपने बकरों को रस्सियों से बांधकर उनके चारो तरफ अपने साथ लाए लोगों को खड़ा दिया, जिससे उनका कोई भी जानवर इधर से उधर न हो सके। पशु बाजार में रस्क ज्यादा होने के कारण बकारा व्यापारियों और खरीददारियो की भीड़ तहसील चैराहा रोड से लेकर पुराने प्राइवेट बस स्टैंड सड़क तक लगी रही, इसके अलावा आसपास की गलियां भी बकरों और खरीददारों से भरी रही।

## लू-प्रकोप को लेकर प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, दोपहर 11 से 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें

**अलीगढ़।** लगातार बढ़ते तापमान एवं लू-प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा प्रमोद कुमार ने जनहित में जारी एडवाइजरी में कहा है कि दोपहर 11 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें और धूप में निकलते समय टोपी, गमछा, छाता और धूप के चश्मे का उपयोग करें। बाहर यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। प्रशासन ने लोगों से यह भी कहा है कि धूप में खड़े बंद वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को बिल्कुल न छोड़ें। घर को ठंडा रखने के लिए पर्दों एवं वेंटिलेशन का उपयोग करें और मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों पर लगातार नजर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग एवं सावधानी ही लू-प्रकोप से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। जिला प्रशासन सभी संबंधित विभागों के साथ स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने लोगों से अपील की है कि तेज गर्मी और गर्म हवाएं स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। ऐसे में नागरिक सावधानी बरतकर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि लू लगने पर शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना बंद होना, सिरदर्द, उल्टी-दस्त, त्वचा का लाल एवं सूखा होना, मांसपेशियों में ऐंठन तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार एवं ठंडे स्थान पर ले जाकर प्राथमिक उपचार दें और आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस सेवा 108 पर संपर्क कर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ एवं आम का पना का सेवन लाभकारी है।

## पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल में शिविर लगाकर 100 लोगों की हुई एचआईवी, क्षय रोग की नि:शुल्क जांच



**बस्ती।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव निगम और क्षय रोग अधिकारी डा. ए.के. गुप्ता के दिशा निर्देशन में पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कॉलेज गोटवा में शिविर लगाकर 100 लोगों की एचआईवी, क्षय रोग आदि की नि:शुल्क जांच किया गया।हास्पिटल के प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने बताया कि सीएमओ द्वारा 100 किट उपलब्ध कराया गया था और सभी किटों का उपयोग कर लोगों की जांच किया गया। जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेज दिया गया है। डा. वर्मा ने कहा कि किट के माध्यम से लोगों की आसानी से रोगों की जांच हो जाती है और जांच रिपोर्ट के बाद इलाज आसान हो जाता है। मरीजों के लिये ऐसे शिविर बहु उपयोगी है। उन्होने बताया कि शिविर के संचालन में सीएमओ कार्यालय से आये आदित्य कुमार मिश्र, प्रज्ञा पाण्डेय, रेनू यादव और नीतू त्रिपाठी ने सहयोग किया।

## साइबर अपराध के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती ।** बस्ती कोतवाली में 5 जुलाई 2025 को एक सर्राफा व्यवसाई की तहरीर पर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस को आज एक और सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना राम कुमार राजभर मय टीम ने सूचना पर अमहट फोर लेन के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी विशाल वर्मा पुत्र सालिक राम वर्मा निवासी ग्राम सपहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा का बताया गया है और उसके कब्जे से दो मोहर खुशी इन्टरप्राइजेज व मुस्कान इन्टरप्राईजेज के नाम से, नौ पन्ने का बंधन बैंक का चेक बुक, एक HDFC बैंक का डेबिट कार्ड, परिचय पत्र , एक AIRTEL SIM, एक एड्रायड मोबाइल, पैन कार्ड आधार कार्ड,पजांब नेशनल बैंक का एक पासबुक बरामद किया है।

# महोबा पुलिस का डिजिटल कदम - विवेचना अधिकारियों को मिले 92 टैबलेट, थानों में डिजिटल होगी जांच

- एसपी व एएसपी ने विवेचना अधिकारियों को वितरित किए टैबलेट

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय के आदेश के क्रम में एवं नवीन आपराधिक अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के मद्देनजर जनपद में पुलिसिंग को और अधिक सशक्त एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई। आज 22 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त विवेचना अधिकारियों को कुल 92 अदद टैबलेट वितरित किए गए। इन टैबलेट्स का उद्देश्य विवेचना कार्य को डिजिटल, पारदर्शी एवं तीव्र बनाना है।

उक्त क्रम में 17 मई 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन सभा कक्ष में सहायक उपनिरीक्षक रहमान रशीद एवं सहायक उपनिरीक्षक अंकुर जायसवाल की उपस्थिति में समस्त विवेचना अधिकारियों को टैबलेट के प्रभावी उपयोग के लिए विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण ऐप्स के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

डिजिटल साक्ष्यों के सुरक्षित संग्रहण एवं न्यायालय में प्रस्तुतिकरण के लिए। जनसामान्य की शिकायत एवं पुलिस सेवाओं के ऑनलाइन प्रबंधन के लिए। भाषा अनुवाद एवं वॉयस-टू-टेक्स्ट सुविधा के माध्यम से विवेचना में सहायता के लिए। न्यायालयीन समन की डिजिटल तामील एवं ट्रैकिंग के लिए। विवेचना प्रबंधन, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग को सुदृढ़ करने हेतु

इस पहल के माध्यम से महोबा पुलिस द्वारा तकनीक आधारित आधुनिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए विवेचना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे इन डिजिटल संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाया जा सके।

## सुमन सिंह चौहान के प्रस्ताव पर बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर परिसर में होगा विकास कार्य

**बस्ती ।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन सिंह के प्रस्ताव पर श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर के विकास हेतु पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 19 करोड़ के विकास कार्य कराये जायेंगे। यह जानकारी देते हुये सुमन सिंह ने बताया कि उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह को श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र के विकास के लिये प्रस्ताव दिया था। इस पर उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन संजीव कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दिया है कि प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है।

भजपा की वरिष्ठ नेता सदस्य सुमन सिंह ने बताया कि श्री भद्रेश्वरनाथ मंदिर पौराणिक मंदिर है। प्रति वर्ष लाखों की संख्या में यहां श्रद्धालु पहुंचते हैं और श्रावण मास में तो पूर्वान्चल के अनेक जनपदों के श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ती है। श्रद्धालुओं की बढती आस्था को देखते हुये संसाधन पर्याप्त नहीं है।

# बारिश से पहले नगर पालिका ने चलाया नाला सफाई अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पालिका प्रशासन पक बारिश से पहले जल निकासी के लिए शहर के नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नाला सफाई अभियान के लिए करीब आधा सैकड़ा सफाई कर्मचारियों को लगाया गया, जो तेज धूप से बचने के लिए सुबह से करीब 11 बजे और शाम पांच बजे से सात बजे तक सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं, जिससे बारिश से पहले नाला सफाई कार्य को कर लिया जाए। सफाई कर्मचारियों के अलावा नाला सफाई के लिए अलग से टीम को लगाया गया है। गौरतलब है कि नाले नालियों की अभियान चलाकर सफाई न कराए जाने से बारिश में नाले चोक हो जाने के कारण घरों और दुकानों में पानी भर जाता है, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ता है। इसे देखते हुए पालिका प्रशासन ने इस साल गर्मी के दिनों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को लगाकर एक एक नाले की सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। शुक्रवार को दो दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचारियों को लगाकर तहसील चैराहे से लेकर पुराने बस स्टैंड तक के नालों की सफाई कराई जा रही है। नाले आरसीसी पटरियों से पटे होने के बाद भी पूरी तरह से कीचड़, पालीथिन और गंदगी से भरे पड़े हैं, जिससे सफाई कर्मचारियों को सफाई करने मे भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# प्रतिभाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा परीक्षाफल समारोह

■ हिंदी व इंग्लिश मीडियम के मेधावियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



अवधनामा सवाददाता

**मवई-अयोध्या।** मवई ब्लॉक क्षेत्र के पूरे मुरली स्थित बाबा शिव चरन दास शंभूदत्त इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार को आयोजित परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह प्रतिभाओं, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। समारोह में कृष्णा पब्लिक व चिल्ड्रेन एकेडमी के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद राम नरेश तिवारी ने की, जबकि संचालन स्कूल प्रशासक प्रतिमा अग्रवाल ने किया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से शुरू हुए कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, लोकगीत एवं शिक्षा आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में नर्सरी से कक्षा 11 तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में फातिमा, अब्दुल रहीम, मरियम बानो, सौम्या, अब्दुल अली, अल्फिया बानो, शौर्य कसौंधन, मुशर्रफ, फातिमा, सौम्या तिवारी, डालसी गुप्ता, पूर्णिमा वर्मा, आयुषी राज, आदित्य जायसवाल, श्रेया मिश्रा, पल्लवी गुप्ता, कोमल यादव, पीयूष शुक्ला, सौम्या शुक्ला, नमन कुमार और साजिया खान शामिल रहे।समापन अवसर पर कृष्णावती रामनरेश डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविशंकर शुक्ल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और निरंतर मेहनत का संदेश देते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच है। इस मौके पर प्रधानाचार्य दीपक शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, राम आसरे यादव, विजय मिश्रा, देवेंद्र शुक्ला, सुधीर सिंह, नवदीप तिवारी, दिनेश द्विवेदी, प्रशांत मिश्र, अजय शुक्ल, कुलश्रेष्ठ तिवारी, आशीष तिवारी, राम केदार, काजल वर्मा, आरफा मिर्जा, प्रिंसी मिश्रा, कोमल वर्मा और आंचल वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा के टॉप-10 मेधावियों का सम्मान

मवई क्षेत्र स्थित बीएससीडी इंटर कॉलेज में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोर्ड परीक्षा के टॉप-10 मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में आस्था सिंह, दीपक गुप्ता, प्रतिमा वर्मा, शाहिद रजा, नाजमीन बानो, अदीबा बानो, अदीबा खातून, तान्या गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता और दिव्या शुक्ला शामिल रहीं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव तिवारी ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब विद्यार्थी अच्छे चरित्र, अनुशासन और संस्कार को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने वाले विद्यार्थी ही आगे चलकर समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने मेधावियों की सफलता को कठिन परिश्रम का परिणाम बताते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजकीय जिला पुस्तकालय बन रहा युवाओं की भरोसेमंद केन्द्र : डीएम

अवधनामा सवाददाता



**बाराबंकी।** डीएम ने राजकीय जिला पुस्तकालय की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का किया निरीक्षण, छात्रों से संवाद कर बढ़ाया उत्साह। शुक्रवार को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजकीय जिला पुस्तकालय समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण पुस्तकालय परिसर का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं, अध्ययन वातावरण एवं पाठकों को दी जा रही सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय परिसर में उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि राजकीय जिला पुस्तकालय जनपद के विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण ज्ञान केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध शांत, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से अध्ययन करने हेतु प्रेरित करता है तथा यहां उपलब्ध सुविधाएं पाठकों को सकारात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण अध्ययन वातावरण प्रदान कर रही हैं। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी तैयारियों, आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्रों ने वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, इंटरनेट सुविधा, ऑनलाइन आवेदन हेतु कंप्यूटर व्यवस्था एवं शांत वातावरण की सराहना की। समिति की बैठक में पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी पुस्तकों की संख्या बढ़ाने, पाठकों हेतु बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने तथा पुस्तकालय परिसर में अन्य सुविधाओं का विस्तार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को आधुनिक संसाधनों से युक्त करते हुए विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि राजकीय जिला पुस्तकालय में वर्तमान में लगभग 2800 से अधिक सदस्य पंजीकृत हैं तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन हेतु पहुंच रहे हैं। पुस्तकालय में वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, इंटरनेट सुविधा, ऑनलाइन आवेदन हेतु कंप्यूटर व्यवस्था, सीसीटीवी युक्त सुरक्षित वातावरण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुविधाजनक बनाते हुए विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# मोबाइल टावर पर चढ़ीं पंजाब की दो युवतियां

■ पुलिस-प्रशासन ने मशक्कत के बाद युवतियों को नीचे उतारा



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सरोजनी नगर वार्ड स्थित सूचना कार्यालय के पास शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पंजाब की रहने वाली दो युवतियां अचानक एक मोबाइल टावर पर चढ़ गईं। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कई घंटे बीत जाने के बाद भी दोनों युवतियां टावर से नीचे नहीं उतरीं, जिसके बाद पुलिस लगातार माइक और बातचीत के जरिए उन्हें सुरक्षित नीचे आने के लिए समझाने में जुटी रही। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके को खाली करा दिया गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जानकारी के मुताबिक टावर पर चढ़ी युवतियों की पहचान मनप्रीत कौर और सोनिया के रूप में हुई है, जो पंजाब की निवासी बताई जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें से एक युवती स्थानीय आर्केस्ट्रा ग्रुप में डांसर के तौर पर काम करती है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले उसने आर्केस्ट्रा संचालक के बेटे पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि इसी मामले को लेकर विरोध जताने के लिए दोनों युवतियों ने यह कदम उठाया है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। सदर कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लगातार मौके पर मौजूद है और दोनों युवतियों को सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश जारी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली का डीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश



**अयोध्या (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इमरजेंसी कक्ष, औषधि वितरण केंद्र, चिकित्सकीय कक्ष और वार्डों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और तीमारदारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।डीएम ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणाधीन प्रेरणा कैंटीन का भी निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूरा कर जल्द संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधा मिल सके।उन्होंने सीएचसी के बाहर हुए अतिक्रमण को हटाने तथा परिसर की क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग को ठीक कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों और तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं और सुविधाओं की जानकारी ली।

## डीजल के लिए पंपों पर डटे किसान, रातभर लगी रही कतार

**सिंदुरिया (महराजगंज)।** सदर तहसील क्षेत्र के सिंदुरिया में हालात ऐसे हैं कि किसान डीजल पाने के लिए पेट्रोल पंपों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। गुरुवार रात से ही पंपों पर वाहनों, गैलन और डिब्बों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई किसान मशीनों और वाहनों के पास ही चारपाई व बिस्तर लगाकर आराम करते नजर आए। भीड़ बढ़ने के कारण लाइन में आगे लगने को लेकर किसानों के बीच कहासुनी और हाथापाई भी हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। पिपरा कल्याण निवासी किसान कमलेश गुप्ता ने बताया कि डीजल की उपलब्धता को लेकर पूरी तरह असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पा रही कि डीजल कब मिलेगा, इसलिए रातभर लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। किसान अनुप ने कहा कि इस समय धान की बेहन डालने का सबसे महत्वपूर्ण दौर चल रहा है। डीजल नहीं मिलने से पंपसेट बंद पड़े हैं और खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है।


## सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र सलीम अहमद गलत संगत में संलिप्त है बात बात पर परिवार से झगड़ा करता रहता है समझाने पर उल्टे हमारे साथ ही मारपीट एवं गाली गलौच करता है लिहाज़ा हमने सलीम अहमद के कु कृत्यों से तंग होकर उसे अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दख़ल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में अपने हर कार्य हेतु सलीम अहमद खुद ज़िम्मेदार होगा। श्रीमती मसरूफा विधवा नसीम अहमद नि. ग्राम चहलोली, थाना नागल, जिला सहारनपुर

## सूचना/शपथ पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तरनुम पुत्री अख्तर अली एवं पत्नी विजय कुमार जायसवाल, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवासी: बर्डपुर नं0-9 टोला-बर्डपुर बाजार, पोस्ट-बर्डपुर, थाना-मोहाना, जिला-सिद्धार्थनगर। यह सूचित करती हूँ कि मेरे सभी सरकारी और वैधानिक दस्तावेजों में मेरा नाम तरनुम पुत्री अख्तर अली दर्ज है। मैंने अपना नाम बदलकर सुन्दरी जायसवाल पत्नी विजय कुमार जायसवाल रख लिया है। भविष्य में मेरे सभी कागजात, प्रपत्र, लेन-देन एवं वैधानिक कार्यों में इसी नए नाम (सुन्दरी जायसवाल) से जाना और पहचाना जाए।

सुन्दरी जायसवाल

## न्यायालय सूचना

न्याया. मा.अपर सिविज जज सीनियर डिवीजन तृतीय सहारनपुर मूल वाद संख्या 1022 सन 2025 श्रीमती रमा गुप्ता उम्र 68 वर्ष पुत्री श्री श्याम सुन्दर लाल गुप्ता पत्नी श्री अनिल गुप्ता निवासी ए-29 प्रथम तल आर.पी.एस.फॉर्म सैक्टर 88 फरीदाबाद हरियाणा (वादिया)... बनाम..1. सुशील कुमार गुप्ता। पुत्रगण स्व0 श्री श्याम सुन्दर लाल गुप्ता 2. मनोज कुमार गुप्ता 3. मानव गर्ग पुत्र स्व0 श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता सभी समस्त निवासी श्याम नगर निकट ई.एस.आई.अस्पताल न्यू शारदा नगर,नवादा रोड,प.व ज़ि. सहारनपुर (प्रतिवादीगण) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाज़ा आपको को हुक्म होता है कि आप दिनांक 6 जुलाई 2026 को दस बजे दिन असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में हाज़िर होकर उज्र या जवाब दावा अपना पेश करें इत्तला दी जाती है कि बरोज़ मजकूर यदि आप हाज़िर ना होंगे तो मुकदमा भी हाज़री आपके समात और फ़ैसला होगा आज दिनांक 22 जुलाई 2026 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम**
**अपर सिविल जज (सीडी) तृतीय**
**सहारनपुर**

## सूचना

ऐंग्लो इंटर कालेज नवाबगंज बाजार आलियाबाद बाराबंकी का संचालन करने वाली संस्था अंजुमन इंसानी फलाह व तरक्की और तालीम नवाबगंज बाजार आलियाबाद बाराबंकी की साधारण सभा के सभी सम्मानित सदस्यो को सूचित किया जाता है की प्रबंध समिति ऐंग्लो इंटर कालेज नवाबगंज बाजार, आलियाबाद बाराबंकी के पुर्नगठन हेतु दिनांक 14.6.2026 को समय अपराहन 01:00 बजे से विद्यालय भवन ऐंग्लो इंटर कालेज के प्रांगण में विभागीय पर्यवेक्षक की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न होगा। आप सभी सम्मानित सदस्यो की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**मो. वसीम**
**प्रबंधक**
**ऐंग्लो इंटर कालेज**
नवाबगंज बाजार आलियाबाद
बाराबंकी


# कोतवाली पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया, चोरी का सामान बरामद

अवधनामा सवाददाता



**बाराबंकी।** मोहल्ले मोहल्ले घूम घूमकर सुनसान जगहों पर बने बन्द घरों को चिन्हित करके चोरी की बड़ी घटनाओ का खुलासा करते हुवे एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की घटना से सम्बन्धित जेवरात व 1089 रुपये नगद, एक अवैध तमंचा एवं घटना कारित करने में प्रयुक्त स्कूटी आदि किया बरामद। जानकारी के मुताबिक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह व हे0का0 जितेन्द्र कुमार, अभिषेक सिंह, का0 नरसिंह, का0 प्रफुल्ल पाठक के साथ क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे तभी सूचना मिली की एक व्यक्ति चोरी का सामान बेचने की फिराक में है। जिसके बाद पुलिस टीम कोतवाली नगर के जगनेहटा पुल के पास से स्कूटी सवार बब्लू उर्फ रहमान उर्फ टोपी पुत्र अजीज निवासी ग्राम बड़ेल को रोककर पूछताछ करने लगी तो वह बताने में हड़बड़ा गया जिसपर टीम को शक हुआ तो उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1 मंगलसूत्र मय माला,1 जोड़ी कान के टप्स पीली धातु, 1 जोड़ी कान के झाला पीली धातु, 1 अदद अंगूठी पीली धातु, 1 अदद चैन पीली धातु व 1089 रुपये नकद के अलावा एक स्कूटी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अपनी ससुराल में रहता है। जो दिन में घूम-घूम कर बन्द पड़े व सूनसान जगहों पर बने घरों को चिन्हित करने के पश्चात चिन्हित घरों से चोरी करता हैं। अभियुक्त ने तीन दिन पूर्व में लक्ष्मनपुरी कॉलोनी कटहली बाग में एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-रायबरेली।

पत्रॉक : 366/ग्रा0अ0वि0/निविदा आमंत्रण/2026-27 दिनॉक : 29.04.2026

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-रायबरेली द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से (श्रेणी'ए,बी,सी एवं डी) जिसके लिये अधिकृत है, से प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिये निविदा दी जा सकती हैं।

**कार्य का विवरण**

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धन राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | त्वरित आर्थिक विकास योजना (विधानसभा सलोन) | | | | | | | | |
| 1 | रायबरेली | विकास खण्ड- डीह के ग्राम सभा गोपालपुर मे शेरनाथपुर मे पक्की सड़क से बाबा गंगादास आश्रम तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 9.46 | 18920.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 2 | रायबरेली | विकास खण्ड- डीह के ग्राम सभा पदमनपुर बिजौली रामेश्वर पाल के दरवाजे से राम अभिलाष के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 7.10 | 14200.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 3 | रायबरेली | विकास खण्ड- डीह के ग्राम सभा गोपालपुर के शिवपुर मे पक्की सड़क से शत्रोहन सिंह (चरन गोपाल के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 8.91 | 17820.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 4 | रायबरेली | विकास खण्ड- डीह के ग्राम सभा मधुकरपुर मे काली माई के चबूतरे से राजा मौर्या के घर होते हुए राम राज के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 9.47 | 18940.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 5 | रायबरेली | विकास खण्ड- डीह के ग्राम सभा मऊ के पूरेकालिका मे पक्की सड़क से राम कुमार कोरी के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 9.39 | 18780.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 6 | रायबरेली | विकास खण्ड- डीह के ग्राम सभा बरूवा मे बाबा बस्ती राम के आश्रम से रामेश्वर के ट्यूबवेल तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 8.13 | 16260.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 7 | रायबरेली | विकास खण्ड- छतोह के ग्राम सभा कपूरपुर मे राजेश सिंह के दरवाजे से मुरली के घर तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 8.05 | 16100.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 8 | रायबरेली | विकास खण्ड- सलोन के ग्राम सभा नूररूदीनपुर मे अभिषेश सरोज के घर से अजय सरोज के घर तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 3.95 | 7900.00 | 500.00+ 150 rsTotal 650.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 9 | रायबरेली | विकास खण्ड- सलोन के ग्राम सभा बघौला के तरकोलवा मे पक्की सड़क से रमेश के घर तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.07 | 18140.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 10 | रायबरेली | विकास खण्ड- सलोन के सिरसिरा ग्राम सभा के इच्छागोड़ा मे रामफेर पासी के घर से श्रीराम के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 7.20 | 14400.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 11 | रायबरेली | विकास खण्ड- सलोन के हरपुर हल्ला मे अर्जुन के दरवाजे से राम निवाज मौर्या के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 6.25 | 12560.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |
| 12 | रायबरेली | विकास खण्ड- सलोन के ग्रामसभा बिसैया के पूरेसाहू मे भगत के दरवाजे से कमलेश्वर के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 8.70 | 17400.00 | 500.00+ 225 rsTotal 725.00) | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्ट्रेट रायबरेली | |

2. निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, जिलाधिकारी से जिनका वर्णन तालिका के कालम 8, 9 व 10 में है के कार्यालय से आवश्यक मूल्य देकर (जो वापस नही होगा) प्रत्येक कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वान्ह से 4:00 बजे अपरान्ह तक दि0- 28.05.2026 से 29.05.2026 को साय 4:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। तथा निविदा दिनांक- 30.05.2026 को समय 12:00 बजे तक डाली जा सकती हैं।
3. निविदा खोलने की तिथि 30.05.2026 समय अपरान्ह 12:30 बजे अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, रायबरेली के अधोहस्ताक्षरी कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।
4. एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. विस्तृत निविदा (एस0बी0डी0) बिल आफ क्वांटिटी ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, रायबरेली के कार्यालय सेप्राप्त की जा सकती है।

UPID-251528 Dated-21-05-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**अधिशाषी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड-रायबरेली।**


# परिवार ने गैंगवार की खबरों को बताया भ्रामक



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में अमरीश सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में नया मोड़ सामने आया है। घायल अमरीश सिंह के भाई मानवेंद्र सिंह और पिता अनिल सिंह ने मीडिया के सामने आकर पूरे घटनाक्रम को स्पष्ट किया है। परिवार के अनुसार, 17 मई की रात करीब 9 बजे अमरीश सिंह 'नेता जी के यहां चिड़िया कोर्ट से तेरही कार्यक्रम' में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार सवार अमन सिंह ने उनकी गाड़ी रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बताया गया कि अमरीश स्वयं वाहन चला रहे थे और उनके पास कोई हथियार नहीं था। कार में उनके रिश्तेदार और दोस्त भी मौजूद थे। परिजनों का दावा है कि हमलावरों ने लगभग एक दर्जन राउंड फायरिंग की, जिसमें अमरीश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अन्य लोगों को गोलियां छूकर निकल गईं। घायल अवस्था में दोस्तों द्वारा उन्हें वेदांत हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां वे IC में भर्ती हैं। परिवार का कहना है कि एक गोली अब भी शरीर में फंसी हुई है। मानवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ विरोधी तत्व सोशल मीडिया पर इस घटना को 'गैंगवार' बताकर गलत नैरेटिव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह गैंगवार नहीं बल्कि सुनियोजित हमला था। परिवार के मुताबिक, अमरीश सिंह और अमन सिंह के बीच करण यादव पर चली गोली के मामले को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि अमन सिंह लगातार समझौते का दबाव बना रहा था और धमकी भी दी गई थी। परिवार ने मीडिया से अपील की है कि वायरल वीडियो वर्ष 2025 में अध्यक्ष जी के स्वागत का है और उसका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। वहीं स्क्रग्रामीण द्वारा भी इस मामले का संज्ञान लिए जाने की बात कही गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से दोषियों पर कठोर कार्रवाई और न्याय की मांग की है।


## उत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल/वाणिज्य-उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22688-SLR-R1-BSB-MYS-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 11:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 11:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-F1-BSB-EKNR-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 11:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20964-SLR-F1-BSB-SBIB-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-R1-BSB-EKNR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:30 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1736/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बेदखली सूचना

मैं, महताब जहाँ, पत्नी श्री निसार अहमद, आयु लगभग 50 वर्ष, निवासी बावली काकोरी, पोस्ट व थाना काकोरी, जनपद लखनऊ, उत्तर प्रदेश-227107, यह सार्वजनिक सूचना देती हूँ कि मेरे पुत्र कामरान एवं उसकी पत्नी फातिमा के गलत आचरण, अनुचित व्यवहार तथा परिवार के प्रति लगातार अभद्रता, गाली-गलौज एवं उत्पीड़न के कारण मैं अत्यंत मानसिक रूप से परेशान हूँ।

अतः उनके अनुचित आचरण एवं व्यवहार के कारण मैं अपने पुत्र कामरान एवं उसकी पत्नी फातिमा को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से आज दिनांक से बेदखल करती हूँ। भविष्य में मेरी किसी भी चल अथवा अचल संपत्ति पर उनका कोई अधिकार, दावा या हस्तक्षेप मान्य नहीं होगा।

यदि कोई व्यक्ति कामरान अथवा फातिमा के साथ मेरी संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन करता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं संबंधित व्यक्ति की होगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को विकास खण्ड नौगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर नं0-14 में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर बिजली बिल में छूट का लाभ प्राप्त करें।

राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये।आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। सभी लोग अपना फार्मर रजिस्ट्री करा ले जिससे सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नौगढ राहुल सिंह, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, डीपीओ साहब यादव, जिला दिव्यांगजनसश्क्तीकरण अधिकारी सन्दीप मौर्य, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल, खण्ड विकास अधिकारी नौगढ़ सर्वेश मोहन, सीडीपीओ गौरीशंकर यादव ग्राम प्रधान व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानों की गणना कार्य का निरीक्षण

**जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश एवं प्रदेश की विकास योजनाओं की आधारशिला है : डीएम**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत बर्डपुर नं0-14 में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानों की गणना कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गणना कार्य की प्रगति, गणना प्रपत्रों के संधारण, संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जनगणना का कार्य पूरी सावधानी, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए, जिससे आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना कार्य में लगे प्रगणक एवं अधिकारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश एवं प्रदेश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक जनगणना कार्य को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि भारत की जनगणना 2027 का कार्य सफलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, नायब तहसीलदार नौगढ़ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमी के धोखे से आहत युवती मोबाइल टावर पर चढ़ी, पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद उतारा

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जिले के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हथियागढ़ बाजार में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रेम प्रसंग से परेशान एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। करीब दो घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की समझाइश पर युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार रायपुर थाना छपिया निवासी 23 वर्षीय रेशमा अपने प्रेमी द्वारा शादी का वादा पूरा न करने से नाराज होकर शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे नंगे पांव मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती करीब 20 फीट ऊंचाई पर बैठकर हंगामा करने लगी। सुबह टहलने निकले लोगों ने उसे देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हथियागढ़ चौकी प्रभारी शिवकुमार यादव महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और काफी देर तक युवती को समझाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि युवती की मांग थी कि उसके प्रेमी अमित निवासी गोडहना, थाना सादुल्लाह नगर, जिला बलरामपुर को बुलाकर उससे शादी कराई जाए।

युवती ने पुलिस को बताया कि करीब तीन वर्ष पहले दोनों परिवारों के बीच शादी को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद युवक मुंबई चला गया, लेकिन तय समय बीत जाने के बावजूद वह शादी करने नहीं आया और फोन उठाना भी बंद कर दिया। इस संबंध में युवती ने पहले भी छपिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों को रविवार को थाने बुलाया गया था, लेकिन उससे पहले ही युवती टावर पर चढ़ गई। काफी मशक्कत और समझाने के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा। छपिया थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने कक्षा-9 की छात्रा को पढ़ने के लिए उपलब्ध कराया मोबाइल फोन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम 'हक की बात' के दौरान एक छात्रा द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के समक्ष अपनी समस्या रखी गई थी। छात्रा ने बताया था कि उसके पास मोबाइल फोन न होने के कारण वह गर्मी की छुट्टियों में संचालित ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ नहीं ले पा रही है, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रा की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने संवेदनशील पहल करते हुए बांसी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बांसी की कक्षा-9 की छात्रा काजल को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के अन्तर्गत मोबाइल फोन उपलब्ध कराया। साथ ही एक वर्ष के लिए इंटरनेट सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, ताकि छात्रा बिना किसी बाधा के अपनी ऑनलाइन पढ़ाई जारी रख सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा के माध्यम से ही देश व समाज का विकास सम्भवः नजमुल हसन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा से ही देश व समाज का विकास सम्भव है। शिक्षा को आधार बनाकर देश व समाज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जा सकता है।यही कारण है कि टी एम टी के संस्थापक रहे पद्मभूषण से सम्मानित स्व0डा0 कल्बे सादिक का पूरा जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित रहा।

उक्त बातें तौहीदुल मुस्लेमीन ट्रस्ट के सचिव नजमुल हसन नजमी ने नगर के जाफराबाद स्थित मकतब इमामिया जाफरिया स्कूल में मेधावी छात्रों-छात्राओ को सम्मानित करते हुए व्यक्त की।तौहीदुल मुसलमीन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा आयोजित विगत अप्रैल माह में चैम्पस प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 मेधावी छात्रों को समारोहपूर्वक सम्मान से नवाजा गया शेष छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा 4 से कक्षा 11 तक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं ने रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी में 200 से अधिक बच्चों ने प्रतियोगी परीक्षा में भाग लिया था। चैम्स परीक्षा के समन्वयक सेवानिवृत्त इनकम टैक्स डिप्टी कमिश्नर अमीर हैदर जैदी ने बताया कि प्रदेश स्तर आयोजित हुई परीक्षा में 10000 छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगी परीक्षा में सफल सकीना कासिम,अजा फात्मा, मोहम्मद मुर्तजा, हुसैन नवाज़, जासमीन जहरा, अलमास जहरा, अफीया मरियम,अली शनावर, हसन रजा, फरहान गाज़ी को प्रोत्साहन राशि व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।शेष प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र सौंप उत्साहवर्धन किया गया। उक्त अवसर पर टी एम टी के सय्यद कमर हैदर रिज़वी, सय्यद रिज़वान हैदर जैदी के अलावा रमजान अली, अली इमाम, आले हसन, अहसन रज़ा मीसम, इब्ने अली जाफरी, अब्बास मेंहदी लेक्चरर, मेंहदी रज़ा, सुखराम आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में, पूर्व प्रधानाचार्य इब्ने हसन जाफरी, अंसर एजाज कायमी, अबूजर मेंहदी,मेंहदी रज़ा समेत छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

# अकबरपुर में चैमैप्स सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर में चैम्प्स सम्मान समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न पुरस्कारों सहित प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने वाली संस्था तौहीदुल मुस्लेमीन ट्रस्ट द्वारा चैम्प्स 2026 फेलिसिटेशन सेरेमनी का भव्य आयोजन नगर के सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज आडोटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों का सम्मान करना और युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नजमुल हसन रिजवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अबुतुराब नकवी ने की, जबकि मंच संचालन रेहान जैदी ने किया। इस अवसर पर अमीर अहमद जैदी, मोहम्मद यासीन, शौकत अली, डॉ. हैदर मेहदी, रिजवान रिजवी, अली अस्करी नकवी, अहमद मेहदी,जफरूल हसन शानू, मौलाना जामिन अब्बास एवं मौलाना औन मोहम्मद रिजवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे अबुतुराब नकवी ने कहा कि चैम्प्स प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखार कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने था। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में खास तौर पर जीके, साइंस, मैथ्स और अन्य विषयों से जुड़े प्रश्न शामिल किए गए थे। परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई जाती है ताकि बच्चों के अंदर ओएमआर शीट भरने की सही समझ और अभ्यास विकसित हो सके।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाएं ओएमआर पर आधारित होती हैं, इसलिए आरंभ से ही बच्चों को इसमें दक्ष होना आवश्यक है। इससे बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि तथा आगे होने प्रतियोगी परीक्षाओं में बिना किसी समस्या के बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तौहीदुल मुस्लेमीन ट्रस्ट का उद्देश्य सिर्फ पुरस्कार देना नहीं बल्कि बच्चों को शिक्षा, प्रतिस्पर्धा और आधुनिक परीक्षा प्रणाली के प्रति जागरूक करना भी है।

कार्यक्रम में छात्र अफ़्फान शेख और छात्रा सामरा रबाब का प्रभावशाली भाषण आकर्षण का केंद्र रहा। दोनों बच्चों ने आत्मविश्वास और बेहतरीन अंदाज में अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। उनके संबोधन ने न सिर्फ अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया बल्कि कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और अतिथियों का भी दिल जीत लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की तरक्की का सबसे बड़ा माध्यम है और बच्चों को मेहनत, अनुशासन तथा लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट गहराया, विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

देवी अवस्थी संवाददाता

**रात्रिकालीन कटौती पर जताई नाराजगी, स्थायी समाधान और आपात व्यवस्था की मांग**

**गोंडा।** भीषण गर्मी के बीच जनपद में लगातार हो रही विद्युत कटौती को लेकर जनप्रतिनिधियों और आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर गोंडा जनपद एवं अपने विधानसभा क्षेत्र में उत्पन्न गंभीर विद्युत संकट के त्वरित समाधान की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि अत्यधिक गर्मी और अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। घरों में रहना, व्यापारिक कार्य करना तथा बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोग घंटों बिजली न मिलने से परेशान हैं। पत्र में विधायक ने यह भी स्वीकार किया कि वर्तमान समय में विद्युत विभाग ओवरलोडिंग, ओवरहीटिंग, तेज हवाओं और लू जैसी तकनीकी चुनौतियों से जूझ रहा है।

कई स्थानों पर तार टूटने और फीडर बाधित होने की समस्याएं सामने आ रही हैं। इसके बावजूद जनता को राहत दिलाना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक ने बीती रात क्षेत्र में हुई लंबी विद्युत कटौती का उल्लेख करते हुए कहा कि हालात इतने खराब हो गए कि आक्रोशित नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा। उन्होंने इसे बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति बताते हुए कहा कि जनता अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस समाधान चाहती है।

ऊर्जा मंत्री से की गई मांगों में विशेष रूप से रात्रिकालीन विद्युत कटौती कम करने, आपातकालीन व्यवस्था लागू करने तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक निर्देश देने की बात कही गई है। विधायक ने इस विषय पर ऊर्जा मंत्री से शीघ्र मुलाकात का समय भी मांगा है, ताकि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से उन्हें अवगत कराया जा सके।

विधायक ने विश्वास जताया कि सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए विद्युत संकट के समाधान के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाएगी।

## 16 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में 16 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ गांव निवासी दिव्यांशु मौर्य पुत्र विनोद मौर्य (16 वर्ष) नेवादा स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा 11 का छात्र था। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार देर शाम गांव का ही उसके साथ पढ़ने वाला एक छात्र उसे एक दुकान पर बुलाकर ले गया, जहां उसे कुछ खिलाया-पिलाया गया। इसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। बताया जाता है कि घर पहुंचने के कुछ देर बाद दिव्यांशु की हालत बिगड़ने लगी और वह बदहवास हो गया। परिजनों ने तत्काल एक चिकित्सक को बुलाकर दिखाया, लेकिन चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए जवाब दे दिया। इसके बाद परिजन उसे कई अस्पतालों में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जैतपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि दिव्यांशु अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। थानाध्यक्ष प्रेमचंद ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## डुमरियागंज में भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत ने की शीतल पेयजल की व्यवस्था



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा आमजन की सुविधा के लिए बैदौला चौराहा पर शीतल पेयजल एवं गुड़ की व्यवस्था कराई गई है। नगर क्षेत्र के बैदौला चौराहे पर ठंडे पेयजल की व्यवस्था किए जाने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से बताया गया कि गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है साथ ही संबंधित कर्मचारियों को पेयजल व्यवस्था की नियमित निगरानी एवं साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार द्वारा बताया गया कि यह व्यवस्था जब तक भीषण गर्मी है तब तक निरंतर चलेगी। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच यह व्यवस्था लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। इस मौके पर नगर पंचायत डुमरियागंज के लिपिक सैय्यद हसन ताकीब रिजवी, सभासद परवेज अहमद, महंथ, शिवा, शंभू, लाला, सत्य प्रकाश, बुधराम, एजाज आदि उपस्थिति रहे।

## दलित परिवार के साथ खड़े हुए ग्राम प्रधान

**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हारीपुर में अनुसूचित जाति परिवार की जमीन और रास्ते को लेकर विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव निवासी श्याम लाल 62 वर्ष एवं विपक्षी अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र भिखारी लाल के बीच लंबे समय से रास्ते को लेकर चल रहा विवाद अब नगर कोतवाली पहुंच गया है, जहां पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। श्याम लाल ने बताया कि रास्ते और जमीन को लेकर दोनों में कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से पूछताछ कर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले में ग्राम प्रधान संदीप चतुर्वेदी अनुसूचित जाति परिवार के समर्थन में खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि गांव में गरीब, दलित और कमजोर वर्ग के लोगों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। न्याय दिलाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और दबंगई किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए लगाया गया निशुल्क प्याऊ

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल जलालपुर की ओर से भीषण गर्मी और लू से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर के डाकखाने के पास निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल से राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों, छोटे दुकानदारों तथा बाजार आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलने लगी है।

इन दिनों पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर निकलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। ऐसे में व्यापार मंडल द्वारा शुरू किया गया यह प्याऊ लोगों के लिए राहत का बड़ा सहारा बनकर सामने आया है। यहां शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे राहगीर अपनी प्यास बुझा सकें।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने बताया कि बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जनसेवा की भावना से यह व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर में आने वाला कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे और उसे भीषण गर्मी में राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्याऊ नियमित रूप से संचालित किया जाएगा तथा पेयजल की व्यवस्था लगातार बनी रहेगी।

प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इनमें जिला महामंत्री आदित्य गोयल, जिला उपाध्यक्ष देवेश मिश्र, संतोष गुप्त, वरिष्ठ नेता सोनू गौड तथा जिला कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रहरि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों ने व्यापार मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौर में इस प्रकार की सामाजिक सेवाएं जरूरतमंदों के लिए काफी लाभदायक साबित होती हैं। नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि अन्य सामाजिक संस्थाएं भी आगे आकर जनहित में ऐसे कार्य करेंगी।

## बिजली विभाग की लापरवाही : नेट मीटर बिल के लिए परेशान उपभोक्ता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बिजली विभाग की लचर कार्य प्रणाली का एक और गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ता को अपना बिल निकलवाने के लिए घंटों कार्यालय के चक्कर काटने पड़े, लेकिन अंत में उनके हाथ निराशा ही लगी।

उपभोक्ता तस्कीन हैदर ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि वे अपने नेट मीटर का बिल निकलवाने के लिए बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे थे। वहां तैनात एसडीओ ने उन्हें बिना किसी ठोस समाधान के कमरा नंबर चार में भेज दिया। जब वे वहां पहुंचे, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि यह काम 'हल्लौर के डिपार्टमेंट' का है। तस्कीन हैदर लगभग दो घंटे तक कार्यालय में एक टेबल से दूसरी टेबल तक चक्कर काटते रहे, लेकिन उनका बिल नहीं निकल सका। इस दौरान, वे समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियंता से भी मिलना चाहते थे, लेकिन वे अपने कार्यालय में अनुपस्थित थे।

# प्रधानाध्यापक की कार्यशैली पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** पण्डरी कृपाल क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल चिलबिला डिहवा में तैनात प्रधानाध्यापक के खिलाफ ग्राम प्रधान ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान सुनीता देवी का आरोप है कि प्रधानाध्यापक का व्यवहार लगातार विवादों में बना हुआ है, जिससे विद्यालय का माहौल प्रभावित हो रहा है।

ग्राम प्रधान द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रधानाध्यापक बच्चों के साथ कठोर व्यवहार करते हैं और अभिभावकों से भी ठीक ढंग से बात नहीं करते। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में कार्यरत रसोइयों को भी कई बार अपमानित किया गया है।

आरोप यह भी है कि स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण के लिए विद्यालय पहुंची टीम के साथ प्रधानाध्यापक ने सहयोग नहीं किया। पंचायत सहायक, सफाई कर्मी तथा विद्यालय पहुंचे कुछ अभिभावकों के साथ भी कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने की बात सामने आई है। ग्राम प्रधान का कहना है कि विद्यालय में लगातार विवाद का माहौल बनने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं क्षेत्र में इस शिकायत को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## प्रधानमंत्री 'गद्दार' नहीं

राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण और संवैधानिक पद..! प्रोटोकॉल और राजनीति के लिहाज से नेता प्रतिपक्ष को 'छाया प्रधानमंत्री' माना जाता है। प्रधानमंत्री के बाद नेता विपक्ष के संसदीय दल के पक्ष में ही सर्वाधिक जनादेश होता है, लिहाजा इस सम्मान, प्रतिष्ठा की गरिमा रखी जानी चाहिए, लेकिन देश के तीसरी बार निर्वाचित प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को सार्वजनिक तौर पर 'गद्दार' कहकर राहुल गांधी ने 'लाल लकीर' पार कर दी है। जब प्रधानमंत्री मोदी विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हों और नेता प्रतिपक्ष उन्हें 'गद्दार' करार दें, तो भारत भी अपमानित हुआ है। प्रधानमंत्री कभी भी 'गद्दार' नहीं हो सकते, क्योंकि उन्हें जनादेश हासिल है, बेशक आप उनका नीतिपरक विरोध कर सकते हैं। राहुल के 'गद्दार' अपशब्द से देश की 147 करोड़ से अधिक आबादी भी अपमानित हुई है। यकीनन यह निंदनीय, शर्मनाक, असंसदीय, असंवैधानिक और अमर्यादित अपशब्द है। हम भी मानते हैं और बराबर विश्लेषण कर रहे हैं कि देश में आर्थिक, तेल, खाद के संकट हैं, किल्लत है, लेकिन कोई 'आर्थिक तूफान' आ रहा है, इससे हम सहमत नहीं हैं। यदि विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के भीतर गुस्सा, आक्रोश है, किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर, छोटे व्यापारी वाकई रो रहे हैं, तो प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और आरएसएस को 'गद्दार' की गाली देने के बजाय उन्हें जन-आंदोलन खड़ा करने का आह्वान करना चाहिए था। विपक्षी नेता राहुल गांधी 'वैकल्पिक आर्थिक हालात' का प्रारूप देश के सामने पेश कर सकते थे, लेकिन वह 'तू-तड़ाक' की भाषा पर उतर आए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक भाषा में कहा- 'एक दिन प्रधानमंत्री टीवी पर आएगा और फिर रोयेगा। जिस तरह कोविड में रोया था, उसी तरह फिर रोयेगा और देश से माफी मांगेगा।' यह एक राष्ट्रीय, लोकतांत्रिक नेता की भाषा नहीं है, बल्कि राहुल की सामंतवादी सोच ऐसा बुलवा रही है। इसी सोच के मद्देनजर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए 'चौकीदार चोर है' जुमला 2019 में उछाला था।

उस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस किस रसातल तक लुढ़क आई थी, राहुल गांधी को आज भी याद होगा। देश के युवा प्रधानमंत्री मोदी को डंडे मारेंगे, यह भी सार्वजनिक बयान दिया था। राहुल ने प्रधानमंत्री को 'पनौती' और सैनिकों के 'खून की दलाली' करने वाला भी कहा था। राहुल की यह जुबान लगातार चुनाव हारने की कुंठा और हताशा हो सकती है, लेकिन नियंत्रण खुद राहुल गांधी को करना है। आज वह नेता प्रतिपक्ष हैं। कल ऐसे राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं कि समूचा विपक्ष उन्हें 'प्रधानमंत्री का उम्मीदवार' घोषित कर दे, लिहाजा उन्हें 'आदतन अपशब्दों' के आचरण से बचना होगा और अपने व्यक्तित्व, बयानों, आह्वानों को गंभीर, तार्किक, देशहित में करना होगा। देश तभी उन्हें 'वैकल्पिक प्रधानमंत्री' के रूप में देखना शुरू कर सकता है। सिर्फ मोदी-विरोध की नफरती सियासत से वह कभी भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते, यह हमारा मूल्यांकन और विश्लेषण है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री के लिए 'जहरीला सांप' और '100 सिर वाला रावण' अपशब्दों के इस्तेमाल किए थे। ऐसा कांग्रेस और उसके नेताओं के लिए 'आदतन' नहीं है, दरअसल वे प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करते हैं और 12 साल की सत्ता के बावजूद 'आपका प्रधानमंत्री' करार देते हैं। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि यदि संघ के लोग आपके पास आएं और मोदी-शाह की बात करें, तो उनसे कहिए कि आपके प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और संगठन 'गद्दार' हैं। उन्होंने हिंदुस्तान बेचा है। हमारे संविधान, अंबेडकर जी, गांधी जी पर हमले किए हैं। देश और संविधान किसे बेचा है? देश आज भी मौजूद है और उसकी लोकसभा में राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। कांग्रेस के भीतर एक जमात ऐसी भी है, जिसके कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए 'नीच', 'दानव', 'यमदूत', 'भस्मासुर', 'बिच्छू', 'सांप', 'अनपढ़', 'बंदर', 'राक्षस' सरीखे अपशब्दों का प्रयोग किया है। इनसे उन्हें और पार्टी को तो कोई राजनीतिक फायदा नहीं हुआ। दरअसल राहुल गांधी 22 लंबे सालों से सांसद होने के बावजूद यह सामान्य-सी बात समझ नहीं पाए हैं कि राजनीति की अपनी भाषा होती है, आलोचना-निंदा के ये मायने नहीं होते कि गालियां दी जाएं।

## कुर्बानी का असल मकसद है रब तआला की प्रसन्नता

**ज़ियाउल मुस्तफ़ा निज़ामी**

कुर्बानी इस्लाम धर्म की सबसे महत्वपूर्ण इबादतों में से एक है। इस पवित्र महीने (ज़िलहिज्जा) में लाखों मुसलमान इस कर्तव्य को पूरा करते हैं। हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) की परंपरा (सुन्नत) का पालन करते हुए अल्लाह की प्रसन्नता (रज़ा) के लिए लाखों पशुओं की कुर्बानी दी जाती है। कुर्बानी की यह इबादत बंदे की अल्लाह के प्रति अगाध मोहब्बत और समर्पण का प्रतीक है। होना तो यह चाहिए था कि बंदा खुद अल्लाह की रज़ा और खुशी हासिल करने के लिए अपनी जान का नज़राना पेश करता, लेकिन यह अल्लाह की रहमत है कि उसने पशुओं की कुर्बानी को इसके समकक्ष (बराबर) मान लिया। जिस किसी को भी अल्लाह ने आर्थिक रूप से सक्षम बनाया है, वह कुर्बानी करना अपना सबसे बड़ा धार्मिक कर्तव्य समझता है। वह व्यक्ति बेहद दुर्भाग्यशाली है जो सक्षम होने के बावजूद इस महान इबादत से वंचित रह जाए।

रब तआला के दरबार में कुर्बानी पेश करने का सिलसिला हज़रत आदम (अलैहिस्सलाम) के ज़माने से ही चला आ रहा है। अल्लाह तआला ने पवित्र क़ुरआन के 'सूरह अल-माइदा' में हज़रत आदम के दो बेटों—हाबील और क़ाबील का किस्सा बयान किया है। दोनों ने अल्लाह के हुज़ूर अपनी-अपनी कुर्बानी पेश की थी। हाबील ने एक बेहतरीन दुम्बा (भेड़) कुर्बान किया, जबकि काबील ने अपनी कृषि उपज (अनाज) पेश की। उस दौर में कुर्बानी कुबूल होने की निशानी यह थी कि आसमान से एक आग आती और कुर्बानी को खा (नष्ट कर) लेती। हाबील की कुर्बानी को आग ने खा लिया, जबकि काबील की कुर्बानी वहीं पड़ी रह गई; इस तरह वह कुबूल होने से महरुम (वंचित) रह गई।

कुर्बानी की यह प्रथा हर उम्मत (धार्मिक समुदाय) में तय की गई थी, हालांकि इसके तौर-तरीकों और स्वरूप में थोड़ा अंतर ज़रूर रहा है। उन्हीं में से कुर्बानी का एक गौरवशाली स्वरूप वह है जो अल्लाह ने उम्मते-मोहम्मदिया (मुसलमानों) को ईद-उल-अज़्हा (बकरीद) के रूप में अता किया है,जो हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) की कुर्बानी की याद दिलाता है।

जब 'हरम-ए-इलाही' (काबा) का निर्माण हो चुका था, तो उसकी सेवा और देखभाल के लिए एक ऐसे समर्पित और त्यागी इंसान की ज़रूरत थी जो अपने कर्तव्य को पूरा करने में धन तो क्या, अपनी जान की बाज़ी लगाने से भी पीछे न हटे। कायनात का रचयिता (अल्लाह) तो सब जानता था, लेकिन दुनिया वालों को दिखाने के लिए उन्हें परीक्षा की घड़ी से गुज़ारना ज़रूरी था। इसलिए 8 (आठ) ज़िलहिज्जा को हज़रत इब्राहिम को सपने में अपनी सबसे प्यारी चीज़ कुर्बान करने का हुक्म हुआ। उन्होंने सुबह उठकर सौ (100) ऊंट कुर्बान कर दिए। दूसरी रात फिर यही हुक्म मिला, उन्होंने सुबह उठकर फिर सौ ऊंट कुर्बान कर दिए। लेकिन तीसरी रात स्पष्ट कर दिया गया कि अपने चहेते बेटे इस्माइल को मेरे नाम पर कुर्बान कर दो।

उन्होंने सुबह उठकर रब तआला का यह आदेश अपने नौजवान जिगर के टुकड़े को सुनायाः 'हे प्यारे बेटे! मैंने सपने में देखा है कि मैं तुम्हें ज़बह (कुर्बान) कर रहा हूँ, बताओ तुम्हारा क्या विचार है? '

त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति बेटे ने जवाब दियाः 'अब्बा जान! आपको जो हुक्म दिया गया है, आप उसे पूरा कीजिए। इंशाअल्लाह (अल्लाह ने चाहा तो) आप मुझे धैर्य रखने वालों (साबिरों) में पाएंगे। '

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक ज़िम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-ज़रूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है।**

# योग दिवस : दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना

आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नज़र आती है- वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे-समझे किया जाने वाला उपभोग। प्राकृतिक संसाधनों के ज़रुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक ज़िम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म-नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें।



प्रतापराव जाधव

**सोच समझकर वस्तुओं का उपभोग करने का आह्वान :** अत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने 'मिशन ख्र्न्न्श्न' (लाइफ़स्टाइल फ़ॉर एनवायरनमेंट) के ज़रिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। ष्ट्रक्क26 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा हैः 'आज ज़रूरत है सचेत और सोच-समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे-समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की।

हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक ज़िम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-ज़रूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलायाः 'हर छोटा-बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है। ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन 'अपरिग्रह' - यानी अनावश्यक चीज़ों को जमा करने से बचना और 'संतोष' यानी अपनी असली ज़रूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं, जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमें निष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का ज़िम्मेदार रखवाला बनाता है।



**पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक साधन के रूप में योग :** पृथ्वी पर इंसानी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तो काफ़ी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं।

योग का अभ्यास धीरे-धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचैनी को शांत करता है, जल्दबाज़ी वाली आदतों को कम करता है और आत्म-अनुशासन को मज़बूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी ज़रूरत हमें अपनी असली ज़रूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फ़र्क समझने के लिए होती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हूँ कि योग किस तरह गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतों और अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए ज़रुरी है। इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढाँचा भी है।

**भारत का वैश्विक योग नेतृत्व :** आज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है।

हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है। योग के ज़रिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर-बाध्यकारी और समावेशी ढाँचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूँकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है।

# सुप्रीम कोर्ट का आवश्यक हस्तक्षेप

**देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए।**

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, 'गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।



रोहित माहेश्वरी



हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए 'निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव' रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में 'चिंताजनक' वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए। लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं तसवीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके। सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। निश्चय ही बढ़ता तापमान बदलते मौसमों के प्रति संवेदनशील इन जीवों को बेचैन किए हुए है। भूख व आश्रय के अभाव से उपजे असुरक्षा बोध ने भी उन्हें आक्रामक बनाने में भूमिका निभाई है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# झुग्गियों में पलते शिक्षा के सपने

**विद्यालय में शिक्षा का माहौल बनाने की कोशिश जरूर दिखाई देती है, लेकिन असली चुनौती स्कूल के बाहर मौजूद है। कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते क्योंकि माता-पिता सुबह मजदूरी पर निकल जाते हैं और छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी बड़े बच्चों पर आ जाती है। कई बार बच्चों को घर संभालने, पानी भरने या काम पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समावेशी शिक्षा और हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की बात कही गई है।**

भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। गांवों से शहरों की ओर पलायन अब केवल रोजगार की मजबूरी नहीं, बल्कि बेहतर जीवन की तलाश बन चुका है। राजस्थान की राजधानी जयपुर भी इसी बदलाव का बड़ा केंद्र है। हर दिन सैकड़ों परिवार मजदूरी, निर्माण कार्य, घरेलू काम और छोटे रोजगार की उम्मीद में यहां पहुंचते हैं। लेकिन शहर उन्हें रोजगार तो देता है, सम्मानजनक जीवन नहीं। यही कारण है कि शहर की चौड़ी सड़कों, ऊंची इमारतों और चमकदार बाजारों के किनारे बड़ी संख्या में झुग्गी-झोपड़ियां बसती जा रही हैं। इन झुग्गियों में रहने वाले परिवारों का संघर्ष केवल दो वक्त की रोटी तक सीमित नहीं है। सबसे बड़ी चिंता अपने बच्चों का भविष्य है। शिक्षा, जो किसी भी बच्चे के जीवन को बदल सकती है, वही इन बस्तियों में सबसे अधिक उपेक्षित दिखाई देती है। भारत की जनगणना और विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार देश की शहरी आबादी का बड़ा हिस्सा अनौपचारिक बस्तियों में रहता है। नीति आयोग और यूडीआईएसई प्लस के आंकड़े बताते हैं कि देश में आज भी लाखों बच्चे नियमित शिक्षा से बाहर हैं। खासकर प्रवासी मजदूरों के बच्चों में स्कूल छोड़ने की दर अधिक है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक अस्थिरता, बार-बार स्थान बदलना, अभिभावकों की अशिक्षा और सामाजिक असुरक्षा इसके प्रमुख कारण हैं।



महावीर

इन्हीं परिस्थितियों को समझने के लिए जयपुर के झालाना डूंगरी स्थित इंद्रा नगर क्षेत्र की बस्तियों और वहां संचालित विद्यालयों का अवलोकन किया। यह इलाका उन परिवारों का बसेरा है जो अलग-अलग जिलों और राज्यों से रोजगार की तलाश में यहां आए हैं। अधिकतर लोग दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। उनके लिए हर दिन काम मिलना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई अक्सर पीछे छूट जाती है। इंद्रा नगर स्थित श्री कल्याण माध्यमिक विद्यालय का दृश्य इस संघर्ष की एक झलक प्रस्तुत करता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बाबूलाल कुमावत बताते हैं कि यहां पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे मजदूर परिवारों से आते हैं। कई परिवार आर्थिक तंगी के साथ-साथ सामाजिक समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। कुछ अभिभावकों में शराब की लत जैसी समस्याएं हैं, जिसका सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ता है।




इस विद्यालय में कुल 266 विद्यार्थियों का नामांकन है। यहां 13 शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें 7 महिला और 6 पुरुष शिक्षक शामिल हैं। विद्यालय में पानी की टंकी, अलग-अलग शौचालय और अतिरिक्त कक्षाओं जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए एक्स्ट्रा क्लास भी संचालित की जाती हैं। हालांकि इन अतिरिक्त कक्षाओं के लिए शुल्क देना पड़ता है, जो कई गरीब परिवारों के लिए कठिन हो जाता है। विद्यालय में शिक्षा का माहौल बनाने की कोशिश जरूर दिखाई देती है, लेकिन असली चुनौती स्कूल के बाहर मौजूद है। कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते क्योंकि माता-पिता सुबह मजदूरी पर निकल जाते हैं और छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी बड़े बच्चों पर आ जाती है। कई बार बच्चों को घर संभालने, पानी भरने या काम पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समावेशी शिक्षा और हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की बात कही गई है। सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार, मध्याह्न भोजन योजना और निःशुल्क शिक्षा जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बावजूद झुग्गी बस्तियों के बच्चों तक इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं पहुंच पा रहा। पास ही स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, इंद्रा नगर फेज-2 का दृश्य एक अलग तस्वीर प्रस्तुत करता है। वहां बच्चे मिड-डे मील के तहत दूध पी रहे थे। बच्चों से बातचीत में यह बात सामने आई कि कई बच्चों के लिए स्कूल केवल पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि पोषण और अपनापन पाने का भी माध्यम है। एक बच्चे ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हमें स्कूल का खाना घर से भी अच्छा लगता है। ' यह एक साधारण वाक्य नहीं, बल्कि उन परिस्थितियों का आईना है जिनमें ये बच्चे जीवन जी रहे हैं। जब किसी बच्चे को घर से बेहतर भोजन स्कूल में मिले, तो यह केवल गरीबी नहीं बल्कि सामाजिक असमानता की भी कहानी कहता है। इस विद्यालय में कुल 16 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां इंटर्न और मिड-डे मील कार्यकर्ता बच्चों को दूध वितरित कर रहे थे। लेकिन इसी दौरान एक ऐसा व्यवहार भी सामने आया, जिसने सरकारी शिक्षा व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए। विद्यालय की एक शिक्षिका बिना पूर्व सूचना के हमारे स्कूल विजिट और बच्चों से बातचीत को लेकर नाराज दिखाई दीं। जो यह दर्शाता है कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और संवाद की संस्कृति अभी भी कमजोर है। असल सवाल केवल स्कूलों की संख्या का नहीं है। सवाल यह है कि क्या शिक्षा वास्तव में उन बच्चों तक पहुंच रही है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है? क्या केवल नामांकन कर देना पर्याप्त है? क्या ऐसे बच्चों के लिए अलग सामाजिक और मनोवैज्ञानिक सहायता की जरूरत नहीं है? विशेषज्ञ मानते हैं कि प्रवासी और झुग्गी बस्ती के बच्चों के लिए सामान्य शिक्षा मॉडल पर्याप्त नहीं है। इनके लिए लचीली शिक्षा व्यवस्था, सामुदायिक शिक्षण केंद्र, स्थानीय स्वयंसेवी समूहों की भागीदारी और अभिभावकों में जागरूकता बेहद जरूरी है।

शिक्षा केवल किताबें और परीक्षा नहीं होती। यह आत्मविश्वास, सुरक्षा और अवसरों का रास्ता खोलती है। लेकिन जब बच्चा भूख, असुरक्षा और पारिवारिक संघर्ष के बीच बड़ा होता है, तब उसके लिए स्कूल तक पहुंचना भी किसी संघर्ष से कम नहीं होता। आज आवश्यकता केवल सरकारी योजनाओं की घोषणा की नहीं, बल्कि जमीन पर संवेदनशील क्रियान्वयन की है। झुग्गी बस्तियों के बच्चों को गरीब बच्चे मानकर सहानुभूति देने से आगे बढ़ना होगा। उन्हें बराबरी का अवसर देना होगा। क्योंकि इन्हीं बस्तियों से भविष्य के शिक्षक, खिलाड़ी, कलाकार और वैज्ञानिक निकल सकते हैं। महानगरों की चमक के पीछे छिपी स्लम बस्तियों की यह दुनिया हमें बार-बार याद दिलाती है कि विकास केवल इमारतों से नहीं मापा जा सकता। किसी भी समाज का असली विकास तब माना जाएगा जब उसकी सबसे कमजोर बस्ती का बच्चा भी बिना डर, भूख और भेदभाव के स्कूल जा सके। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शहर की चमकती सड़कों के किनारे बसी झुग्गियों में सपने केवल जन्म ही नहीं लेते हैं, बल्कि पूरे होने का अधिकार भी रखते हैं।

# डीएम-एसपी ने वन स्टॉप सेंटर का किया संयुक्त निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** निधि गुप्ता वत्स एवं अभिमन्यु मांगलिक ने थाना कोतवाली क्षेत्र में संचालित वन स्टॉप सेंटर का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर महिला सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने केंद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभिलेखों के रख-रखाव का गहन अवलोकन किया।



■ महिला सुरक्षा पर दिए गए सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सहायता सेवाओं की समीक्षा करते हुए कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पीड़िता को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें समय पर न्याय और सहयोग मिल सके। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने केंद्र में स्वच्छता, गोपनीयता एवं अन्य व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में पीड़िताओं की निजता और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण मिल सके। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने महिला सुरक्षा से संबंधित मामलों में विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और हर शिकायत को गंभीरता के साथ लिया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 'जन-संवाद से समाधान' मिल रही त्वरित राहत

अवधनामा संवाददाता

■ डीएम निधि गुप्ता वत्स वीसी के माध्यम से अधिकारियों को जोड़कर शिकायतों का करा रहीं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**फतेहपुर।** निधि गुप्ता वत्स की अभिनव पहल 'जन-संवाद से समाधान' जनपद में फरियादियों के लिए उम्मीद की नई किरण बनती जा रही है। इस पहल के तहत जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का प्रयास कर रही हैं।

इस व्यवस्था के अंतर्गत जिलाधिकारी अपने कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसील, ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित कर शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित कर रही हैं। शिकायतकर्ता की उपस्थिति में ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि 'जन-संवाद से समाधान' कार्यक्रम प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और मजबूत होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने थाना चांदपुर का औचक निरीक्षण कर सुनीं जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को थाना चांदपुर का औचक निरीक्षण कर थाना व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय एवं बैरक का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर में दर्ज एफआईआर, सामान्य डायरी (जीडी) तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा अभिलेखों को



व्यवस्थित ढंग से संधारित करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने पुराने मामलों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए गश्त और चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरतने तथा महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसके उपरांत थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई में एसपी ने बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बरती जाए, जिससे जनता का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हो। उन्होंने थाना स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति मित्रवत होना चाहिए और कोई भी फरियादी थाने से निराश होकर वापस न लौटे।

# दो हॉकी खिलाड़ी विदेश में दिखाएंगे कौशल

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा करमपुर के दो हॉकी खिलाड़ी प्रहलाद राजभर और रोनित पाल का चयन जूनियर इंडिया अंडर-18 हॉकी टीम हो गया है। इससे गांव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। दोनों खिलाड़ी अब जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से 6 जून तक आयोजित होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता से पहले भोपाल में ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 टीम के खिलाफ खेले गये चार मैचों के सीरीज में भी भारतीय जूनियर टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। स्टेडियम के संचालक अनिकेत सिंह ने खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह करमपुर ही नहीं बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम को पूल-ए में मेजबान जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे और कजाकिस्तान के साथ रखा गया है। भारतीय टीम का 29 मई को पहला मुकाबला कजाकिस्तान के खिलाफ होगा। वहीं 31 मई को मेजबान जापान के साथ खेलेगे। एक जून को दक्षिण कोरिया और तीन जून को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच खेलकर टीम ग्रुप चरण का समापन होगा। स्टेडियम के संरक्षक एवं पूर्व सांसद राधे मोहन सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी जापान में शानदार प्रदर्शन कर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कोच इंद्रदेव राजभर, पूजा सिंह, मनोज, ध्रुव, दीपक, छांगुर, गोपाल पाण्डेय ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# 'पार्टी की मजबूती का आधार बूथ स्तर का संगठन है'

## धाता, खखरेडू, विजयीपुर व खागा मंडलों में संगठनात्मक विषयों पर मंथन, बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर

अवधनामा संवाददाता

**खागा/फतेहपुर।** आगामी 24 मई को प्रस्तावित शक्ति केंद्र बैठकों की तैयारी को लेकर खागा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में शुक्रवार को शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक आयोजित की गई। बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आगामी अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



धाता मंडल में आयोजित बैठक में सभी 15 शक्ति केंद्र संयोजकों की उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए पंकज त्रिवेदी ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार बूथ स्तर का संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शक्ति केंद्रों को और सक्रिय बनाने, संगठन के कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने तथा आगामी बैठकों को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। इस दौरान सुशीला मौर्या, विकास पासवान, विमलेश पांडेय, प्रदीप सिंह और जितेंद्र सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। खखरेडू मंडल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रवीण सिंह ने कहा कि संगठन के दिशा-निर्देशन के अनुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के उपरांत बूथ बैठकों का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही अंतिम रविवार से पूर्व सप्ताह में शक्ति केंद्रों पर बैठक कर बूथ बैठकों की तैयारी, संगठनात्मक अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा व रणनीति पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में शक्ति केंद्र संयोजकों की भूमिका महत्वपूर्ण है और प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। बैठक में शुभम सिंह, सुनील कुमार, इन्द्रपाल पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजयीपुर मंडल में आयोजित बैठक में संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रीति सिंह, विक्रम निषाद, भोला तिवारी, प्रेमदत्त तिवारी तथा रामप्रताप सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। खागा मंडल में आयोजित बैठक में शक्ति केंद्रों की सक्रियता, बूथ स्तर की तैयारियों तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की सफलता को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विकास पासवान, पंकज त्रिवेदी, विमलेश पांडेय और बृजेश सिंह सहित शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे। बैठकों में आगामी 24 मई को आयोजित होने वाली शक्ति केंद्र बैठकों को सफल बनाने, संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# बिजली कटौती : ग्रामीणों ने कर्मचारियों को कमरे में किया बंद



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटौती से परेशान करंडा क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा बृहस्पतिवार को मैनपुर विद्युत उपकेंद्र पर फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने उपकेंद्र पहुंचकर कर्मचारियों को करीब साढ़े सात घंटे तक बिजली निगम के सात कर्मचारियों को कमरे में बंद कर ताला जड़ दिया और बिजली विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीण शाम तक एसडीओ कन्हैया लाल के साथ ही एक्सईएन को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। शाम करीब 5.30 बजे मौके पर पहुंचे सैदपुर एक्सईएन सुधाकर सिंह के लिखित आश्वासन ग्रामीण माने और कमरे का ताला खोल कर बिजली निगम के कर्मियों को बाहर निकाला। इसके पूर्व बिजली निगम की ओर से लगातार की जा रही अघोषित कटौती के विरोध में बृहस्पतिवार को दिन में 10 ग्रामीणों का हुजूम मैनपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंचा और नारेबाजी करते हुए ड्यूटी कर रहे। सात विद्युत कर्मियों को एक में बंद कर ताला लगा दिया। बाहर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप था कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है।

# मेडिकल कॉलेज के छात्रों का मनोबल किसी भी दशा में नहीं गिरने जाए

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** देश में डॉक्टरों के सबसे बड़े संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के साथ होने का ऐलान कर दिया है। आई एम ए के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट डॉक्टर आरपी सिंह राजपूत (सीनियर नेत्र सर्जन) ने अपने संगठन के सचिव डॉक्टर बलराम सहित तमाम सदस्यों के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जूनियर डॉक्टरों के साथ काफी देर तक बातचीत की।

इसके साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अरविंद त्रिवेदी के आवास पर पहुंचकर उनसे भेंट की और कहा कि मेडिकल कॉलेज के छात्रों का मनोबल किसी भी दशा में नहीं गिरने जाए दिया जाएगा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन डॉक्टरों के साथ खड़ी है। कदम से कदम मिलाकर हमारे संगठन द्वारा पूरी ताकत के साथ उनका साथ दिया जाएगा। किसी भी हालत में डॉक्टरों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। इस दौरान पूर्व सीएमएस डॉक्टर के के गुप्ता, आई एम ए के सचिव डॉक्टर बलराम, डॉक्टर प्रशांत निरंजन सीएमसी मेडिकल कॉलेज उरई, डॉक्टर सुजीत राजपूत, डॉक्टर अरविंद, डॉक्टर चरक सांगवान, डॉक्टर शैलेन्द्र, सहित अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।



### सीएचसी जालौन में कोल्ड रूम व ओआरएस-जिंक कॉर्नर शुरू

**उरई (जालौन)।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए आमजन को राहत प्रदान करने तथा गर्मी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन में कोल्ड रूम एवं ओआरएस-जिंक कॉर्नर की स्थापना की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लू (हीट स्ट्रोक), डिहाइड्रेशन, दस्त एवं गर्मी जनित अन्य समस्याओं से प्रभावित मरीजों को तत्काल राहत एवं उचित उपचार उपलब्ध कराना है। सीएचसी में बनाए गए कोल्ड रूम में मरीजों को ठंडा एवं आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायता मिल रही है। वहीं ओआरएस-जिंक कॉर्नर पर मरीजों एवं उनके परिजनों को ओआरएस घोल और जिंक टैबलेट वितरित की जा रही हैं।

# चाय दिवस पर काव्य की चुस्कियां लेते रहें श्रोता



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में 'चेतना-प्रवाह' कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर के स्वामी विवेकानन्द कॉलोनी स्थित आवास पर चाय पार्टी आयोजित की गई।कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने चाय की चुस्कियों के साथ अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। युवा व्यंग्यकार आशुतोष श्रीवास्तव ने 'गाड़ी काली शीशे काले अंदर बैठे संत/बाहर भूखी जनता बोले -वाह! बड़े भगवंत' सुनाकर धर्म के नाम पर बढ़ रहे आडम्बर पर करारा व्यंग्य किया।संजय कुमार पाण्डेय ने अपने मधुर स्वर में अपना हास्य गीत 'तुम खाते ही रहते हो जब तक न कोई टोके,जब तक न कोई रोके/अब मान भी जाओ,मत खाओ,थोड़ा तो शरमाओ' सुनाकर सभी को हँसने के लिए मजबूर कर दिया।वरिष्ठ व्यंग्यकार अमरनाथ तिवारी अमर ने 'करूंगा अनशन, प्रदर्शन और फर्जी बवाल/समय-समय पर चलूंगा दल-बदल की चाल/बनूंगा नेता फिर मिनिस्टर/अपना भी होगा एक स्तर' सुनाकर राजनीतिक गिरावट पर ध्यान आकृष्ट कराया। वरिष्ठ कवि दिनेश चन्द्र शर्मा की पंक्तियां 'आग नफरत की तुम तो लगाते रहे/इस आग को हम बुझाते रहे' खूब सराही गई।

# 10 वर्ष बाद एक बार फिर भारी वाहनों के आवागमन के लिए बंद हुआ यमुना का पुल

अवधनामा संवाददाता

**उरई(जालौन)।** कानपुर और झांसी को जोड़ने वाले पुराने यमुना पुल से भारी वाहनों का आवागमन बन्द कर दिया गया है। अब भारी वाहनों को दुर्गा मन्दिर के सामने से मोड़कर नए पुल की और भेज दिया जाएगा। दरअसल पुल की बेयरिंग की मरम्मत शुरू कर दी गई है।इसी के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव कर रही कम्पनी एनएचएआई ने दुर्गा मन्दिर चौराहे रूट डायवर्जन तैयार किया है भारी वाहनों को नये पुल से निकाला जाएगा जबकि चार पहिया वाहन पुराने पुल से गुजरते रहेंगे। यह व्यवस्था पुल की मरम्मत पूरी होने तक लागू रहेगी।

पुराने यमुना पुल से प्रतिदिन छोटे बड़े लगभग 10 हजार वाहन गुजरते हैं। इनमें मुम्बई गुजरात मध्य प्रदेश



■ पुल की बियरिंग की मरम्मत के चलते उठाया कदम

कानपुर और लखनऊ रूट के ट्रक बसें कारें आदि शामिल हैं। परियोजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत का कार्य लम्बा चल सकता है और सुरक्षा के लिहाज से पुराने पुल से भारी वाहनों का हटाना जरूरी हो गया है नई व्यवस्था लागू होने के बाद चौरा और आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव बढ़ने की संभावना है जिस मार्ग से भारी वाहनों को नए पुल की ओर मोडा जाएगा वहीं से बालू घाट के ट्रक भी निकलते हैं ।ऐसे में जाम की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। ऐतिहासिक व व्यापारिक नगर कालपी की यमुना में वैसे तो दो दो रेलवे और दो सड़क मार्ग कुल चार पुल हैं आज जिस पुल पर भारी वाहन रोके गए हैं उसका शिलान्यास 1970 के दशक में देश की तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व. इन्दिरा गांधी ने किया था और इसका उद्घाटन वर्ष 1980 में उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन वित्त मंत्री राजा रणजीत सिंह ने किया था।

# सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** जनपद में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चन्दौली आकाश पटेल व अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनन्त चन्द्रशेखर के नेतृत्व में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना/चौकी प्रभारियों एवं नियुक्त पुलिस बल के साथ महेन्द्रा पॉलिटेक्निक ग्राउंड, चन्दौली में दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विधि-विरुद्ध भीड़ को नियंत्रित एवं तितर-बितर करने हेतु रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड एवं अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी गई तथा उनके संचालन का अभ्यास कराया गया। साथ ही इन उपकरणों के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस बल को विभिन्न टीमों में विभाजित कर दंगा अथवा बलवा की स्थिति में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया।

# फतेहपुर पुलिस ने पेश की मानवीय संवेदना की मिसाल

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र के ग्राम पिलखिनी में सिलेंडर लीकेज के कारण लगी भीषण आग की घटना के बाद जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मानवीय संवेदनाओं, प्रशासनिक तत्परता और समन्वित कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना में गंभीर रूप से झुलसे लोगों के उपचार से लेकर मासूम बच्चे के लिए रक्तदान तक, फतेहपुर पुलिस ने 'सेवा, सुरक्षा और सहयोग' के मूलभाव को चरितार्थ किया।

बीते 17 मई को हुई इस दुर्घटना में नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही निधि गुप्ता वत्स एवं अभिमन्यु मांगलिक ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। घायलों को बिना विलंब अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह चिकित्सा



महाविद्यालय में भर्ती कर समुचित उपचार उपलब्ध कराया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए ग्रीन कॉरिडोर तैयार कराया, जिससे सभी घायलों को सुरक्षित एवं शीघ्रता से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) रेफर किया गया। उपचार के दौरान दुर्भाग्यवश घायल महिला संगीता की मृत्यु हो गई। वहीं उनके चार माह के पुत्र बलवंत के

■ झुलसे मासूम को निरीक्षक ने किया रक्तदान

उपचार के लिए अचानक रक्त की आवश्यकता उत्पन्न हुई। इस संवेदनशील परिस्थिति में फतेहपुर पुलिस ने केवल औपचारिक जिम्मेदारी तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि मानवीय दायित्व निभाते हुए मदद का हाथ बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक सुनील कुमार ने चिकित्सकों एवं परिजनों से समन्वय स्थापित कर स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे मासूम के उपचार में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। इस मानवीय पहल की चिकित्सकों, पीड़ित परिवार और आमजन ने सराहना की। फतेहपुर पुलिस की इस त्वरित, संवेदनशील और उत्तरदायी कार्यवाही ने यह संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है।

# 'मेरा हेलमेट, मेरी सुरक्षा' अभियान से सड़क सुरक्षा का संदेश

**फतेहपुर।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन-जागरूकता अभियान के तहत 'मेरा हेलमेट, मेरी सुरक्षा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नौबस्ता बायपास एवं मंझिलगांव पुलिस चौकी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में खागा पुलिस क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप की उपस्थिति में लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में त्रिवेणी संगम हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ सीएसआर प्रबंधक फिरोज़ खान ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भारत शीर्ष देशों में शामिल है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग को अपनी आदत बनाने की अपील की।

# जेब काटने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** मुगलसराय पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। ऑटो में सवारी बैठाकर जेब काटने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा यूपी-65 कियू टी-7269 और चोरी के 2,000 रुपये नगद बरामद हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार विगत 20 मई को दोपहर में प्रदीप कुमार गोड़, निवासी ताराजीवनपुर, अलीनगर, चन्दौली अपने घर जाने के लिए ऑटो में बैठे थे। ऑटो में पहले से मौजूद तीन लोगों ने बातों में उलझाकर उनकी जेब से 2,500 रुपये निकाल लिए और चकिया तिराहे के पास उतारकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर थाना मुगलसराय में मु0अ0सं0 248/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। 21 मई को पुलिस चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुभाष पार्क के पास पानी टंकी के सामने से तीनों अभियुक्तों को ऑटो सहित गिरफ्तार किया गया। वादी प्रदीप कुमार ने मौके पर ही अभियुक्तों व ऑटो की पहचान की। गिरफ्तार अभियुक्त राजू पुत्र स्व. राजकुमार, उम्र 33 वर्ष, निवासी भुईली खास, थाना अदलहाट, मिर्जापुर 2. साजन पुत्र छबिले सोनकर, उम्र 19 वर्ष, निवासी भुईली खास, थाना अदलहाट, मिर्जापुर 3. मुकूल कुमार पुत्र श्याम सुन्दर, उम्र 21 वर्ष, निवासी सौगाई, थाना सैयदराजा, चन्दौली बताया गया ।

# रेलवे ई-टिकटों के अवैध कारोबार का खुलासा

■ एक को दबोचा, जनसेवा केंद्र से लाखों रुपयों के टिकटें बरामद कर की विधिक कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) फर्रुखाबाद एवं सीआईबी इज्जतनगर की संयुक्त टीम ने गुरुवार की शाम रेलवे आरक्षित ई-टिकटों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से बड़ी संख्या में तत्काल एवं सामान्य श्रेणी के रेलवे आरक्षित ई-टिकट, लैपटॉप, प्रिंटर और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय इज्जतनगर से प्राप्त आरक्षित ई-टिकट डाटा इनपुट के आधार पर मंडल सुरक्षा आयुक्त रेसुब इज्जतनगर पवन कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बीतीशाम संयुक्त टीम ने गुरसहायगंज स्थित तैयाबी कंप्यूटर जनसेवा केंद्र पर छापेमारी की। जांच के दौरान दुकान संचालक निजाम भारती को आईआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आईडी का दुरुपयोग कर तत्काल एवं सामान्य श्रेणी के रेल आरक्षित ई-टिकट बनाकर अधिक कीमत पर बेचते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान निजाम भारती पुत्र मुन्ना आजाद निवासी दिलशाद नगर, थाना गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपी छह पर्सनल यूजर आईडी बनाकर ग्राहकों की मांग के अनुसार टिकट तैयार करता था और प्रत्येक टिकट पर 100 से 200 रुपये अतिरिक्त वसूल कर अवैध लाभ कमाता था। कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी के कब्जे से कुल 56 रेलवे आरक्षित ई-टिकट बरामद किए, जिनकी कुल कीमत 1,51,367 रुपये बताई गई है। इनमें 08 टिकट यात्रा अवधि शेष वाले मिले जिनकी कीमत 11,338 रुपये तथा 48 यात्रा अवधि समाप्त टिकटों की कीमत 1,40,039 रुपये आंकी गई। टीम ने टिकट बनाने में प्रयुक्त एक डेल लैपटॉप, प्रिंटर एवं एक रियलमी एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत रेसुब पोस्ट फर्रुखाबाद पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में रेसुब पोस्ट फर्रुखाबाद के प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. मीणा, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह राघव, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी तथा सीआईबी इज्जतनगर के निरीक्षक वीरेंद्र कुमार शामिल रहे। मामले की जांच प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. मीणा द्वारा की जा रही है।

## समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने लिया रचनात्मक गतिविधियों और मनोरंजन का आनंद

**संभल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में समर कैंप के दूसरे दिन विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और रंगारंग गतिविधियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ताहिर सलामी, अध्यक्ष, हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट एसोसिएशन सम्भल तथा मेंबर शारिक, सदस्य, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन संभल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन, डायरेक्टर शबाना कौसर, प्रिंसिपल विल्सन राजन, मुख्य अतिथि ताहिर सलामी एवं विशिष्ट अतिथि शारिक ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में मैनेजर मुशीर खान तरीन ने कहा कि समर कैंप बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें सीखने के नए अवसर प्राप्त होते हैं।

# परिवार परामर्श केंद्र ने एक परिवार को बिखरनें से बचाया

■ काउंसिलिंग दौरान मनमुटाव मिटाकर दंपित साथ रहने को हुए राजी

**अवधनामा संवाददाता**



दंपति की काउंसिलिंग करती निरीक्षक रंजना पाण्डेय

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में एक परिवार को टूटने से बचा लिया गया। परिवार परामर्श केंद्र में की गई काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर खुशी-खुशी साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

शुक्रवार को महिला थाना में आयोजित परामर्श सत्र के दौरान निरीक्षक रंजना पाण्डेय, महिला कांस्टेबल सीमा यादव एवं महिला कांस्टेबल अनामिका यादव ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसके बाद आपसी संवाद के माध्यम से दोनों के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने का प्रयास किया गया। काफी देर तक चली काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने एक-दूसरे की भावनाओं को समझते हुए अपने मतभेद समाप्त करने पर सहमति जताई। दोनों ने भविष्य में आपसी प्रेम, विश्वास और सम्मान के साथ वैवाहिक जीवन बिताने का भरोसा दिया। परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल की सराहना करते हुए मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में परिवारों को टूटने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। निरीक्षक रंजना पाण्डेय ने बताया कि परिवारों में उत्पन्न होने वाले विवादों को आपसी सहमति और संवाद के जरिए सुलझाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# प्रभु की कृपा से बनते हैं बिगड़े कामः पं. अर्जुन त्रिवेदी

■ मधबापुर में भागवत कथा में बही भक्ति की बयार, संगीतमयी प्रसंग सुन झूमें श्रोता

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मधबापुर में चल रही सप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक आचार्य अर्जुन त्रिवेदी ने कहा कि ईश्वर की शरण में जाने से मोक्ष का द्वार खुलता है यदि हम ईश्वर के समक्ष नतमस्तक होते हैं तो हमें किसी और के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है, ईश्वर अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करता है। शुक्रवार को कथा वाचक आचार्य अर्जुन त्रिवेदी ने कहा कि भक्त भगवान की पूजा आराधना करता है भगवान उसके वस में होते है। साथ ही उन्होंने कहा कि परमात्मा सर्व शक्ति मान है जीवन की सारी समस्याये एवं किये गये अपराधों का पाप ईश्वर के स्मरण मात्र से नष्ट हो जाते हैं। मनुष्य को भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए, परमात्मा कभी निराश होने ही नही देगा, आगे के प्रसंग में आचार्य ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर प्रभु की पावन मयी बाल लीलाओं का वर्णन किया, संगीत मयी प्रसंग सुन श्रोता भाव बिभोर हो गये। भागवत कथा में कार्यक्रम के आयोजक मुन्नी देवी पत्नी बाबूराम द्विवेदी एवं परीक्षित आनंद द्विवेदी एवं उनकी पत्नी अर्चना द्विवेदी सहित लालू दुबे, रामानंद दुबे, अजय द्विवेदी, अनुराग दुबे, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, सिंटू दुबे, गुड्डू पाल, अभिषेक द्विवेदी, अंशु दुबे सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

## जन-संवाद से समाधान' पहल से फरियादियों को मिल रही त्वरित राहत

**फतेहपुर।** निधि गुप्ता वत्स की अभिनव पहल 'जन-संवाद से समाधान' जनपद में फरियादियों के लिए उम्मीद की नई किरण बनती जा रही है। इस पहल के तहत जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का प्रयास कर रही हैं। इस व्यवस्था के अंतर्गत जिलाधिकारी अपने कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसील, ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित कर शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित कर रही हैं। शिकायतकर्ता की उपस्थिति में ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि 'जन-संवाद से समाधान' कार्यक्रम प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# बंच केबल जलनें से मचा हड़कंप, गहराया संकट

■ विद्युत कर्मियों ने नही उठाया फोन, सोलह घंटे पडी रही जली केबिल

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड स्थित गल्ला मंडी के सामने लगे ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत केबल में गुरुवार देर रात अचानक भीषण फाल्ट होने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। करीब 20 से 22 मिनट तक आग के बड़े-बड़े गुब्बारे और तेज लपटें उठती रहीं, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए।

घटना के बाद लगभग 12 घंटे तक जली हुई केबल मौके पर पड़ी रही। प्रत्यक्षदर्शियों मनोज गुप्ता, केके राजपूत, रामविलास सविता, संजय दुवे, भैयालाल के अनुसार तिर्वा रोड पर गल्ला मंडी के सामने प्रभाकर दुवे के मकान के पास लगे पोल बॉक्स में रात करीब 11:22 बजे अचानक तेज धमाके के साथ फाल्ट हुआ। देखते ही देखते विद्युत केबल धू-धू कर जलने लगी और आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। उस समय कई लोग अपने घरों की छतों पर लेटे हुए थे, जिन्होंने आग का भयावह दृश्य देखा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घटना के दौरान लगातार विद्युत विभाग के कर्मचारियों को फोन किए गए, लेकिन काफी देर तक किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। इस बीच आग बढ़ती रही और आसपास रहने वाले लोग भयभीत हो गए। बाद में विद्युत आपूर्ति बंद होने के बावजूद केबल सुलगती रही। मोहल्ले के कुछ लोग नीचे उतरे और स्वयं पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लोगों की सतर्कता से आसपास के मकानों की दीवारों से सटी केबल और अन्य सामान सुरक्षित बच गए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद नागरिकों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। लोगों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंच जाते तो स्थिति को जल्द नियंत्रित किया जा सकता था। स्थानीय नागरिकों ने जली हुई केबल को तत्काल बदलवाने तथा विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# महँगाई के खिलाफ 24 मई को बजेगी हर घर में थाली

**अवधनामा संवाददाता**

■ 'सरकार जगाओ' जन आंदोलन का ऐलान

**मथुरा।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी द्वारा सौंख रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय पर मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की बेतहाशा बढ़ती कीमतों और नीट परीक्षा लीक तथा बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने थाली बजाओ, सरकार जगाओ' जन आंदोलन की घोषणा की। मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल ने आगामी 24 मई को सायं 7:00 बजे महिला, पुरूषों से अपने-अपने घरों की छत, बालकनी या दरवाजे पर खड़े होकर सिर्फ 2 मिनट तक थाली, चम्मच या कटोरी बजाकर कुम्भकरणी नींद सो रही सरकार को जगाने की अपील की। माताओं-बहनों से प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव ने कहा कि जिस रसोई पर संकट है, उसकी आवाज उसी रसोई से निकलनी चाहिए। थाली बजाते समय का वीडियो/फोटो बनाकर फेसबुक-इंस्टाग्राम पर साझा करें। या वीडियो सीधे व्हाट्सएप नंबर 910536 8113 पर भेजने की अपील करते हुए कहा आपकी हर एक आवाज को हम सरकार तक पहुंचाएंगे संचालन महानगर महासचिव अम्बेडकर वाहिनी के संजय बीबीसी ने किया। बैठक में प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव, मथुरा विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र लोधी, हर्ष ठाकुर, मोहम्मद दिलशाद, संतोष सैनी, हरेन्द्र कुमार, सूरजभान चौधरी, सूरज पटेल, मुकेश सैनी नेताजी, दिगम्बर सिंह, कृष्ण यादव, चौधरी हर्षकुमार, नरेंद्र सिंह, शिवम, सचिन यादव, बबलू कुशवाह, बबलू आदि उपस्थित रहे।

# बाँदा में दम तोड़ती स्वास्थ्य सेवाएं निजी अस्पतालों पर फिर उठे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**

■ आखिर कब तक मरीजो की जान से खिलवाड करेंगे सीएमओ बाँदा की कार्यशैली पर उठ रहे है सवाल

**बाँदा।** जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अभी दो दिन पूर्व ही एक चिकित्सक पर मरीज को समय रहते रेफर न कर जबरन इलाज करने और बाद में मरीज की मौत होने का मामला शांत भी नहीं पड़ा था कि अब शहर के एक निजी अस्पताल को लेकर नया विवाद सामने आ गया है। बताया जा रहा है कि कैलाश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से जुड़े एक मरीज ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर अपनी पीड़ा साझा की है। वीडियो में मरीज ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और इलाज प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पंडित प्रीतम शुक्ला ने दावा किया कि अस्पतालों में अनुभवी स्टाफ की जगह कम प्रशिक्षित कर्मियों से काम लिया जा रहा है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार लापरवाही बढ़ती जा रही है और आम जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जनपद में लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। लोगों का आरोप है कि कई अस्पतालों में नियमों और मानकों की अनदेखी की जा रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी भी प्रभावी दिखाई नहीं दे रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा हो सकता है। वहीं सोशल मीडिया पर भी अब 'स्टिंग ऑपरेशन' और निजी अस्पतालों की जांच की मांग तेज होती दिखाई दे रही है। हालांकि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी फिलहाल कोई बयान सामने नहीं आया है।

## चाय दिवस पर काव्य की चुस्कियां लेते रहें श्रोता



**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में 'चेतना-प्रवाह' कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर के स्वामी विवेकानन्द कॉलोनी स्थित आवास पर चाय पार्टी आयोजित की गई।कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने चाय की चुस्कियों के साथ अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। युवा व्यंग्यकार आशुतोष श्रीवास्तव ने 'गाड़ी काली शीशे काले अंदर बैठे संत/बाहर भूखी जनता बोले -वाह! बड़े भगवंत' सुनाकर धर्म के नाम पर बढ़ रहे आडम्बर पर करारा व्यंग्य किया।संजय कुमार पाण्डेय ने अपने मधुर स्वर में अपना हास्य गीत 'तुम खाते ही रहते हो जब तक न कोई टोके,जब तक न कोई रोके/अब मान भी जाओ,मत खाओ,थोड़ा तो शरमाओ' सुनाकर सभी को हँसने के लिए मजबूर कर दिया।वरिष्ठ व्यंग्यकार अमरनाथ तिवारी अमर ने 'करूंगा अनशन, प्रदर्शन और फर्जी बवाल/समय-समय पर चलूंगा दल-बदल की चाल/बनूंगा नेता फिर मिनिस्टर/अपना भी होगा एक स्तर' सुनाकर राजनीतिक गिरावट पर ध्यान आकृष्ट कराया। वरिष्ठ कवि दिनेश चन्द्र शर्मा की पंक्तियां 'आग नफरत की तुम तो लगाते रहे/इस आग को हम बुझाते रहे' खूब सराही गई।सुपरिचित गीतकार-ग़ज़लकार कुमार नागेश ने 'जब-जब उनका दीदार मिले/सब गम भूला सा लगता है/सौ बार मिला वो चाँद मगर/हर बार नया सा लगता है' सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

# अहमदाबाद से पैदल यात्रा पर निकले सिंधी दंपति का मथुरा में हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** निलेश राजानी एवं सोनिया राजानी एक नवविवाहित दंपत्ति हैं, जो पूरे भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा पर निकले हैं। यहां आकर उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मस्थान, वृंदावन, बरसाना के मंदिरों के दर्शन भी किए। लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के प्रदेश महामंत्री रामचंद्र खत्री ने इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड, वर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके भारत के पहले नवविवाहित जोड़े की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो लोग यह मानते हैं कि सिंधी समाज हिंदू या सनातनी नहीं है, उनको निलेश राजानी एवं सोनिया राजानी ने साकारात्मक संदेश देने का सराहनीय प्रयास किया है। आज की पीढ़ी को राजानी दम्पत्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। सिंधी जनरल पंचायत के वरिष्ठ मंत्री गुरूमुखदास गंगवानी ने बताया कि 43 डिग्री तपिश में आस्था की मिसाल बने सिंधी दम्पत्ति गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से होते हुए मथुरा आए, लेकिन लंबे सफर की थकान के बावजूद उनके हौसले में कोई कमी नहीं दिखी, उनके चेहरे पर संतोष और अपने लक्ष्य को पूरा करने का विश्वास साफ नजर आया। यह यात्रा कई मायनों में खास है। एक ओर यह धार्मिक आस्था से जुड़ी है, तो दूसरी ओर यह समाज को जागरूक करने का भी माध्यम बन रही है। दंपती का कहना है कि नई पीढ़ी के बहुत से लोगों को 12 ज्योतिर्लिंगों के बारे में जानकारी नहीं है। भारतीय सिंधु सभा महिला विंग की प्रदेश महामंत्री कोकल भाटिया ने कहा कि इतिहास के संदर्भ में देखें तो 1947 के विभाजन के समय सिंधी समाज को अपना मूल स्थान छोड़कर भारत आना पड़ा था। उस दौर में समाज ने अपनी संस्कृति और धर्म को बचाकर रखने के लिए कई संघर्ष किए। आज उसी समाज के एक युवा दंपती द्वारा इतनी कठिन पदयात्रा करना यह दर्शाता है कि उनकी जड़ें सनातन धर्म से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। निलेश और सोनिया राजानी की यह यात्रा आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन रही है, जहां आधुनिक जीवन में सुविधाएं बढ़ गई हैं, वहीं यह दंपती हजारों किलोमीटर पैदल चलकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

# तिंदवारी ब्लॉक में पंचायत भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

■ 50-60 लाख की हेराफेरी की चर्चा

**बाँदा।** तिंदवारी ब्लॉक में ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को लेकर एक बड़ा भ्रष्टाचार मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिवों और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से लाखों रुपये के सरकारी धन में अनियमितता की गई। मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, एक ग्राम पंचायत अधिकारी का प्रभार दूसरे सचिव को सौंपे जाने के आदेश जिला पंचायती राज अधिकारी द्वारा जारी किए गए थे। इसके बावजूद निवर्तमान सचिव द्वारा चार्ज नहीं सौंपा गया। आरोप है कि सचिव अभिषेक सिंह राठौर ने पद से हटने के बाद भी 3 से 4 ग्राम पंचायतों के वित्तीय कार्यों में हस्तक्षेप जारी रखा और इसी दौरान लगभग 50 से 60 लाख रुपये की हेराफेरी कर दी गई।

मामले को लेकर तिंदवारी ब्लॉक के एडीओ पंचायत राणा ने फोन पर बताया कि संबंधित सचिव को चार्ज देने के निर्देश दिए गए थे, क्योंकि वह वहां से हट चुके थे। इसके बावजूद चार्ज हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से पंचायत निधियों का दुरुपयोग किया गया। वहीं इस पूरे प्रकरण में अंकित अवस्थी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले को जानते हुए भी कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे रहे। जब इस संबंध में जिला विकास अधिकारी परवेज आलम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि मामले में कोई वित्तीय अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर लंबे समय से भ्रष्टाचार चल रहा है। कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर सरकारी धन निकाला जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

अब सबकी नजर अमित आसेरी पर टिकी है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पंचायतों में चल रहे कथित भ्रष्टाचार पर कब तक अंकुश लग पाता है।

# 'सनसिटी अनंतम' पर हाईकोर्ट की दस्तक

■ सरकारी जमीन, अवैध निर्माण और अफसरों की भूमिका पर उठे बड़े सवाल

**अवधनामा संवाददाता**




**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन की बहुमूल्य सरकारी भूमि को लेकर चल रहा विवाद अब न्यायालय की चौखट तक पहुंच गया है। 'सनसिटी अनंतम' परियोजना से जुड़े मामले में दाखिल जनहित याचिका (PIL) ने नगर निगम, विकास प्राधिकरण और प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराया गया, लेकिन संबंधित विभाग कार्रवाई करने के बजाय लंबे समय से चुप्पी साधे हुए हैं। मामले में यह भी कहा गया है कि नगर निगम द्वारा कथित रूप से 'लैंड एक्सचेंज' की प्रक्रिया के जरिए सरकारी भूमि निजी कंपनी के पक्ष में देने का प्रयास किया जा रहा है।

याचिकाकर्ता दीपक शर्मा का आरोप है कि जिस भूमि का बाजार मूल्य लगभग 85 हजार से 1 लाख प्रति वर्गमीटर बताया जा रहा है, उसका मूल्यांकन मात्र 10 हजार प्रति वर्गमीटर दर्शाया गया। याचिका में इसे जनहित और पारदर्शिता के विपरीत बताते हुए अधिकारियों और संबंधित कंपनी के बीच मिलीभगत की आशंका जताई गई है।

**नगर निगम का पत्र बना चर्चा का विषय**–मामले में नगर निगम द्वारा मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को भेजा गया वह पत्र भी चर्चा में है, जिसमें सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। हालांकि, कई महीने बीत जाने के बाद भी न निर्माण रुका और न कोई बड़ी कार्रवाई सामने आई।

विकास प्राधिकरण ने यह कहते हुए जिम्मेदारी से दूरी बना ली कि नगर निगम स्वयं अपनी भूमि को कब्जा मुक्त कराने और अवैध निर्माण हटाने में सक्षम है। वहीं नगर निगम की ओर से भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**इन अधिकारियों को बनाया गया पक्षकार**– जनहित याचिका में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव, नगर निगम मथुरा-वृंदावन के म्युनिसिपल कमिश्नर एवं एडिशनल कमिश्नर, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव, एसएसपी मथुरा तथा सनसिटी अनंतम के निदेशकों को पक्षकार बनाया गया है।

**याचिका में प्रमुख मांगें**–याचिका में न्यायालय से मांग की गई है कि– कथित अवैध भूमि विनिमय प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। सरकारी भूमि का उपयोग विद्यालय, अस्पताल, पार्क और अन्य जनसुविधाओं के लिए सुनिश्चित किया जाए। अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई कर ध्वस्तीकरण कराया जाए। शिकायतकर्ता की सुरक्षा और शिकायतों पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**अब निगाहें अदालत पर**

मामले ने शहर में प्रशासनिक कार्यशैली और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है। अब सभी की निगाहें न्यायालय की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं कि इस बहुचर्चित मामले में क्या दिशा तय होती है और संबंधित विभागों की जवाबदेही किस रूप में सामने आती है।

## दलितों की बारात पर थाना हाईवे क्षेत्र में हुई घटना को लेकर बसपा का प्रतिनिधिमंडल डीएम एसएसपी से मिला

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा का जिला स्तरीय प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कर्दम के नेतृत्व में, जनपद मथुरा में लगातार बढ़ रही दलित उत्पीड़न की घटनाओं के संबंध में जिला अधिकारी के कार्यालय पहुंचा तथा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचकर भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से 2 दिन पूर्व ग्राम नरहोली, थाना हाईवे, मथुरा में असामाजिक तत्वों द्वारा दलित समाज की बारात को रोकने, बारातियों के साथ मारपीट करने तथा कई लोगों को गंभीर रूप से घायल किए जाने की घटना का कड़ा विरोध किया गया। साथ ही जनपद में आए दिन हो रही दलित उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाने एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से आगरा मंडल जोन प्रभारी सुरेश बाबू, आगरा मंडल जोन प्रभारी नरेश सिंह, जिलाध्यक्ष मथुरा जितेन्द्र कर्दम, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम, किशोर सिंह, पूर्व विधायक प्रत्याशी बलदेव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद कर्दम, पूर्व विधायक प्रत्याशी बलदेव अशोक कुमार सुमन, मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रभारी योगेंद्र सिंह, पूर्व जिला प्रभारी रामबाबू गौतम, जिला संयोजक भाईचारा कमेटी उदयवीर सिंह गौतम मौजूद रहे।

# ललित कला अकादमी और के आर डिग्री कॉलेज ने संयुक्त रूप से चित्रकला कार्यशाला आयोजित की

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग एवं किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला में 21 मई को कार्यशाला के समापन पर कला, संस्कृति और सृजनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रोफेसर सुनील विश्वकर्मा,प्राचार्या प्रोफेसर पल्लवी सिंह, एवं संयोजिका डॉ रश्मि शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत पटुका पहनाकर किया गया। डॉ विश्वकर्मा ने कहा कि कला एक कलाकार की आत्मा होती है। भारतीय लोक कला में सांस्कृतिक चेतना की जीवंत पहचान है। कला केवल अभिव्यक्ति नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाली संवेदनशील शक्ति है। उन्होंने छात्राओं को निरन्तर अभ्यास, सृजनशीलता और कला के प्रति समर्पण का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पल्लवी सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा मथुरा की कला अपनी विशिष्ट पहचान के कारण विश्व भर में प्रसिद्ध है। आज आवश्यकता है कि विद्यार्थी इस सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से आगे आए। प्राचार्या के निर्देशन और संयोजिका, विभागाध्यक्ष चित्रकला डॉ. रश्मि शर्मा के नेतृत्व में हुए कार्यशाला में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए पोर्टेट, लैंडस्केप, कोलाज, लोककला, रंगोली कला एवं रंगों की तकनीक को दर्शाया गया जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गये। प्रशिक्षक कमलेश्वर शर्मा, अनिकेत दास को सम्मानित किया गया।मंच संचालन डॉ. रश्मि शर्मा और राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य श्री अनिल सोनी ने किया। आयोजन में डॉ. उमा शर्मा, डॉ. दुर्जन सिंह राणा जी जैसे कलाकार उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्रोफेसर कविता कन्नौजिया, डॉ आम्रपाली, रूमी जायसवाल, आकांक्षा सारस्वत, डॉ रीना दुबे एवं समस्त प्रवक्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# घर की सब्जी को बनाना है सुपर टेस्टी, तो ट्राई करें ये आसान ट्रिक्स

अगर आपने सूखी सब्जी बनाई है और आपको उसमें वह स्वाद नहीं आ रहा है तो ऐसे में उसमें एक चम्मच हल्का भुना हुआ बेसन डालना काफी अच्छा रहेगा। इससे ना केवल मसाले अच्छे से चिपकते हैं, बल्कि सब्जी का स्वाद भी बढ़ जाता है। खासकर अगर आप जौकी, टिंडा और तोरई जैसी सब्जियों को बना रहे हैं तो ऐसे में इस टिप्स को आजमाकर देखें।

हम सभी हर दिन घर में कोई ना कोई सब्जी जरूर बनाते हैं। लेकिन घर की सब्जी में अक्सर वह स्वाद नहीं आता है, जो हमें रेस्टोरेंट में मिलता है। ऐसे में हमें यह समझ नहीं आता है कि कहां गलती हो रही है। फीकी-फीकी सब्जी घर में किसी का भी खाने का मन नहीं करता है। हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो। लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसी कई छोटी-छोटी किचन ट्रिक्स होती हैं, जिसे अगर आप फॉलो करें, तो अपनी सिंपल सी सब्जी को भी बेहद ही टेस्टी बना सकती हैं।

इन किचन ट्रिक्स को आजमाने के बाद आपके घर में लोग रेस्टोरेंट से सब्जी लाना छोड़ ही देंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान किचन ट्रिक्स के बारे में



बता रहे हैं

***भुना हुआ बेसन करें इस्तेमाल***

अगर आपने सूखी सब्जी बनाई है और आपको उसमें वह स्वाद नहीं आ रहा है तो ऐसे में उसमें एक चम्मच हल्का भुना हुआ बेसन डालना काफी अच्छा रहेगा। इससे ना केवल मसाले अच्छे से चिपकते हैं, बल्कि सब्जी का स्वाद भी बढ़ जाता है। खासकर अगर आप जौकी, टिंडा और तोरई जैसी सब्जियों को बना रहे हैं तो ऐसे में इस टिप्स को आजमाकर देखें।

***कसूरी मेथी का करें इस्तेमाल***

अक्सर आपने नोटिस किया होगा कि होटल की सब्जी में बेहतरीन खुशबू आती है, जबकि घर की सब्जी के साथ ऐसा नहीं होता। इसके पीछे का राज कसूरी मेथी है। कसूरी मेथी सब्जी में खुशबू के साथ-साथ उसका स्वाद भी तुरंत बढ़ा देती है। बस आप इसे हाथ से हल्का मसलकर आखिर में डालें।

***सही समय पर डालें नमक***

नमक के बिना कोई सब्जी नहीं बनती, लेकिन अगर आप इसे सही समय पर डालते हैं तो इससे टेस्ट लाजवाब आता है। जहां कई सब्जियों में शुरुआत में नमक डालना सही रहता है, वहीं कुछ सब्जियों जैसे भिंडी या मशरूम में बाद में नमक डालें। दरअसल, गलत समय पर नमक डालने से सब्जी पानी छोड़ देती है और स्वाद बिगड़ सकता है।

***ताजा हो अदरक-लहसुन का पेस्ट***

अगर आप घर की सब्जी में बाजार जैसा स्वाद चाहते हैं तो इसके लिए बाजार वाला अदरक-लहसुन पेस्ट का इस्तेमाल करने से बचें। घर का ताजा पेस्ट सब्जी को ज्यादा खुशबूदार और स्वादिष्ट बनाता है।

# पुराना कूलर देगा शिमला जैसी हवा, आजमाएं ये ट्रीक, गर्मी से तुरंत मिलेगी राहत

गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो चुका है। इस दौरान न केवल घर के बाहर, बल्कि घर के अंदर भी काफी गर्मी लगती है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग पंखा और कूलर चलाते हैं, हालांकि आग उगलने वाली गर्मी में एयर कूलर भी गर्म हवा फेंकने लगता है। अगर आपका कूलर गर्म हवा देता है, तो इस स्थिति से बचने के लिए आप एक बार इस हैक का इस्तेमाल जरुर करें। इस उपाय के करने से आपका कूलर एकदम एसी जैसी हवा देगा। जाने इस हैक के बारे में-

***जरूरी सामग्री***

-फिटकरी- 1 छोटा टुकड़ा

-नमक और पानी- बर्फ जमाने के लिए

-प्लास्टिक की बोतलें- 2

कूलर से ठंडी हवा कैसे पाएं?

- कूलर की ठंडी हवा पाने के लिए सबसे जरुरी है कि पुराना पानी को निकाल दें और टंकी को अच्छे से साफ



कर लें। टंकी में जमी गंदगी और काई हवा को गर्म और बदबूदार बना देती है।

- इसके बाद टंकी में साफ पानी को भरें और इसमें एक फिटकारी का टुकड़ा डाल दें। कहा जाता है कि फिटकारी पानी की अशुद्धियों को खत्म करता है और हवा को शुद्ध करने में मदद करता है।

- एक बाल्टी या जग में पानी और नमक को अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को बोतलों में भरकर 2-3 घंटों के लिए फ्रीजर में रख दें।

- इसके बाद यह नमक वाला पानी पूरी तरह से बर्फ बन जाएगा, इन बोतलों को कूलर की टंकी में डाल दें।

- रात के समय सोने से पहले टंकी में यह बर्फ वाली बोतलें जरुर डालें, जिससे रात भर आपको बिना किसी रुकावट के ठंडी हवा मिल जाएं।

कूलर की घास और वेंटिलेशन का रखें ध्यान

इसके अलावा, कूलर की कूलिंग पानी पर ही नहीं, बल्कि इसके रखरखाव पर भी खासा ध्यान दें। फिटकारी वाला पानी इस्तेमाल करने से कूलर की घास पर जमा कैल्शियम और नमक की परत धीरे-धीरे साफ होने लगी, जिससे हवा का फ्लो और बेहतर हो जाता है।

इस बात का ध्यान रखें कि कूलर को हमेशा खिड़की के पास ही रखें, जिससे बाहर की ताजी हवा आसानी से खींच सके। यदि उमस ज्यादा बढ़े, तो कमरे का कोई दरवाजा या खिड़की को खुला रखें। क्रॉस वेंटिलेशन होने से गरम हवा बाहर निकल जाएगी और ठंडक बनीं रहे। इस हैक आप जरुर ट्राई करें।

# घर पर इस तरह से बनाएं होममेड खाद, समर में भी खिल उठेंगे आपके प्लान्ट

इस समय गर्मी का प्रकोप पूरे भारत में देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो रखा है। इस दौरान पेड़-पौधों का भी बुरा हाल हो जाता है। कई सारे लोग सुबह-शाम पौधों में पानी डालते हैं, इसके बाद भी शिकायत रहती है कि उनके पौधे या तो मुरझा जाते हैं या जल जा रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि गर्म हवाओं के कारण गमले की मिट्टी तेजी से सूख जाती है। ऐसे में पौधों की पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं या जल जाती हैं। जिससे कुछ पौधों की तो ग्रोथ भी धीमी हो जाती है।

गर्मियों सिर्फ पौधा को पानी देना जरुरी नहीं है। आप कुछ ऐसा जुगाड़ करे, जिससे गमले की मिट्टी में नमी बनीं रहे। आइए आपको बताते हैं कौन-सी चीजों को गमलों में डालें जिससे गमले की मिट्टी में नमी बनीं रहे।

***तरबूज के छिलके से कैसे बनाएं खाद?***



खासतौर पर लोग तरबूज खाने के बाद इसके छिलके को फेंक देते हैं, लेकिन इन्हीं छिलकों से आप घर पर ही प्राकृतिक रुप से खाद तैयार कर सकते हैं। वैसे भी तरबूज में पानी मात्रा सबसे अधिक होती है। इसलिए ये मिट्टी को सूखने नहीं देती हैं।

***ये काम जरुर करें***

तरबूज के छिलकों से खाद बनाने के लिए इसके छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। कोशिश करें कि यह लाल गूदा ज्यादा न गला हो, वरना इसमें जल्दी फंगस लग सकती है। इसके बाद इन टुकड़ों को एक से दो दिनों तक धूप में सुखा लें। इससे पानी सूख जाएगा और बदबू भी नहीं आएगी।

***कैसे बनाएं तरबूज के छिलके से खाद?***

एक बाल्टी या पुराने डिब्बे में मिट्टी डालें और इसमें तरबूज के छिलकों के टुकड़ों को मिला दें। अब इसमें सूखे पत्ते या थोड़ी पुरानी मिट्टी भी मिला सकती हैं। इसके बाद इसे ढककर 10 से 15 दिनों के लिए छोड़ दें। बस इसको बीच-बीच में चलाते रहे, जिससे खाद अच्छे से तैयार हो जाए।

***मिट्टी में कैसे करें इस्तेमाल?***

इस तैयार खाद को गमले की ऊपर वाली मिट्टी में हल्का-हल्का मिला दें। इस बात का ध्यान रखें कि इसको ज्यादा अंदर तक दबाने की जरुरत नहीं है। जब आप खाद मिलाते हैं, तो ऊपर से जरुरत के हिसाब से थोड़ा पानी मिला दें। ऐसा करने से मिट्टी में ज्यादा समय तक नमी बनी रहेगी।

# अब बच्चे नहीं बनाएंगे मुंह, लौकी से बनाएं ये सुपर हिट पुलाव और कबाब

ज्यादातर घरों में न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े भी लौकी का नाम सुनते ही मुंह बनाने लगते हैं। लेकिन वह नहीं जानते हैं कि लौकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। हालांकि इसकी साधारण सी सब्जी बोरिंग हो सकती है, लेकिन आप अपने बच्चे को नए तरीके से लौकी को खिला सकती हैं। आज इस आपको लौकी की दो बेहतरीन रेसिपीज के बारे में बताने जा रहे हैं। इन डिशेज को बनाना भी काफी आसान है। तो आइए जानते हैं आप लौकी और राइस से कौन-कौन सी रेसिपीज बना सकती हैं। यह रेसिपी न सिर्फ बड़ों बल्कि बच्चों को भी पसंद आएगी।



***लौकी का पुलाव की सामग्री***

कद्दूकस की हुई लौकी (निचोड़कर पानी निकाल दें) - 1 कप

बासमती चावल (भीगे हुए) - 1 कप

घी, आधा कप दही - 2 चम्मच

खड़े मसाले - तेजपत्ता, दालचीनी, लौंग)

बारीक कटा प्याज

अदरक-लहसुन पेस्ट

हरी मिर्च

***ऐसे बनाएं***

सबसे पहले कुकर में 2 चम्मच घी डालकर सभी खड़े मसाले डालें।

अब अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज को सुनहरा होने तक भून लें।

फिर कद्दूकस की हुई लौकी को डालकर 2 मिनट तक पकने दें।

इसके साथ ही नमक, दही और थोड़ा गरम मसाला मिलाएं।

आखिर में भीगे हुए चावल और जरूरत के हिसाब से पानी मिलाकर चलाएं।

अब एक सीटी आने तक पकाएं और फिर गरमा-गरम शाही लौकी पुलाव को रायते के साथ सर्व करें।

***लौकी-चावल के चटपटे कबाब की सामग्री***

लौकी - 2 कप

पके हुए चावल-1 कप (मैश किए हुए)

मसाले-अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च

बेसन या ब्रेड क्रम्ब्स - 3-4 बड़े चम्मच

लाल मिर्च पाउडर

हल्दी

अमचूर पाउडर

गरम मसाला

हरा धनिया - बारीक कटा हुआ

तेल - शैलो फ्राई करने के लिए

***ऐसे बनाएं***

सबसे पहले कद्दूकस की हुई लौकी को अच्छे से निचोड़कर इसका सारा पानी निकाल लें।

फिर एक बड़े बाउल में मैश किए हुए चावल और निचोड़ी हुई लौकी को डालें।

अब बाउल में कटी हरी मिर्च, सूखे मसाले और अदरक-लहसुन का पेस्ट मिलाएं।

इसके बाद बेसन या ब्रेड क्रम्ब्स और हरा धनिया डालकर इस मिश्रण को आंटे की तरह गूंथ लें।

अगर मिश्रण थोड़ा गीला है, तो इसमें थोड़ा सा बेसन मिला लें।

हाथों में थोड़ा सा तेल लगाकर मिश्रण से छोटे-छोटे बॉल्स बना लें और इसको टिक्की यानी की कबाब का आकार दें।

# घर की सब्जी को बनाना है सुपर टेस्टी, तो ट्राई करें ये आसान ट्रिक्स

हम सभी हर दिन घर में कोई ना कोई सब्जी जरूर बनाते हैं। लेकिन घर की सब्जी में अक्सर वह स्वाद नहीं आता है, जो हमें रेस्टोरेंट में मिलता है। ऐसे में हमें यह समझ नहीं आता है कि कहां गलती हो रही है। फीकी-फीकी सब्जी घर में किसी का भी खाने का मन नहीं करता है। हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो। लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसी कई छोटी-छोटी किचन ट्रिक्स होती हैं, जिसे अगर आप फॉलो करें, तो अपनी सिंपल सी सब्जी को भी बेहद ही टेस्टी बना सकती हैं।

इन किचन ट्रिक्स को आजमाने के बाद आपके घर में लोग रेस्टोरेंट से सब्जी लाना छोड़ ही देंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान किचन ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं-

***भुना हुआ बेसन करें इस्तेमाल***

अगर आपने सूखी सब्जी बनाई है और आपको उसमें वह स्वाद नहीं आ रहा है तो ऐसे में उसमें एक चम्मच हल्का भुना हुआ बेसन डालना काफी



अच्छा रहेगा। इससे ना केवल मसाले अच्छे से चिपकते हैं, बल्कि सब्जी का स्वाद भी बढ़ जाता है। खासकर अगर आप जौकी, टिंडा और तोरई जैसी सब्जियों को बना रहे हैं तो ऐसे में इस टिप्स को आजमाकर देखें।

***कसूरी मेथी का करें इस्तेमाल***

अक्सर आपने नोटिस किया होगा कि होटल की सब्जी में बेहतरीन खुशबू आती है, जबकि घर की सब्जी के साथ ऐसा नहीं होता। इसके पीछे का राज कसूरी मेथी है। कसूरी मेथी सब्जी में खुशबू के साथ-साथ उसका स्वाद भी तुरंत बढ़ा देती है। बस आप इसे हाथ से हल्का मसलकर आखिर में डालें।

***सही समय पर डालें नमक***

नमक के बिना कोई सब्जी नहीं बनती, लेकिन अगर आप इसे सही समय पर डालते हैं तो इससे टेस्ट लाजवाब आता है। जहां कई सब्जियों में शुरुआत में नमक डालना सही रहता है, वहीं कुछ सब्जियों जैसे भिंडी या मशरूम में बाद में नमक डालें। दरअसल, गलत समय पर नमक डालने से सब्जी पानी छोड़ देती है और स्वाद बिगड़ सकता है।

***ताजा हो अदरक-लहसुन का पेस्ट***

अगर आप घर की सब्जी में बाजार जैसा स्वाद चाहते हैं तो इसके लिए बाजार वाला अदरक-लहसुन पेस्ट का इस्तेमाल करने से बचें। घर का ताजा पेस्ट सब्जी को ज्यादा खुशबूदार और स्वादिष्ट बनाता है।

# गर्मी का तोड़ है ये देसी ड्रिंक, घर पर बनाएं ऐसे गुलाब शरबत और पाएं रिलीफ

गर्मियों के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखने के लिए सिर्फ सादा पानी पीना काफी नहीं होता। लेकिन अगर इसी पानी में आप गुलाब की पंखुड़ियों से बना सिरप मिला लें, तो इस चिपचिपी गर्मी से होने वाली चिड़चिड़ाहट और थकान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सबसे अच्छी बात इस रिफ्रेशिंग ड्रिंक को बनाने के लिए आपको अपनी रसोई में मौजूद कुछ ही चीजों की जरूरत पड़ेगी। आइए जानते हैं ताजे गुलाब की पंखुड़ियों से गुलाब का शरबत बनाने की बेहद आसान और क्विक रेसिपी।

***गुलाब का शरबत बनाने की आवश्यक सामग्री***

2 कप (अच्छे से धुली हुई) देसी गुलाब की ताजी पंखुड़ियां, 1.5 कप चीनी, 2 कप पानी, 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस (यह शरबत को जमने या क्रिस्टलाइज होने से रोकता है), 1 से 2 बड़े चम्मच चुकंदर का रस (वैकल्पिक)



***गुलाब का शरबत बनाने की आसान विधि***

पंखुड़ियों को साफ करें- सबसे पहले देसी गुलाब की ताजी पंखुड़ियों को साफ पानी से 2-3 बार अच्छी तरह धो लें ताकि उनकी सारी धूल-मिट्टी साफ हो जाए। ध्यान रखें कि हाइब्रिड गुलाब की जगह देसी गुलाब का ही इस्तेमाल करें, क्योंकि इनकी खुशबू और स्वाद बहुत लाजवाब होता है।

**गुलाब का अर्क निकालें :** अब एक बर्तन में 1 कप पानी लें और उसमें धुली हुई गुलाब की पंखुड़ियां डाल दें। इसे धीमी आंच पर 5-7 मिनट तक उबलने दें। जब पंखुड़ियों का सारा गुलाबी रंग पानी में आ जाए और पंखुड़ियां हल्की सफेद दिखने लगें, तो गैस बंद कर दें।

**पानी को छानें :** इस उबले हुए पानी को एक छलनी की मदद से अच्छी तरह छान लें और पंखुड़ियों को अलग कर दें। इस तरह आपका खुशबूदार और प्राकृतिक गुलाब जल बेस तैयार हो जाएगा।

**चाशनी तैयार करें :** अब एक दूसरे गहरे पैन में 1 कप पानी और डेढ़ कप चीनी डालें। इसे धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि चीनी पानी में पूरी तरह घुल न जाए। इसे हल्का गाढ़ा होने दें। ध्यान रहे कि हमें इसकी एक तार की चाशनी नहीं बनानी है, बस इसमें एक हल्का सा चिपचिपापन आना चाहिए।


**सब कुछ एक साथ मिलाएं :** इस गर्म चाशनी में तैयार किया हुआ गुलाब का पानी डाल दें। साथ ही, बेहतरीन खुशबू के लिए इलायची पाउडर और सुंदर लाल रंग के लिए चुकंदर का रस मिला दें। इसे 3-4 मिनट तक और पकने दें ताकि सभी चीजें आपस में अच्छी तरह मिल जाएं।

**नींबू का रस मिलाएं :** अब गैस बंद कर दें और सिरप को थोड़ा ठंडा होने दें। जब यह हल्का गुनगुना रह जाए, तो इसमें नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें।

**स्टोर करें :** पूरी तरह से ठंडा होने के बाद आपका शुद्ध और केमिकल फ्री गुलाब का सिरप तैयार है। इसे एक साफ कांच की बोतल या जार में भरकर फ्रिज में रख लें। यह सिरप महीनों तक खराब नहीं होता और जब भी आपका मन करे, इसे ठंडे पानी या दूध में मिलाकर इसके ताजगी भरे स्वाद का आनंद लें।

# बचे हुए चावल का करें ऐसा इस्तेमाल, मिनटों में तैयार होगी 2 फेलेवर वाली टेस्टी कुल्फी

हर घर में रोजाना बना हुआ खाना कुछ न कुछ बच ही जाता है। हमारे यहां भारतीय घरों में चवाल खाना सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। वहीं, कुछ लोग तो ऐसे हैं जो बिना चावल के रह भी नहीं सकते हैं। हमारे घर में जब भी चावल बनता है, चाहे जितना भी बना लें, बच ही जाता है। ऐसे में लोग इसे या तो फेंक देते हैं या गरम करके खा लेते हैं। बासी चावल खाने में अच्छे नहीं लगते लेकिन इनका कुछ यूनिक डिश बनाएं तो मजा ही आ जाता है। ऐसे में आप भी क्रिएटिविटी दिखाएंगी तो इससे शानदार डेजर्ट तैयार होगा। आप रात के बचे हुए चावल से 2 फ्लेवर में कुल्फी बना सकते हैं। गर्मियों में कुल्फी खाने का एक अलग ही मजा होता है। चिलचिलाती गर्मी में कुल्फी खाना हर किसी को बेहद पसंद है। इसलिए चावल से कुल्फी को बेहतरीन टेक्सचर मिल जाता है। आइए आपको बताते हैं कैसे बनाए बचे हुए चावल से कुल्फी।



कुल्फी बनाने के लिए क्या चाहिए?

- 1 कप बचे हुए चावल
- 2 कप दूध
- चीनी स्वादानुसार
- थोड़ा इलायची पाउडर

***बेस को कैसे तैयार करें?***

- सबसे पहले चावल और दूध को मिक्सर में पीस लें।
- ध्यान रखें कि मिक्सचर ज्यादा पतला न हो।
- फिर इस मिक्सचर को गैस पर 5 मिनट तक हल्का गाढ़ा होने तक पकाएं।
- इसके बाद चीनी और इलायची डाल दें।
- यह लीजिए आपका कुल्फी बेस तैयार है।

***फ्लेवर 1- मैंगो कुल्फी***

आप इससे मैंगो कुल्फी बना सकते हैं। ये गर्मियों में काफी पसंद भी की जाती है। इसके लिए आपको ये करना होगा-

- सबसे पहले कुल्फी के बेस को ठंडा कर लें और बाद में आम का गूदा मिला लें।
- अब इसे अच्छे तरह मिक्स कर लें।
- इसके बाद कुल्फी मोल्ड या छोटे कप में भरकर रख दें।
- ऊपर से थोड़े ड्राई फ्रूट्स डाल दें।
- फिर इसे फ्रीजर में रखें जब तक ये अच्छे जम न जाए।
- जब ये पूरी तरह से जम जाए तो इसे ठंडा-ठंडा सर्व करें। ये खाने भी काफी टेस्टी लगती है।

***फ्लेवर 2 : चॉकलेट कुल्फी***

गौरलब है कि बच्चों को सबसे ज्यादा चॉकलेट कुल्फी पसंद होती है। खास बात यह है कि इसे आप घर पर हेल्दी तरीके से बनाएंगी तो और स्वाद बढ़ जाएगा। चॉकलेट कुल्फी बनाने के लिए ये करें-

- कुल्फी बेस में कोको पाउडर और थोड़ा चॉकलेट सिरप को मिला लें।
- इसको आप अच्छे से मिला लें।
- अब इसे कुल्फी मोल्ड में भर दें।
- ऊपर से चॉको चिप्स डाल सकते हैं।
- ड्राई फ्रूट्स से गार्निश करें।
- अब इसे फ्रीजर में 5 से 6 घंटे के लिए रख दें।
- आपकी कुल्फी तैयार है। इसको आप ठंडा-ठंडा सर्व कर सकते हैं।

# दही अब घर पर! मिनटों में गाढ़ा करने के लिए अपनाएं यह प्रो फुड टिप्स

गर्मी के मौसम में हम सभी को अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है, जो हमारे शरीर को ठंडक दे सकें। इस मौसम में दही रोजाना खाया जाता है। रायता, लस्सी और छाछ तो गर्मियों में बनता ही है, तो वहीं कुछ लोग सादा दही भी खाने के साथ खाना पसंद करते हैं। ज्यादातर डिशेज में दही का इस्तेमाल होता है। ऐसे में कई महिलाएं इसको घर पर ही जमा लेती हैं। लेकिन कई बार यह शिकायत होती है कि दही जमाने पर वह गाढ़ा नहीं बल्कि पानी जैसा पतला हो जाता है। इस चक्कर में लोग पतले दही को फेंक देते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यही शिकायत रहती है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पतले दही को गाढ़ा करने के आसान तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



पतला दही ऐसे करें गाढ़ा

सबसे एक बाउल लें और इसके ऊपर कपड़ा फैला दें।

फिर पतले दही को उसी कपड़े में डाल दें।

इसके बाद कपड़े को हल्का सा बांध दें।

अब कम से कम 15 से 20 मिनट के लिए इसको लटका दें। या फिर किसी बर्तन में रखें।

इस तरह से दही का एक्स्ट्रा पानी निकल जाएगा।

अगर आप भी यह ट्रिप अपनाती हैं, तो दही कुछ ही मिनटों में गाढ़ा हो जाएगा। इसके मलाईदार टेक्सचर को देखकर आपको ऐसा लगेगा जैसे आपने मार्केट से जाकर दही खरीदा है। इससे आप डिप, रायता या फिर दही भल्ला बना सकती हैं।

पतले दही से बनाएं ये डिशेज

अगर आप पतले दही को गाढ़ा नहीं करना चाहती हैं, तो आप इसकी कई चीजें बना सकती हैं। पतले दही की कढ़ी बहुत स्वादिष्ट बनती है। वहीं आप पतले दही से छाछ भी बना सकती हैं और सब्जी की ग्रेवी बनाने में भी इसका यूज कर सकती हैं। इसके अलावा आप दही टोस्ट और दही वाले चावल भी बनाकर तैयार कर सकती हैं।

ध्यान रखें ये बातें

अगर दही खट्टा हो गया है, तो इसको न इस्तेमाल करें।

वहीं पतले दही को गाढ़ा करने के लिए हमेशा साफ कपड़े का इस्तेमाल करना चाहिए।

दही को बहुत अधिक समय तक न लटकाएं।

वहीं दही से निकले हुए पानी को फेंके न बल्कि इसको आटा गूंथने या फिर सब्जी बनाने में इस्तेमाल कर सकती हैं।

# अमित शाह ने स्मार्ट बॉर्डर परियोजना की घोषणा की, घुसपैठियों को बाहर करने की शून्य-सहिष्णुता नीति



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि सरकार सीमा पार घुसपैठ के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाएगी। उन्होंने बताया कि देश की सीमाओं को सील करने और सभी अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक व्यापक स्मार्ट बॉर्डर परियोजना इस वर्ष शुरू की जाएगी। शाह ने कहा कि अवैध प्रवासन जनसांख्यिकीय बदलाव लाने की एक सोची-समझी साजिश है, और सरकार हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे निर्वासित करेगी। विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पदग्रहण समारोह 2026 को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही। गृह मंत्रालय देश की 6,000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर एक अभेद्य सुरक्षा ग्रिड लागू करेगा। उन्होंने घोषणा की कि अगले एक वर्ष के भीतर, स्मार्ट बॉर्डर अवधारणा के तहत, बीएसएफ को ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। गृह मंत्री ने बीएसएफ से आग्रह किया कि वह घुसपैठ और पशु तस्करी के मार्गों की पहचान करने और उन्हें बंद करने के लिए राज्य पुलिस, जिला कलेक्टरों और ग्राम पटवारियों के साथ सीधे समन्वय करके अपने खुफिया नेटवर्क का विस्तार करे।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा सरकारों के साथ नीतिगत तालमेल इस सुरक्षा ग्रिड को सुविधाजनक बनाएगा। गृह मंत्रालय जल्द ही इन तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक बुलाएगा। वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन का उदाहरण देते हुए शाह ने कहा, किसी समस्या को नियंत्रित करना सुरक्षा नहीं है; उसे जड़ से खत्म करना ही सही तरीका है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सीमा पर तैनात जवानों की सहायता के लिए जल्द ही एक उच्च-शक्ति जनसांख्यिकी मिशन शुरू किया जाएगा। शाह ने बीएसएफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि 1965 में 25 बटालियनों के साथ शुरू हुआ यह बल अब 2,70,000 कर्मियों वाला दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बन गया है। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्तव्य के दौरान उत्कृष्ट योगदान और सर्वोच्च बलिदान के लिए बीएसएफ कर्मियों को सम्मानित भी किया।

इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पूरी तरह से सील करना है। इसके तहत सीमा सुरक्षा बल को आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों से लैस किया जाएगा। यह पहल अगले एक वर्ष के भीतर पूरी की जाएगी। इसका उद्देश्य अवैध घुसपैठ को प्रभावी ढंग से रोकना और देश की जनसांख्यिकी को सुरक्षित रखना है।

# अंधाधुंध गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला होंडुरास, छह पुलिस कर्मियों समेत 25 लोगों की हत्या




**नई दिल्ली,एजेसी।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां हथियारबंद बदमाशों ने दो अलग-अलग जगहों पर अंधाधुंध गोलीबारी की है। इस भयानक हमले में कम से कम 25 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मरने वालों में पुलिस के छह जवान भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यह खूनी खेल गुरुवार को होंडुरास के तटीय इलाकों में खेला गया। अधिकारियों के मुताबिक, पहला हमला उत्तरी होंडुरास के ट्रूजिलो नगर पालिका क्षेत्र के एक बागान में हुआ। यहां काम कर रहे कम से कम 19 मजदूरों को गोलियों से भून दिया गया। इसके बाद दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ इलाके में हुआ, जहां बदमाशों ने पुलिस टीम पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में एक वरिष्ठ अधिकारी समेत छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई।

ट्रूजिलो का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यहां दशकों से जमीन और खेती को लेकर खूनी संघर्ष चलता आ रहा है। यह इलाका पर्यावरण और भूमि अधिकारों की रक्षा करने वालों के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। गैर-सरकारी संगठन ग्लोबल विटनेस के अनुसार, होंडुरास पर्यावरणविदों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है। साल 2024 में यहां पर्यावरण नेता जुआन लोपेज की हत्या कर दी गई थी। यहां जमीन और जंगल बचाने वाले कार्यकर्ताओं को अक्सर धमकियां मिलती हैं और उन पर जानलेवा हमले होते रहते हैं।

ओमोआ में मारे गए छह पुलिसकर्मी एक विशेष एंटी-गैंग मिशन (गैंगस्टर विरोधी अभियान) पर निकले थे। पुलिस के मुताबिक, यह टीम राजधानी टेगुसिगाल्पा से ओमोआ जा रही थी, तभी रास्ते में बदमाशों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। होंडुरास लंबे समय से खतरनाक गैंग (गिरोह) और नशीले पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। विश्व बैंक के अनुसार 2011 के बाद से यहां हत्या की दर में कमी आई थी, लेकिन इस बड़ी घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन भी होंडुरास के सैन्यीकृत पुलिस रवैये की आलोचना करते रहे हैं।

इस भीषण नरसंहार के बाद पुलिस और सशस्त्र बलों ने दोनों इलाकों को पूरी तरह से घेर लिया है। राष्ट्रीय पुलिस के प्रवक्ता एडगार्डो बाराहोना ने बताया कि ट्रूजिलो में मरने वालों की सही संख्या का पता लगाना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि कई पीड़ित परिवार पुलिस के पहुंचने से पहले ही अपने रिश्तेदारों के शव वहां से ले गए हैं। सुरक्षा मंत्रालय ने कहा है कि घटना की गहराई से जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों और अभियोजकों की एक विशेष टीम बनाई गई है, जो दोषियों को पकड़ने का काम करेगी।

# एवरेस्ट शिखर से उतरते समय दो भारतीयों की मौत, गाइड ने की थी बचाने की कोशिश



**काठमांडू,एजेसी।** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले दो भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी। नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही शिखर से नीचे आते समय बुरी तरह थक गए थे। उनके गाइडों के प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

भंडारी ने पीटीआई को बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदीप अरे ने बुधवार को शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। वहीं, अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम लगभग 5.30 बजे शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गाइडों ने बहुत मेहनत की लेकिन वह उन्हें बचाने में सक्षम नहीं हो सके। संदीप अरे का निधन गुरुवार को हुआ। वहीं, अरुण तिवारी का निधन कब हुआ, यह स्पष्ट नहीं है। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतारोहियों ने 8,848.86 मीटर ऊंची चोटी पर विजय प्राप्त की। एक दिन में सबसे अधिक पर्वतारोहण का यह एक नया रिकॉर्ड है। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल थे। वहीं, अगले दिन, गुरुवार को, भारत के लक्ष्मीकांत मंडल भी विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंच गए।

## चंद्रपुर में बाघ ने किया हमला, चार महिलाओं की मौत

**चंद्रपुर,एजेसी।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में शुक्रवार सुबह एक बाघ ने चार महिलाओं को मार डाला। यह महिलाएं शुक्रवार की सुबह तेंदू के पत्ते इकट्ठा कर रही थी। तभी यह घटना हुई। यह जानकारी वन अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर सिंदेवाही तहसील के गुंजेवाही गांव के पास हुई। दरअसल, महिलाओं का एक समूह तेंदू के पत्ते इकट्ठा करने के लिए जंगल में गया था, जिनका उपयोग मुख्य रूप से बीड़ी (हाथ से बनी सिगरेट) के प्राकृतिक आवरण के रूप में किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि जब वह पत्ते इकट्ठा करने में व्यस्त थीं, तभी एक बाघ ने हमला किया। इसमें चार की मौत हो गई। मृत महिलाओं की पहचान कावादाबाई मोहुरले (45), अनीताबाई मोहुरले (40), सुनीता मोहुरले (38) और संगीता चौधरी (50) के रूप में हुई है। ये सभी गुंजेवाही की निवासी थीं। हालांकि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि बाघ ने सभी महिलाओं को एक ही स्थान और समय पर मारा या अलग-अलग स्थानों पर मारा है।

# 30 दिन में परीक्षा कराना चुनौती : पेपर लीक रोकने के लिए नीट की जीरो ट्रस्ट नीति, सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर



**नई दिल्ली,एजेसी।** आगामी 21 जून को दोबारा होने वाली नीट (हृश्वश्वञ्ज) परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में एजेंसी जीरो ट्रस्ट नीति के तहत काम कर रही है। इसका सीधा मतलब है कि एजेंसी अब किसी भी स्तर पर सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। पेपर लीक विवाद के बाद एनटीए अब कड़ी निगरानी, नियमित ऑडिट और सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि 30 दिनों के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करना एक बड़ी चुनौती है।

आमतौर पर इतने बड़े स्तर की परीक्षा की तैयारी के लिए लगभग छह महीने का समय चाहिए होता है। एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि समय बहुत तेजी से निकल रहा है। अगर समय की कमी की वजह से कोई भी छोटी सी चूक हुई, तो यह एक बड़ी मुसीबत बन सकती है। पिछली नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों के बाद छात्रों और अभिभावकों में भारी गुस्सा देखा गया था। इसके बाद ही दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया। फिलहाल इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि एजेंसी की जिम्मेदारी सिर्फ परीक्षा कराना ही नहीं है, बल्कि पूरी प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखना भी है। एनटीए का मानना है कि वे छात्रों को बार-बार निराश नहीं कर सकते, क्योंकि यह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा।

विवाद के बाद एनटीए ने अपने अंदरूनी सिस्टम में बड़े बदलाव किए हैं। सभी प्रोटोकॉल को पहले से ज्यादा मजबूत बनाया गया है। क्रॉस-चेकिंग का सिस्टम बढ़ा दिया गया है ताकि कोई भी कमी न रह जाए। एजेंसी टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पैनी नजर रख रही है। जांच करने वालों को शक है कि पेपर लीक करने के लिए इन्हीं चैनलों का इस्तेमाल किया गया था। एनटीए निष्पक्ष परीक्षा के लिए कई गुप्त कदम भी उठा रहा है। एजेंसी इन सभी कदमों को सार्वजनिक नहीं करना चाहती, क्योंकि इससे नकल माफिया को सिस्टम की कमियां ढूंढने में मदद मिल सकती है।

अंदरूनी गड़बड़ी की आशंका पर सूत्रों ने माना कि जो लोग वर्षों से एजेंसी के साथ काम कर रहे हैं, वे भी गलत हो सकते हैं। अगर अंदर के लोग ही गड़बड़ी करें, तो उसे रोकना बहुत मुश्किल हो जाता है। अब यह पक्का किया जा रहा है कि ऐसी घटना दोबारा न हो। लीक के बारे में सूत्रों ने दावा किया कि पिछली बार पेपर का सिर्फ एक हिस्सा ही प्रभावित हुआ था। अगर लीक प्रिंटिंग प्रेस, बैंक या परीक्षा केंद्र से हुआ होता, तो पूरा पेपर बाहर आ जाता। फिलहाल, असली सच सीबीआई की जांच से ही सामने आएगा और एनटीए इस जांच को प्रभावित नहीं करेगा। 21 जून को होने वाली परीक्षा ही एनटीए की नई तैयारियों को साबित करेगी।

# रिपोर्ट का दावा : ईरान कर सकता है अचानक हमला, युद्धविराम पर बातचीत के बीच खौफ में नेतन्याहू



**तेल अवीव,एजेसी।** इस्रायल को अंदेशा है कि ईरान उस पर और खाड़ी देशों पर अचानक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर सकता है। यह डर ऐसे समय में जताया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है। जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया अधिकारियों ने इस संभावित खतरे की जानकारी दी है।

इस खतरे को देखते हुए इस्रायल के रक्षा मंत्री इस्रायल काट्ज और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सुरक्षा हालात की समीक्षा की है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि ईरान कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह नाकाम होने से पहले ही हमला करने की कोशिश कर सकता है। अधिकारियों ने इस संभावित हमले की तुलना ऑपरेशन एपिक फ्यूरी और ऑपरेशन रोरिंग लायन के शुरुआती चरणों से की है।

वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कुछ मतभेदों की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद, दोनों देशों की सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इस्रायली वायुसेना और आईडीएफ (ढ्ढष्ठस्न) के अधिकारी अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वे ईरान की संदिग्ध सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल जमीर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि हमले की स्थिति में मिलकर जवाब दिया जा सके।

पिछले एक महीने में अमेरिका से इस्रायल आने वाले सैन्य सामान की सप्लाई में काफी तेजी आई है। दोनों देशों ने मिलकर मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम, तकनीक और सॉफ्टवेयर को और भी बेहतर बनाया है। वल्ला की एक रिपोर्ट के अनुसार, खतरों की पहचान करने और उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समीक्षा की गई है।

राष्ट्रपति ट्रंप ईरान की परमाणु क्षमता को खत्म करने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे। ट्रंप ने साफ किया कि वे ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेकर उसे नष्ट कर देंगे। माना जाता है कि ईरान के पास करीब 900 पाउंड अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम है, जो हथियार बनाने के लिए काफी है। इस्रायल शुरू से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोध करता रहा है। इस्रायल का मानना है कि सांस्कृतिक और धार्मिक मतभेदों की वजह से ईरान का परमाणु कार्यक्रम उसके अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा है।

# चीन पर शिकंजा कसने की तैयारी : अमेरिका में नया बिल पेश, ड्रैगन के सैन्य नेटवर्क पर लगाना चाहता है प्रतिबंध



**वाशिंगटन,एजेसी।** अमेरिका में चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दो वरिष्ठ रिपब्लिकन सांसदों ने चीन के सैन्य-औद्योगिक नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर तेजी से प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से नया विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानी जाने वाली चीनी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई में अब और देरी नहीं की जा सकती।

रिपब्लिकन सीनेटर रिक स्कॉट और प्रतिनिधि एलिस स्टेफानिक ने सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट नाम का विधेयक पेश किया है। इस प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिकी ट्रेजरी विभाग को उन चीनी व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ एक साल के भीतर कार्रवाई करनी होगी, जिन्हें अमेरिकी सरकार सुरक्षा के लिए खतरा मानती है। विधेयक का उद्देश्य वित्त वर्ष 2026 के राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन करना है। इसके तहत एक निश्चित समय सीमा तय की जाएगी, जिसके भीतर संदिग्ध चीनी संस्थाओं को ट्रेजरी विभाग की नॉन-एसडीएन चीनी सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स कंपनियों की सूची में शामिल करना अनिवार्य होगा। मौजूदा कानून के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति हर दो साल में ऐसी रिपोर्ट पेश करते हैं, जिसमें उन चीनी व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की जाती है, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम माना जाता है। हालांकि, अभी ट्रेजरी विभाग के लिए इन संस्थाओं पर कार्रवाई या सूची अपडेट करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। नया विधेयक इसी व्यवस्था को बदलने का प्रयास करता है। प्रस्तावित कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति की रिपोर्ट पेश होने के एक साल के भीतर ट्रेजरी सचिव को संबंधित विदेशी नागरिकों और संस्थाओं को प्रतिबंध सूची में शामिल करना होगा और संशोधित सूची को फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित करना होगा। सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि जैसे ही किसी संस्था की पहचान अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में होती है, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सैन्य हितों के लिए काम करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को अमेरिका में कारोबार करने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कम्युनिस्ट चीन हमारा दुश्मन है और अब उसी के अनुरूप सख्त कदम उठाने का समय आ गया है। वहीं, एलिस स्टेफानिक ने कहा कि यह विधेयक चीन के सैन्य विस्तार से जुड़ी कंपनियों पर अमेरिका की आर्थिक निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि ट्रेजरी विभाग अब चीन के दुर्भावनापूर्ण प्रभाव और सैन्य विस्तार से जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई में देरी न कर सके। स्टेफानिक ने कहा कि पिछले वर्ष कांग्रेस ने प्रशासन से उन चीनी कंपनियों की रिपोर्ट मांगी थी, जो कड़े प्रतिबंधों के दायरे में आ सकती हैं। 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट' यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों पर तेजी से जवाब दे सके और संदिग्ध कंपनियों पर जल्द प्रतिबंध लगाए जा सकें।

# यूएन में हमास को निरस्त्र करने की मांग तेज, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 23 आतंकियों को किया ढेर

इस्राइल ने गाजा की नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश करने वाले सैकड़ों फ्लोटिला कार्यकर्ताओं को हिरासत के बाद निर्वासित कर दिया। करीब 420 कार्यकर्ता विमानों के जरिए तुर्किये पहुंचे, जहां इस्तांबुल एयरपोर्ट पर उन्होंने फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए। कई देशों ने कार्यकर्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर इस्राइली दूतों को तलब किया। इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों के साथ किया गया व्यवहार इस्राइल के मूल्यों के अनुरूप नहीं था। कुछ कार्यकर्ताओं ने हिरासत के दौरान मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, हालांकि इस्राइली जेल अधिकारियों ने इन दावों को खारिज किया है। गाजा पर 2007 से लागू समुद्री नाकेबंदी को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस और विरोध लगातार तेज होता जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में गाजा युद्धविराम समझौते की निगरानी कर रहे अधिकारियों ने हमास को हथियार छोड़ने के लिए हरसंभव दबाव बनाने की अपील की है। अमेरिका समर्थित शांति बोर्ड के प्रतिनिधि निकोलाय म्लादेनोव ने कहा कि गाजा में हिंसा का हर नया दौर संघर्षविराम को कमजोर कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं निकला तो गाजा का मानवीय संकट और गहरा जाएगा। म्लादेनोव ने कहा कि हमास को चरणबद्ध तरीके से हथियार छोड़ने होंगे, जबकि इस्राइल को भी युद्धविराम की शर्तों का पालन करना चाहिए। हमास ने इस रिपोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें इस्राइल की कथित उल्लंघनों को नजरअंदाज किया गया है। गाजा में जारी मानवीय संकट, सीमित राहत सामग्री और लगातार सैन्य तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

कांगो के पूर्वी हिस्से में इबोला संक्रमण को लेकर बढ़ते डर और गुस्से के बीच लोगों ने एक उपचार केंद्र में आग लगा दी। र्वामपारा कस्बे में स्थानीय युवकों ने उस समय हिंसक प्रदर्शन किया जब प्रशासन ने इबोला से मृत संदिग्ध व्यक्ति का शव परिवार को सौंपने से रोक दिया। गुस्साई भीड़ ने इलाज केंद्र में तोड़फोड़ कर आग लगा दी, जिसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों को वहां से भागना पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक इबोला पीड़ितों के शव बेहद संक्रामक होते हैं, इसलिए विशेष प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि संक्रमण के मामले आधिकारिक आंकड़ों से कहीं ज्यादा हो सकते हैं। अब तक करीब 148 संदिग्ध मौतें और लगभग 600 संभावित मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि हालात तेजी से बिगड़ सकते हैं।

डेमोक्रेटिक की पोस्ट-इलेक्शन रिपोर्ट में पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की चुनावी रणनीति की आलोचना की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि हैरिस ने ग्रामीण अमेरिका की उपेक्षा की और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पर्याप्त आक्रामक प्रचार नहीं किया। 192 पन्नों की इस रिपोर्ट में कहा गया कि डेमोक्रेटिक पार्टी आइडेंटिटी पॉलिटिक्स पर जरूरत से ज्यादा निर्भर रही और आम मतदाताओं की आर्थिक चिंताओं को पर्याप्त महत्व नहीं दे सकी। रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी पुरुष मतदाताओं, खासकर रंगभेद झेलने वाले समुदायों के पुरुषों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई। डेमोक्रेटिक रणनीतिकारों ने रिपोर्ट जारी करने में देरी और नेतृत्व की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई। इस रिपोर्ट ने पार्टी के भीतर 2024 चुनावी हार को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

होंडुरास के उत्तरी तटीय क्षेत्रों में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पहला हमला ट्रूजिलो नगर पालिका के एक रैंच में हुआ, जहां हथियारबंद हमलावरों ने मजदूरों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में कम से कम 10 कर्मचारियों की मौत हो गई। यह इलाका लंबे समय से भूमि विवाद और कृषि संघर्षों के लिए संवेदनशील माना जाता है। वहीं दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ नगर पालिका में हुआ, जहां हमलावरों ने पुलिस टीम को निशाना बनाया। इस घटना में छह पुलिसकर्मियों, जिनमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, की जान चली गई। अधिकारियों ने दोनों घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। लगातार बढ़ती हिंसा ने होंडुरास में सुरक्षा व्यवस्था और संगठित अपराध को लेकर चिंता और बढ़ा दी है।

यूक्रेन ने बुधवार रात ड्रोन हमले कर रूस के अंदरुनी इलाके में तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई और धुएं का गुबार देखा गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया। यूक्रेन द्वारा रूस के महत्वपूर्ण तेल उद्योग पर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से हमला करने की यह नई घटना है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर हमले का एक कथित वीडियो साझा करते हुए कहा कि ड्रोन ने रूस में 800 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित सिजरान तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया। सिंगापुर के तट के पास अमेरिका के जब्त किए गए एक जहाज पर सवार 20 ईरानी नाविक वापस ईरान लौट आए हैं। ईरानी आधिकारिक समाचार एजेंसी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने बृहस्पतिवार को बताया कि ईरानी विदेश मंत्री, उनके पाकिस्तानी और सिंगापुर के समकक्षों के कूटनीतिक प्रयासों के बाद इन नाविकों की घर वापसी मुमकिन हो पाई है।

# अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की कोशिशें तेज, पर्दे के पीछे बातचीत जारी



**वॉशिंगटन,एजेसी।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बड़े समझौते को लेकर परदे के पीछे बातचीत चल रही है। ईरान की इस्ना समाचार एजेंसी ने बताया कि दोनों देश एक-दूसरे को संदेश और लिखित प्रस्ताव भेज रहे हैं। वहीं, अल जजीरा की एक रिपोर्ट में ईरानी अधिकारी के हवाले से कहा गया कि दोनों पक्ष समझौते के बहुत करीब हैं। हालांकि, अल जजीरा ने कहा कि यह तय करना अभी भी जल्दबाजी होगी कि अंतिम समझौते हो गया है या नहीं। इस बीच रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि, मोहसिन नकवी ईरान के दौरे पर हैं। वे वहां होर्मुज जलडमरूमध्य के हालात पर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि अभी यह पक्का नहीं है कि अंतिम समझौता कब तक होगा। यह बातचीत एक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के हथियारों के भंडार में कमी आई है।

द वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस्रायल की रक्षा करते हुए अमेरिका ने अपनी मिसाइल रोकने वाली प्रणालियों का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया है। अमेरिका ने इस्रायल को बचाने के लिए 200 से ज्यादा थाड इंटरसेप्टर दागे। इसके अलावा, समुद्र में तैनात जहाजों से 100 से ज्यादा स्टैंडर्ड मिसाइल-3 और 6 भी छोड़ी गईं। इससे पेंटागन के पास मौजूद कुल स्टॉक का लगभग आधा हिस्सा खत्म हो गया है।

# मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु जनपद में व्यापक तैयारियां पूर्ण

■ जनगणना-2026 का प्रथम चरण आज 22 मई से हुआ विधिवत प्रारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद में 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित स्व-गणना अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हो ने के पश्चात अब जनगणना-2026 के प्रथम चरण, अर्थात् मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (House Listing & Housing Census) का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण के अंतर्गत नियुक्त प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक मकान का विस्तृत विवरण संकलित करेंगे। सर्वेक्षण के दौरान मकानों की नंबरिंग, भवन की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक जानकारियों का संकलन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया है कि जनगणना कार्य पूर्ण सावधानी, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी घर गणना से वंचित न रहे तथा किसी भी मकान का दोहराव न हो। मा. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 'हर घर की गणना' को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद में जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन हेतु कुल 24 चार्ज बनाए गए हैं, जिनमें 16 नगरीय चार्ज एवं 08 ग्रामीण चार्ज सम्मिलित हैं। इन 24 चार्जों के अंतर्गत कुल 9110 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं, जहां प्रगणक घर-घर जाकर सर्वेक्षण का कार्य करेंगे। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जो जनगणना का प्रथम चरण है, उसमें बेघर परिवारों की गणना नहीं की जाती है। यह प्रक्रिया केवल मकानों एवं उनमें उपलब्ध सुविधाओं के आंकड़ों के संकलन से संबंधित है। जनपद प्रशासन ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पंचायत भवन पर प्रधान ने बनाया लाइब्रेरी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (जफराबाद)।** सिरकोनी ब्लॉक के कल्याणपुर गांव के प्रधान रमेश चन्द्र जायसवाल ने पंचायत भवन पर लाइब्रेरी बनवाकर एक मिशाल पेश किया है।उनके कार्य की पूरे क्षेत्र में काफी चर्चा है। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य गांव में ही अपनो के बीच रहकर बच्चों को शांत एवं बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है। ताकि उनका ज्ञान और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ सके।इसके अलावा लाइब्रेरी में ऐतिहासिक व आध्यात्मिक किताबे व अन्य ज्ञान वर्धक पुस्तकों को रखा गया। उन्होंने बताया कणलाइब्रेरी में बच्चों और युवाओं के लिए पुरानी से पुरानी लगभग 1000 पुस्तकें रखी गई हैं। जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी और सीखने का अवसर मिलेगा।

# विद्यालय प्रबंधक महासभा का प्रांतरीय सम्मलेन वाराणसी में

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबंधक महासभा का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन आगामी 13 और 14 जून को धार्मिक नगरी वाराणसी में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबंधक महासभा द्वारा विद्या विहार इंटर कॉलेज परिसर में किया जाएगा। इस संबंध में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सूर्य मणि त्रिपाठी और महामंत्री राजेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1977 में गठित यह संगठन लगातार प्रदेश भर के विद्यालय प्रबंधकों की समस्याओं और शैक्षिक व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दों को सरकार और प्रशासन के समक्ष उठाता रहा है। संगठन प्रत्येक तीन वर्ष में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित करता है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से विद्यालय प्रबंधक, पदाधिकारी और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इस बार आयोजित होने वाले सम्मेलन में माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधकों की विभिन्न समस्याओं, प्रशासनिक कठिनाइयों तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन की प्रमुख मांगों को लेकर प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे, जिन्हें बाद में शासन स्तर पर भेजा जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष सूर्य मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में विद्यालय प्रबंधकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में उनकी समस्याओं का समाधान होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में प्रदेश भर से आए प्रतिनिधि शिक्षा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। वहीं महासभा के महामंत्री राजेंद्र सिंह ने प्रदेश के सभी जिलों के विद्यालय प्रबंधकों और संगठन के पदाधिकारियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संगठन की मजबूती और शिक्षा जगत की समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। दो दिवसीय सम्मेलन को लेकर संगठन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सम्मेलन में प्रदेश के कई वरिष्ठ शिक्षाविदों और प्रबंधकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# राजा भैया, बृजभूषण समेत हाईकोर्ट ने तलब की 19 बाहुबलियों की कुंडली

अवधनामा संवाददाता

■ प्रदेश में 10 लाख शस्त्र लाइसेंसधारी, छह हजार से ज्यादा दागी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में शस्त्र लाइसेंसों के दुरुपयोग, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को लाइसेंस जारी किए जाने और हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार तथा सभी जिलों के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत जवाब तलब किया है। साथ ही कोर्ट ने रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), धनंजय सिंह समेत 19 लोगों के शस्त्र लाइसेंस की जानकारी भी तलब की है। सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करता है तथा यह कानून के शासन और सामाजिक शांति के विपरीत है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिन बाहुबलियों के शस्त्र लाइसेंस सहित अन्य ब्यौरा मांगा है उनमें रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), धनंजय सिंह, बृजभूषण सिंह, सुशील सिंह, विनीत सिंह, अजय मरहद, सुजीत सिंह बेलवा, उपेन्द्र सिंह (गुड्डू), पप्पू भौकाली, इन्द्रदेव सिंह, सुनील यादव, फरार अजीम, बादशाह सिंह, संग्राम सिंह, सुल्लू सिंह, चुलबुल सिंह, सनी सिंह, छुन्नू सिंह, तथा डॉ. उदय भान सिंह शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि संबंधित अधिकारी इन व्यक्तियों के सही पते, आपराधिक मामलों, हथियार लाइसेंस और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराएं।

अदालत ने कहा कि गृह विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा 20 मई 2026 को दाखिल हलफनामे से स्पष्ट हुआ है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों के डीएम, पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समय-समय पर जारी सरकारी आदेशों तथा आर्म्स एक्ट, 1959 एवं उसके नियमों का सही ढंग से पालन नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि 23 मार्च 2026 के आदेश में लाइसेंस जारी करने, नवीनीकरण और हस्तांतरण के मामलों में अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए थे।

कोर्ट के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 10,08,953 शस्त्र लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। विभिन्न श्रेणियों में 23,407 आवेदन लंबित हैं, जबकि डीएम के आदेशों के खिलाफ 1,738 अपीलें मंडलायुक्तों के समक्ष लंबित हैं। इसके अलावा 20,960 परिवारों के पास एक से अधिक शस्त्र लाइसेंस हैं तथा 6,062 मामलों में ऐसे लोगों को लाइसेंस दिए गए हैं जिनके खिलाफ दो या अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लाइसेंस धारकों का जिला, थाना और नामवार विवरण प्रस्तुत किया जाए। यह भी बताया जाए कि ऐसे लोगों के परिवार के अन्य सदस्यों के पास भी हथियार लाइसेंस हैं या नहीं। कोर्ट ने कहा कि स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों, जो व्यापक सामाजिक एवं राजनीतिक प्रभाव रखते हैं, के संबंध में विवरण उपलब्ध नहीं कराया है। ऐसे व्यक्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाई गई हैं। स्थिति को स्पष्ट करने और किसी प्रकार की अस्पष्टता दूर करने के लिए आवश्यक है कि इनकी जानकारी भी दी जाए।

## स्कूल परिसर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**जौनपुर। (बरसठी)** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरद्वारी गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में शनिवार को लगभग 20 वर्षीय युवक संदीप गौतम का शव खेलकूद के लिए लगाए गए लोहे के पाइप से फंदे के सहारे लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ते ही हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंचे बड़ेरी चौकी एवं बरसठी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया। बताया जाता है कि संदीप गौतम दो भाइयों में सबसे बड़ा था तथा उसकी तीन बहनें हैं। मृतक के माता-पिता, छोटा भाई और एक छोटी बहन मध्य प्रदेश के रीवा स्थित ससुराल गए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही सभी लोग घर के लिए रवाना हो गए। परिजनों के अनुसार संदीप महाराष्ट्र के भिवंडी शहर में रहकर मजदूरी करता था। करीब 20 दिन पहले वह गांव आया था और यहां शादी-विवाह में टेंट लगाने का कार्य कर रहा था। इस संबंध में बड़ेरी चौकी प्रभारी शैलेंद्र दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यालय परिसर के ऊपर से गुजरने वाले तार को विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर तत्काल हटवाएं : डीएम

अवधनामा संवाददाता

■ डीएम की अध्यक्षता में विभिन्न कार्ययोजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में गुरुवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत मिशन, कायाकल्प, छात्र उपस्थिति, पी0एम0 पोषण योजना (मध्यान्ह् भोजन)/डी0टी0एफ0 की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अध्यापक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए जिले के समस्त अधिकारियों से जनपद के समस्त विद्यालयों का एक ही दिन में तथा माह में 03 बार बृहद निरीक्षण कराये जाने व निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अध्यापकों का नो वर्क-नो पे के आधार पर निरीक्षण तिथि का वेतन बाधित किया जाने एवं ग्रीष्मावकाश के उपरान्त विद्यालयों में छात्र उपस्थिति में सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया। आगामी माह में सपोर्टिव सुपरविजन की समीक्षा हेतु ए0आर0पी को भी बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होने, जिला स्तरीय टास्क फोर्स सदस्य एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों को लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण ससमय पूर्ण करने एवं विद्यालय निरीक्षण में विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करें, अपने शैक्षिक, प्रशासनिक अनुभवों को साझा करें, जिससे छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत हो। जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन विद्यालयों में आर0टी0ई0 के अन्तर्गत प्रवेश नहीं दिया गया है, उनके मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही प्रस्तावित करने एवं मुख्य चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित कर चिन्हित दिव्यांग/विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करवाने, प्रेरणा पोर्टल पर प्रदर्शित नामांकन प्रगति में डी0बी0टी0 के माध्यम से धनराशि हस्तांतरण हेतु डिलीटेड स्टूडेन्ट्स 6601 का विकास खण्डवार व छात्रवार विवरण प्रस्तुत करने तथा जिला स्तर पर डिलीटेड स्टूडेन्ट्स 6601 रहने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं 400 से अधिक वाले स्टूडेन्ट्स डिलीट करने वाले विकास खण्ड - बरसठी, करंजाकला, रामपुर एवं शाहगंज के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस निर्गत किये जाने का निर्देश दिया। विद्यालयों में नामांकन वृद्धि हेतु ग्रीष्मावकाश के उपरान्त स्कूल चलो अभियान से जिले के समस्त अधिकारियों को जोड़ने तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने विकास खण्ड के समस्त विद्यालयों के सेवित क्षेत्रों में स्वयं जाकर अभिभावकों से डोर टू डोर सम्पर्क करने एवं विद्यालयों में प्रार्थना सभा में दैनिक समाचार पत्र की नॉन पॉलिटिकल खबरों का वाचन किया जाय, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुक रीडिंग हैबिट, ए0आई0 के बारे में व्याहारिक ज्ञान, क्लाईमेट चेंज, कृषि एवं स्वच्छता इत्यादि के बारे में बताते हुए आवश्यक गतिविधियों के साथ बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान व सकारात्मक विचारधाराओं से जोड़ने पर जोर दिया साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में यह सुनिश्चित करें कि विद्यालय समय में कोई भी बच्चा विद्यालय के बाहर नहीं रहना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सकें। आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत विद्यालयों में विद्युत पोल, ट्रासफार्मर की फेसिंग एवं अर्थिंग की जॉच, विद्यालय परिसर के ऊपर से गुजरने वाले तार को विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर तत्काल हटवाने के लिए विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर एस0डी0ओ0 के माध्यम से 16 जून, 2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विद्यालयों में बाउड्रीवाल उपलब्ध नहीं है ऐसे विद्यालयों में बाउड्रीवाल का निर्माण समस्त परिषदीय विद्यालय परिसर, कक्षा-कक्ष एवं शौचालय की साफ-सफाई एवं विद्यालय समय में शौचालय खुला एवं क्रियाशील स्थिति में होना चाहिए तथा विशेष कर विद्यालय समयावधि में शौचालय में ताला न बन्द न होने की बात कही। विद्यालयों में किचेन शेड का निर्माण कराने व मध्यावकाश में बच्चों को सौहार्दपूर्ण/सुसंस्कृत तरीके से बैठा कर एम0डी0एम0 ग्रहण कराने परिषदीय विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किये जाने एवं छात्रों के अधिगम स्तर के सम्प्राप्ति को उत्तम किये जाने हेतु शिक्षा विभाग से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को 02 विद्यालय एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को 01 विद्यालय गोंद लेने का भी निर्देश दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला भू-गर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला भू-गर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा भूगर्भ जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा गिरते जलस्तर की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए तथा सभी सरकारी भवनों की छतों की साफ-सफाई कराते हुए वर्षा जल को वाटर रिचार्ज के रूप में उपयोग में लाया जाए। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को प्रभावी रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है, इसलिए जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा भूगर्भ जल स्तर, संचालित योजनाओं एवं जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन के रूप में संचालित करते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बार के आश्वाशन और डॉक्टर के निलंबन पर वकीलों ने किया धरना समाप्त

■ 24 घंटे में डाक्टरों पर कार्रवाई नहीं तो फिर होगा बड़ा आंदोलन : अध्यक्ष एचसीबीए

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज में डॉक्टरों और वकीलों के बीच चल रहा तीन दिवसीय विवाद फिलहाल थम गया है। 20 डाक्टरों के निलंबन, बार एसोसिएशन की पहल और अध्यक्ष राकेश पांडे के आश्वासन के बाद वकीलों ने अपना धरना और अनशन समाप्त कर दिया। हालांकि, बार पदाधिकारियों और पीड़ित पक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। यह निर्णय जनहित और आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए लिया गया है। पिछले तीन दिनों से जारी इस विवाद के कारण शहर में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इसका असर अस्पतालों से लेकर न्यायिक कार्यों तक पर पड़ा, जिससे आम लोगों को भी जाम और अफरा-तफरी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धरना स्थल पर संबोधित करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे ने कहा कि वकीलों की मंशा कभी जनता को परेशान करने की नहीं रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बार एसोसिएशन इस पूरे मामले की जिम्मेदारी ले रहा है और दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। पांडे ने बताया कि घटना के दिन मौजूद रेजीडेंट, सीनियर रेजीडेंट, जूनियर डॉक्टरों और सपोर्ट स्टाफ समेत सभी संबंधित लोगों को 24 घंटे के भीतर निलंबित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। इस दौरान पीड़ित अधिवक्ता रिया खान ने बार एसोसिएशन के समर्थन पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई अब केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे बार की है। रिया खान ने स्पष्ट किया कि बार के निर्देश पर ही धरना समाप्त किया गया है और दोषियों को जेल भेजने तथा निलंबित कराने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। बार एसोसिएशन ने यह भी जानकारी दी कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। धरना समाप्त होने के बाद अब शहर में हालात सामान्य होने की उम्मीद है।

## दोनों पक्षों को आपसी सुलह समझौते से विवाह समाप्त कराया गया

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली परिसर, आजमगढ़ में स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई किरण की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कुल 04 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को फोन/नोटिस के माध्यम से सूचित कर मध्यस्थता हेतु बुलाया गया था। मध्यस्थता के दौरान 01 पत्रावलियों में उपस्थित दोनों पक्षों को आपसी काउंसलिंग एवं समझाइश के उपरांत सफलतापूर्वक समझौता कराया गया । आवेदिका ने पति व सास ससुर द्वारा मार-पीट करना तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। दोनों पक्षों की संयुक्त एवं पृथक काउंसलिंग कर आपसी मतभेदों का समाधान कराया गया तथा पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु सहमति बनाई गई। शेष पत्रावली में अग्रिम तिथि नियत करते हुए पक्षकारों को पुनः नोटिस/फोन द्वारा सूचित कर मध्यस्थता की कार्यवाही की जाएगी। यह 'नई किरण' परियोजना पारिवारिक विवादों के समाधान, टूटते परिवारों को जोड़ने तथा पारिवारिक न्यायालयों पर कार्यभार कम करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है, जो बिखरे हुए परिवारों को पुनः एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास कर रही है।

## जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें डीएम

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)**



भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद जौनपुर में जनगणना 2027 से संबंधित फील्ड गतिविधियां शुक्रवार से उत्साह और उमंग के साथ आरम्भ हुई। जनपद में 8000 से अधिक गणनाकर्मी फील्ड पर उतरकर जनगणना के राष्ट्रीय कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा गणनाकर्मियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना अथवा अफवाह पर ध्यान न दें तथा केवल अधिकृत स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें। 'सही जानकारी, बेहतर योजना – जन भागीदारी से सफल जनगणना' है। उन्होंने जनगणना कार्य में लगाए गए प्रगणको और सुपरवाइजर का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य आपके धैर्य, समर्पण और देश सेवा की भावना का द्योतक है। आप सभी राष्ट्रहित के इस महत्त्वपूर्ण दायित्व को निभाने जा रहे हैं, इसके लिए आप सभी अभिनंदन के पात्र हैं। इस दौरान पर्याप्त पानी पीते रहें, धूप से बचाव करते हुए पूरी सावधानी के साथ कार्य करें। आपकी मेहनत और ईमानदारी से ही देश की सही तस्वीर सामने आएगी तथा भविष्य की योजनाओं को मजबूत आधार मिलेगा। आप सभी पूरे उत्साह, आत्मीयता और जिम्मेदारी के साथ इस कार्य को सफल बनाएं और फील्ड में कार्य करते समय कही किसी बिंदु पर समस्या हो तो अपने उच्चाधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को राज्यमंत्री ने सौंपा 10 लाख का चेक

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)**



प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड करंजाकला के ग्राम सभा खम्मौर के ग्राम प्रधान डॉ राम जनम यादव जिनका विगत दिनों में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनके आवास पर शुक्रवार को पहुंच कर उनकी पत्नी गीता को पंचायत कल्याण कोष से 10 लाख रूपये का चेक दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जनपद जौनपुर ही नहीं पूरे पूर्वांचल का विकास करते हुए सड़क यातायात व्यवस्था को बेहतर करने पर लगी हुई है। गरीब , असहाय, जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा मदद कर रही है। लोगों को उनके ही जिले में रोजगार के नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य लोग रहे।

## पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद को पुलिस ने कराया समाप्त

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)**



थाना अतरौलिया पुलिस द्वारा पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद को आपसी समझौते के माध्यम से सुलझाकर परिवार को पुनः सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलवाया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.05.2026 को थाना अतरौलिया पर प्राप्त प्रार्थना पत्र में आवेदक द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2015 में थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ हुई थी। विगत लगभग 02 वर्षों से पति-पत्नी के बीच दहेज एवं घरेलू बातों को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके कारण दोनों पक्षों में लगातार मनमुटाव की स्थिति बनी हुई थी। प्राप्त प्रार्थना पत्र की जांच उ0नि0 मनीष विश्वकर्मा एवं का0 मनीष यादव द्वारा की गयी। आज दोनों पक्षों को थाना स्थानीय पर बुलाया गया, जहां सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं रिश्तेदारों की उपस्थिति में दोनों पक्षों को समझाया-बुझाया गया। समझाइश एवं वार्ता के उपरांत दोनों पति-पत्नी परिवार के भविष्य को देखते हुए बिना किसी दबाव के पुनः साथ रहने के लिए सहमत हुए। उक्त समझौते में परिवार के वरिष्ठ सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 25 मई को दिव्यांगजनों के लिए विशेष मोबाइल कोर्ट

अवधनामा संवाददाता

■ एक ही छत के नीचे मिलेंगी कई सुविधाएं

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 25 मई को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक ग्राम्य विकास संस्थान के सभागार में विशेष मोबाइल कोर्ट आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन के पत्र के क्रम में आयोजित होने वाले इस मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दिव्यांगजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि दिव्यांगजनों को विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें एक ही स्थान पर आवश्यक सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होने बताया कि मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सकों एवं संबंधित टीमों को आवश्यक उपकरणों सहित मौके पर तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया मौके पर ही पूरी की जा सके। श्री त्रिपाठी ने बताया कि पात्र दिव्यांगजनों को अंत्योदय राशन कार्ड, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को संबंधित टीम सहित उपस्थित रहेंगे, जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ बिना अनावश्यक देरी के मिल सके, मोबाइल कोर्ट में पारित होने वाले आदेशों के तत्काल लेखन एवं टंकण की व्यवस्था भी मौके पर ही की जाएगी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विशेष शिक्षकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों की तैनाती, कम्प्यूटर एवं प्रिंटर सहित सभी आवश्यक संसाधन मौके पर उपलब्ध सुनिश्चित करायें ताकि आदेश तत्काल तैयार कर लाभार्थियों को उपलब्ध कराए जा सकें, कार्यक्रम के सुचारु संचालन एवं दिव्यांगजनों की सहायता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक 10 स्काउट गाइड एवं एन.सी.सी. कैडेट की व्यवस्था सुनिश्चित करायें, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आयोजन से संबंधित सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि सौंपे गये दायित्वों का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन करें, दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ सम्मानपूर्वक एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# ऊर्जा मंत्री ने बिजली कैंप का किया निरीक्षण

■ उपभोक्ताओं को समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

■ बिल गड़बड़ी से लेकर बिजली आपूर्ति तक हर समस्या के निस्तारण हेतु सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने सठियांव में आयोजित बिजली कैंप का दौरा कर आम जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिल की गड़बड़ी एवं अन्य समस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत मेगा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, विभाग जनता की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता से कार्य कर रहा है। ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण इस समय बिजली की मांग में भारी वृद्धि हुई है, जिसके चलते कहीं-कहीं विद्युत व्यवधान की समस्या उत्पन्न हो रही है।

विभाग द्वारा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जा रही है तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज बिजली हर व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। बिजली के बिना मोबाइल चार्ज नहीं हो सकते, अस्पतालों के उपकरण नहीं चल सकते तथा दैनिक जीवन की अधिकांश गतिविधियाँ प्रभावित हो जाती हैं। इसलिए विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिजली से संबंधित हर प्रकार की समस्या का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

# मैक ने उत्तर प्रदेश एआई और एवीजीसी-एक्सआर समिट 2026 का सफल आयोजन किया



लखनऊ। माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड क्रिएटिविटी (मैक), जो भारत का सबसे बड़ा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है और हाई-एंड 3डी एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स), डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, गेमिंग और डिज़ाइन में पायनियर है, ने लखनऊ के गोमती नगर में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 2026 में सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। इस पहल का मकसद उत्तर प्रदेश एआई × एवीजीसी-एक्सआर समिट 2026 को मज़बूत बनाना, मेंटर करना और खत्म करना था। यह समिट 22 मई को हुआ था, जिसका मकसद पूरे उत्तर प्रदेश में क्रिएटिव प्रोफेशनल्स की चाहत रखने वालों के लिए सस्टेनेबल करियर पाइपलाइन बनाना था। 'आइडियाज़. इनोवेशन. इमर्शन.' की मेन थीम के तहत, इस समिट का मकसद भारत के एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर), और कंटेंट क्रिएशन सेक्टर की टैलेंट की ज़रूरतों को पूरा करना था। जैसे-जैसे एआई क्रिएटिव प्रोडक्शन पाइपलाइन में इंटीग्रेट हो रहा है, इस इवेंट ने लखनऊ, कानपुर और आस-पास के इलाकों से आए 600+ से ज़्यादा स्टूडेंट्स और क्रिएटिव टेक के शौकीनों को सीधे प्रैक्टिकल, इंडस्ट्री से जुड़ी जानकारी दी।

मैक के पास उभरते हुए क्रिएटर्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स को जोड़ने और ट्रेनिंग देने का 25+ साल का मजबूत अनुभव है। उत्तर प्रदेश एआई × एवीजीसी-एक्सआर समिट 2026 में एक्सपर्ट स्पीकर्स ने इंडस्ट्री से जुड़ी इनसाइट्स और उभरते ट्रेंड्स शेयर किए जो मीडिया और एंटरटेनमेंट में क्रिएटिव करियर के भविष्य को आकार दे रहे हैं। इस फॉर्मेट में एकेडमिक ट्रेनिंग और इंडस्ट्री की तैयारी के बीच के अंतर को कम करने के लिए डिस्कशन, कीनोट सेशन, नए लॉन्च और स्टूडेंट रिकग्निशन को मिलाया गया।

इस मौके पर एटेक लिमिटेड के होल-टाइम डायरेक्टर और चीफ बिजनेस ऑफिसर, श्री संदीप वेलिंग, पुर्नयुग आर्ट विजन के फाउंडर श्री आशीष कुलकर्णी और मैक के नेशनल सेल्स हेड श्री अमित दुआ भी मौजूद थे।

# आरबीआई ने सरकार को दिया रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा की है। यह बड़ा वित्तीय हस्तांतरण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच सरकार को महत्वपूर्ण आर्थिक मदद देगा। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह लाभांश पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये के अधिशेष हस्तांतरण से 27.4 फीसदी अधिक है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह राशि 87,416 करोड़ रुपये थी। लाभांश भुगतान का यह महत्वपूर्ण निर्णय आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। आरबीआई ने अपने बयान में बताया कि जोखिम प्रावधान और सांविधिक निधियों में हस्तांतरण से पहले शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 3,13,455.77 करोड़ रुपये थी। केंद्रीय बैंक की आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 फीसदी बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई है। यह वृद्धि आरबीआई की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाती है। बैंक की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे सरकार को अधिक अधिशेष (लाभांश) देना संभव हो पाया है। यह देश की वित्तीय स्थिरता के लिए एक सकारात्मक संकेत है। सरकार को यह रिकॉर्ड लाभांश ऐसे समय में मिला है जब उसे विभिन्न विकास परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की आवश्यकता है। यह राशि राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने में भी सहायक हो सकती है।

# ओप्पो इंडिया ने अपनी फाईंड एक्स9 सीरीज़ में नैक्स्ट जनरेशन इमेजिंग और ए.आई अनुभव उपलब्ध कराए

नई दिल्ली। ओप्पो इंडिया ने भारत में फाईंड एक्स9एस और फाईंड एक्स9 अल्ट्रा का लॉन्च किया। इसके साथ ही कंपनी के फ्लैगशिप स्मार्टफोन पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ है, जो क्रिएटर्स को एडवांस्ड इमेजिंग, ए.आई अनुभव और फ्लैगशिप परफॉर्मेंस प्रदान करता है। ओप्पो फाईंड एक्स9एस सनसेट ऑरेंज, लैवेंडर स्काई और मिडनाईट ग्रे कलर्स में, तथा फाईंड एक्स9 अल्ट्रा टुंड्रा अंबर और कैनयन ऑरेंज रंगों में उपलब्ध है। ये दोनों स्मार्टफोन 28 मई से ओप्पो ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट, अमेज़ॅन और मेनलाइन रिटेल स्टोर्स से खरीदे जा सकेंगे। साल 2026 की पहली तिमाही के लिए आईडीसी द्वारा जारी की गई वर्ल्डवाईड क्वार्टर्ली मोबाइल फोन ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार, ओप्पो ने साल-दर-साल 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो सर्वोच्च 5 ब्रांडों में सबसे अधिक है। इससे भारत में सर्वोच्च तीन स्मार्टफोन ब्रांड्स में ओप्पो की स्थिति मजबूत हुई है और इसका बाजार अंश बढ़कर 15.3



प्रतिशत हो गया है। इस तेजी से ओप्पो की ग्राहक केंद्रित इनोवेशन की फिलॉसफी प्रदर्शित होती है, जिसने ओप्पो को भारत में प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड्स में से एक के रूप में स्थापित कर दिया है।

गोल्डी पटनायक, हेड, कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''ओप्पो में हम इनोवेशन के लिए अपना ध्यान इस पर केंद्रित करते हैं कि लोग अपनी डिवाईस का इस्तेमाल कैसे करते हैं। फाईंड एक्स9 अल्ट्रा हमारी सबसे आधुनिक इमेजिंग टेक्नोलॉजी पेश करता है, वहीं फाईंड एक्स9एस में ज्यादा स्लिम और लाईटवेट डिवाईस में वही फ्लैगशिप डीएनए दिया गया है। ये दोनों स्मार्टफोन भारत में प्रीमियम स्मार्टफोन के यूज़र्स की बदलती अपेक्षाओं को प्रदर्शित करते हैं। इससे बाजार में फ्लैगशिप अनुभव पेश करने पर हमारा लगातार फोकस प्रदर्शित होता है।''

ओप्पो फाईंड एक्स9 अल्ट्राः स्मार्टफोन में नई जनरेशन का हैसेलब्लैड कैमरा सिस्टम

फाईंड एक्स9 अल्ट्रा में ओप्पो का नई-जनरेशन का हैसेलब्लैड मास्टर कैमरा सिस्टम दिया गया है। यह उन यूज़र्स के लिए बना है, जो अपने स्मार्टफोन का उपयोग कैमरा के रूप में करते हैं। इसमें 50 मेगापिक्सल का 10एक्स ऑप्टिकल जूम टेलीफोटो कैमरा है, जिसमें 230 मिमी-ईक्विवेलेंट टेलीकन्वर्टर बिल्ट-इन है, तथा इसे ओप्पो का प्रोप्रायटरी क्विंटुपल प्रिज़्म पेरिस्कोप स्ट्रक्चर संचालित करता है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने अपने त्र4 स्न्न्26 के नतीजे घोषित किए

नई दिल्ली। भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने आज वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस तिमाही में, एलजीई इंडिया ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया Q4 FY26 में संचालन से 80.54 बिलियन का राजस्व प्राप्त किया, जबकि Q4 FY25 में यह 74.48 बिलियन था। साथ ही, Q4 FY26 में एबिटडा मार्जिन 11.7% रहा। यह मजबूत तिमाही प्रदर्शन सभी श्रेणियों में व्यापक मांग में हुए सुधार और लार्ज-पैनल टीवी, फ्रेंच-डोर रेफ्रिजरेटर, फुली ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन और 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर के नेतृत्व में प्रीमियम उत्पादों की निरंतर बढ़ती मांग से प्रेरित था। कंपनी ने मेक-इन-इंडिया, मेक-फॉर-इंडिया और मेक-इंडिया-ग्लोबल की अपनी तीन-स्तंभ रणनीति पर काम करते हुए प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में अपना बाजार नेतृत्व बनाए रखा। रुपये के मूल्यह्रास और कमोडिटी की उच्च कीमतों के कारण साल-दर-साल एबिटडा मार्जिन प्रभावित हुआ। हालांकि, कंपनी लागत अनुशासन, स्थानीयकरण और परिचालन दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए मार्जिन में सुधार के प्रति आशान्वित है।

B2B सेगमेंट, इंफॉर्मेशन डिस्प्ले बिजनेस ने Q4 FY26 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। एचवीएसी सेगमेंट में, एलजीई इंडिया रणनीतिक रूप से वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो और कैसेट एसी सेगमेंट में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। विशेष रूप से, एलजीई इंडिया के उन्नत HVAC समाधान अब हाल ही में उद्घाटन किए गए प्रतिष्ठित सेवा तीर्थ, प्रधानमंत्री कार्यालय भवन में काम कर रहे हैं। इस शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री होंग जू जियोन ने कहा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने Q4 FY26 में अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज किया है, जो हमारे ब्रांड की मजबूती और हमारे बिजनेस मॉडल के लचीलता का प्रमाण है। एक जटिल वैश्विक माहौल के बावजूद, एलजीई इंडिया ग्राहक-केंद्रित, चुस्त और विकास-उन्मुख बनी हुई है।

# निप्पॉन पेंट इंडिया ने किया आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के कई खिलाड़ियों के साथ एक खास 'मीट एंड ग्रीट' सेशन



निप्पॉन पेंट इंडिया, जो NIPSEA ग्रुप का हिस्सा है, ने आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के कई खिलाड़ियों के साथ एक खास 'मीट एंड ग्रीट' सेशन किया। पंजाब किंग्स टीम के खास सदस्यों, जिनमें मार्को जेनसेन, प्रभसिमरन सिंह, हरदीप बरार, अजमतुल्लाह उमरजई और प्रियांश आर्य शामिल थे, ने एक इंटरैक्टिव सेशन में फैंस से बात की।

निप्पॉन पेंट इंडिया इकोसिस्टम के 100 से ज़्यादा डीलरों और आर्किटेक्ट्स को खिलाड़ियों से जुड़ने का मौका मिला, जिसके बाद ग्रुप फोटो, सेल्फी और मर्चेंडाइज साइनिंग हुई। निप्पॉन पेंट इंडिया आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स का ऑफिशियल पार्टनर है।

# बंधन लाइफ ने प्रोटेक्शन और किफायती बीमा पर बढ़ाया फोकस

लखनऊ। बंधन लाइफ ने वित्तीय सुरक्षा को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के मकसद से सुरक्षा-आधारित और किफायती बीमा उत्पादों पर अपना ध्यान और बढ़ाया है। भारत में जीवन बीमा की पहुंच अभी जीडीपी के करीब 2.7 प्रतिशत तक ही सीमित है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बीमा पहुंच लगभग 3.7 प्रतिशत रही, जो दुनिया के दूसरे देशों की तुलना में काफी कम है। ऐसे में बंधन लाइफ अब खासतौर पर छोटे प्रीमियम और आसान बीमा समाधानों पर काम कर रही है, ताकि पहली बार बीमा लेने वाले और अब तक कम सुविधाएं पाने वाले ग्राहकों तक पहुंचा जा सके। बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा, जीवन बीमा खरीदते समय ग्राहकों के लिए अब किफायत और सरलता बेहद जरूरी हो गई है। जीएसटी में छूट से बीमा पहले से सस्ता हुआ है और इसे वित्तीय योजना के जरूरी हिस्से के रूप में अपनाने में भी मदद मिली है। सेलरिड और सेल्फ इम्प्लॉएड ग्राहकों के साथ-साथ अपना काम करने वाले लोगों में भी बीमा को लेकर रुचि बढ़ रही है, जो यह दिखाता है कि अलग-अलग वर्ग अब अपनी वित्तीय सुरक्षा को लेकर ज्यादा सोचने लगे हैं। हमारा ध्यान ऐसे समाधान तैयार करने पर है जो अलग-अलग आय वर्ग और बदलती जरूरतों के अनुरूप हों, साथ ही हम अपनी वितरण व्यवस्था को भी लगातार मजबूत कर रहे हैं। कंपनी ऐसे बीमा उत्पाद बना रही है जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों और आमदनी के हिसाब से सही बैठें। इन उत्पादों का मकसद जीवन बीमा को सरल, फ्लेक्सिबल और आम लोगों के लिए और आसान बनाना है। बंधन लाइफ के मुताबिक 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये के कवरेज वाले वर्ग में मांग तेजी से बढ़ रही है, जहां अभी भी बीमा की पहुंच सीमित है। अपना काम करने वाले लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है, जिसे फ्लेक्सिबल उत्पाद और सोचे-समझे वितरण तरीकों से बल मिल रहा है। सुरक्षा और किफायती बीमा पर बढ़ते ध्यान के साथ-साथ बंधन लाइफ जीवन बीमा की अलग-अलग श्रेणियों में कई तरह के उत्पाद भी उपलब्ध कराती है। कंपनी के पास आईटर्म प्राइम जैसे टर्म प्लान के साथ-साथ आईइन्वेस्ट अल्टीमा और आईइन्वेस्ट एडवांटेज जैसे बाजार से जुड़े यूलिप उत्पाद भी हैं, जो लंबे समय में संपत्ति बनाने और रिटायरमेंट की तैयारी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।

# भारत में क्रेडिट कार्ड के बढ़ते इस्तेमाल की मुख्य वजहों के बारे में जानें

**एसबीआई कार्ड के आँकड़ों से पता चलता है कि ऑनलाइन पेमेंट और UPI से होने वाले लेन-देन में काफी तेजी आई है**

लखनऊ। भारत में खरीदारी का तौर-तरीका तेजी से बदल रहा है, और लोगों की खर्च करने की आदतें अब ज्यादा बड़े अरमानों वाली लाइफस्टाइल, लेनदेन में डिजिटल साधनों को प्राथमिकता और भुगतान के आसान विकल्पों के बढ़ते चलन को दिखाती हैं। बीते दस सालों में, लोगों की बढ़ती आमदनी, बढ़ते शहरीकरण और तेज़ी से आगे बढ़ने की चाह रखने वाले मध्यम वर्ग ने इस बात को नया रूप दिया है कि, लोग कहाँ और कैसे पैसा खर्च करते हैं। इस वक्त लगभग 11.86 करोड़ क्रेडिट कार्ड उपयोग में हैं तथा वित्त-वर्ष 2026 के दौरान क्रेडिट कार्ड से ?23.62 लाख करोड़ से ज़्यादा का खर्च किया गया, जिससे जाहिर है कि यह पूरा इकोसिस्टम अब विस्तार के दौर से निकलकर रोज़मर्रा के उपयोग के दौर में कदम रख चुका है। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड के आँकड़ों से पता चलता है कि क्रेडिट कार्ड के ग्राहक अब अपनी ज़रूरत की चीज़ों के साथ-साथ बेहतर अनुभव और लाइफस्टाइल पर भी दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं, साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं।

**ग्राहकों की बदलती पसंद**

बढ़ती आमदनी और बेहतर जागरूकता के चलते, भारतीय ग्राहक अब अपनी इच्छाओं को पूरा करने और नए-नए अनुभव हासिल करने पर ज़्यादा से ज़्यादा खर्च कर रहे हैं, जो यह दिखाता है कि ग्राहक अब अपनी मर्ज़ी से खर्च करने की क्षमता की ओर बढ़ रहे हैं। एसबीआई कार्ड के वित्त-वर्ष 2026 के आँकड़े दर्शाते हैं कि रिटेल खर्च 15% की सालाना बढ़त के साथ ?3.54 लाख करोड़ से अधिक के अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर पहुँच गया है। कुल रिटेल खर्च में ऑनलाइन खर्च का हिस्सा लगभग 62.5% रहा, जो दर्शाता है कि लोग अब ज़रूरी और गैर-ज़रूरी, दोनों तरह की चीज़ों पर खर्च करने के मामले में डिजिटल तरीकों से भुगतान को ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार की गई सेवाओं, बिना किसी रुकावट के मिलने वाला डिजिटल अनुभव और सेल्फ़-सर्विस प्लेटफ़ॉर्म, अब ग्राहकों के साथ जुड़ाव और उनकी सुविधा को बढ़ाने के लिए बहुत ज़रूरी होते जा रहे हैं। एसबीआई कार्ड के अनुसार, अब लाखों ग्राहक अक्सर अपनी अलग-अलग ज़रूरतों के लिए एसबीआई कार्ड के अलग-अलग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, जैसे कि एसबीआई कार्ड मोबाइल ऐप, लाइव चैट वाला आस्क इला चैटबॉट, तथा व्हाट्सएप सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इन ज़रूरतों में नया कार्ड बनवाने से लेकर अपने सवालों के जवाब पाने तक सब कुछ शामिल है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर खास ध्यान देने के कारण, आज एसबीआई कार्ड के मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर 4.6 और ऐप स्टोर पर 4.5 की शानदार रेटिंग प्राप्त है। भारत में लगातार विकसित हो रहे क्रेडिट कार्ड इकोसिस्टम के बारे में बात करते हुए, एसबीआई कार्ड की एमडी एवं सीईओ, सुश्री सलिला पांडे ने कहा, 'लोगों की बढ़ती आय और बड़ी उम्मीदों, बेहतर हो रही नीतियों, डिजिटलीकरण और लगातार मजबूत हो रहे पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर की वजह से क्रेडिट कार्ड से लेनदेन ट्रांज़ेक्शन के स्वरूप में काफी बदलाव आया है।

# स्टाइल बाजार ने सभी स्टोर्स पर शुरू किया आकर्षक 'बाय 1 गेट 1' ऑफर

गोरखपुर। भारत की सबसे तेजी से बढ़ रही वैल्यू फैशन रिटेल चेन स्टाइल बाजार ने सभी स्टोर्स पर 'हाफ प्राइस हंगामा ' नाम से खास बाय 1 गेट 1 ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर 30 जून 2026 तक वैध रहेगा।

यह रोमांचक ऑफर ग्रीष्मकालीन शॉपिंग सीजन के दौरान ग्राहकों को बेहतर वैल्यू और सुखद शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

'हाफ प्राइस हंगामा ' ऑफर चयनित मर्चेंडाइज पर लागू है, जिसमें मेंसवियर, वीमेंसवियर, किड्सवियर, फैशन एसेंशियल्स और अन्य कई कैटेगरी शामिल हैं। ग्राहक स्टाइल बाजार के व्यापक स्टोर नेटवर्क पर ट्रेंडी स्टाइल्स, फेस्टिव फैशन, कैजुअल वियर और रोजमर्रा की जरूरत की चीजें बेहद किफायती दामों पर खरीद सकते हैं।

इसके अलावा, ब्रांड चयनित मर्चेंडाइज पर फ्लैट 50% छूट भी दे रहा है, जिससे पूरा परिवार फैशन खरीदारी पर और भी ज्यादा बचत कर सके।

भारत के उपभोक्ताओं (भारत कंज्यूमर्स) पर मजबूत फोकस के साथ किफायती फैशन उपलब्ध कराने के लिए मशहूर स्टाइल बाजार, स्टाइल, पहुंच और वैल्यू को एक छत के नीचे लेकर अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। विविध ग्राहक पसंद और क्षेत्रीय स्वाद के अनुसार तैयार संग्रह के साथ ब्रांड फैशन को सभी बाजारों में अधिक समावेशी और सुलभ बनाने का प्रयास कर रहा है।

# लखनऊ में नई होंडा सिटी का धमाकेदार आगाज़

## लग्जरी फीचर्स और अभेद्य सुरक्षा के साथ अरासिली होंडा में हुई लॉन्च



लखनऊ। नवाबों के शहर लखनऊ के ऑटोमोबाइल बाजार में आज उस समय हलचल तेज हो गई, जब लालबाग स्थित मशहूर शोरूम 'अरासिली होंडा' में देश की सबसे पसंदीदा सेडान, नई होंडा सिटी को बिल्कुल नए अवतार में लॉन्च किया गया। आधुनिक तकनीक, बेजोड़ लग्जरी और प्रीमियम फीचर्स से लैस इस नई होंडा सिटी को देखने के लिए ऑटो लवर्स की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस खास लॉन्चिंग इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस मुख्यालय लखनऊ के आईपीएस अधिकारी आलोक श्रीवास्तव मौजूद रहे, जिन्होंने गाड़ी के नए लुक और सुरक्षा मानकों की जमकर तारीफ की। मध्यम और प्रीमियम सेडान सेगमेंट में अपनी बादशाहत बरकरार रखने के लिए होंडा ने इस बार कीमत और फीचर्स का बेहतरीन संतुलन पेश किया है। शोरूम प्रबंधन के अनुसार, नई होंडा सिटी के पेट्रोल मैनुअल ट्रांसमिशन वर्जन की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11,99,900 तय की गई है। यह आक्रामक कीमत इस सेगमेंट के ग्राहकों को अपनी ओर तेजी से आकर्षित कर रही है। कंपनी का दावा है कि यह नई कार न सिर्फ बजट के अनुकूल है, बल्कि ग्राहकों की उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्मेंस देने का दम रखती है।

# टाइटन कंपनी लिमिटेड ने आईपीएल की इंडियन साईन लैंग्वेज (आईएसएल) फीड के लिए लॉन्च किया 'साईन ऑफ यू'

**अपनी तरह का पहला मल्टी-ब्राण्ड कैंपेन जो टाइटन के सात ब्राण्ड्स को एक साथ लेकर आया है**

नई दिल्ली। टाइटन कंपनी लिमिटेड ने अपनी तरह के पहले इंटीग्रेटेड कैंपेन 'साईन ऑफ यू' के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे खासतौर पर वर्तमान में चल रहे आईपीएल सीज़न के दौरान इंडियन साईन लैंग्वेज (आईएसएल) फीड के लिए तैयार किया गया है। यह टाइटन के सात जाने-माने ब्राण्ड्स को एक साथ लाने वाला कोलाबोरेशन है, जो एक्सेसिबिलिटी (पहुंच) एवं मानवीय जुड़ाव की सोच के साथ स्टोरीटैलिंग को नया रूप देता है। (फिल्म लिंकः टाइटन वॉचेज़, तनिष्क, मिया बाय तनिष्क, कैरटलेन, तनाएरा, टाइटन आई प्लस, और अर्थ) यह कैंपेन एक ही किरदार मीशा के सफ़र से जुड़ी सात ओरिजिनल फिल्में पेश करता है, जो अलग-अलग रिश्तों, पहचान एवं स्व-अभिव्यक्ति के पलों का अनुभव करती है। ये सभी फिल्में ब्रांड के लिए ऐसा युनिवर्स बनाती हैं, जो रोज़मर्रा के जीवन में प्यार, विश्वास, कृतज्ञता, स्वीकार्यता, अपनापन और अपनी अलग पहचान जैसे विषयों पर रोशनी डालता है।

टाइटन की कॉर्पोरेट ब्राण्ड टीम के नेतृत्व में एकीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किए गए इस कैंपेन 'साईन ऑफ यू' के लिए कई क्रिएटिव पार्टनर्स जैसे ओगिल्वी, फेमस इनोवेशन्स, लोवे लिंटास, कैरटलेन की इन-हाउस क्रिएटिव टीम और प्रोडक्शन पार्टनर सुपरफ्लाय फिल्म्स ने एक साथ मिलकर काम किया है। खासतौर पर आईपीएल के आईएसएल फीड के लिए इस कैंपेन को स्टोरीटैलिंग फोर्मेट में तैयार किया गया है।

इस अवसर पर अजोय चावला, मैनेजिंग डायरेक्टर, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''टाइटन में हमारा मानना है कि हम जो कुछ भी बनाते हैं, उसमें हमारी दुनिया की झलक दिखनी चाहिए- एक ऐसी दुनिया जहां कई तरह की अभिव्यक्तियां, पहचान और अनुभव मौजूद हैं। 'साईन ऑफ यू' एक 'हाउस ऑफ ब्राण्ड्स' के रूप में हमारे मूल्यों की सामुहिक अभिव्यक्ति है। आईपीएल के इंडियन साईन लैंग्वेज फीड के लिए ओरिजिनल स्टोरीज़ बनाकर हम व्यूइंग के अनुभव को खास बना देना चाहते हैं तथा शब्दों के दायरे से बढ़कर मानवीय जुड़ाव की क्षमता को उजागर करना चाहते हैं।''

इस पहल पर बात करते हुए सिरिश चन्द्रशेखर, हैड- कॉर्पोरेट ब्राण्ड, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''टाइटन की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है कुछ नया करने की आज़ादी और किसी उद्देश्य के साथ बनाने की क्षमता। यह कैंपेन इसी भावना को दर्शाता है, जहां कई ब्राण्ड्स और क्रिएटिव पार्टनर्स एक साथ मिलकर ऐसा कम्युनिकेशन लेकर आए हैं, जो डिज़ाइन में इन्क्लुज़िव और भावनात्मक रूप से प्रमाणित है। टाइटन के लिए स्टोरीटैलिंग हमेशा से लोगों के साथ जुड़ने का ज़रिया रहा है और 'साईन ऑफ यू' इसी सोच को आगे बढ़ाता है।''

मैत्री रामकुमार, ग्रुप क्रिएटिव डायरेक्टर, ओगिल्वी बैंगलोर ने कहा, ''साईन ऑफ यू' के माध्यम से हमने उन लोगों के जीवन की एक झलक दिखाने का प्रयास किया है, जो सुन नहीं सकते, इसे समुदाय के सदस्यों ने ही जीवंत रूप दिया है। इस शानदार प्रोजेक्ट के लिए हम सभी टाइटन ब्राण्ड्स और उनकी एजेंसियों को बधाई देना चाहेंगे, जिन्होंने इस समुदाय की ताकत, गरिमा को इतनी खूबसूरती के साथ पर्दे पर उतारा है।''

# बॉन ग्रुप ने लखनऊ में आयोजित किया 'आरोहण' डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर मीट, नए और रोमांचक उत्पाद लॉन्च की घोषणा

लखनऊ। भारत के प्रमुख एफएमसीजी फूड ब्रांड्स में से एक, बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ ने लखनऊ में अपना प्रतिष्ठित डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर मीट सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कंपनी के मूल्यवान चैनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और लीडरशिप टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकास का उत्सव मनाना, साझेदारियों को मजबूत करना और आगामी सीज़न के लिए नए एवं रोमांचक उत्पाद नवाचारों का अनावरण करना था। यह कार्यक्रम बॉन ग्रुप की अपने डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क के साथ मजबूत संबंध बनाने तथा प्रमुख बाज़ारों में सहयोगात्मक विकास के नए अवसर सृजित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेतृत्व सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें शांतनु गोस्वामी, महाप्रबंधक- मार्केटिंग; नवदीप चड्ढा, उपाध्यक्ष - सेल्स; अजय



चतुर्वेदी, उप महाप्रबंधक - सेल्स; और सुखप्रीत सिंह, मार्केटिंग मैनेजर शामिल थे। उन्होंने पार्टनर्स के साथ निकटता से संवाद किया और कंपनी के निरंतर विकास एवं बाज़ार नेतृत्व के रोडमैप को साझा किया। इस अवसर पर बोलते हुए, नवदीप चड्ढा, उपाध्यक्ष सेल्स ने कहा, 'हमारे डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स, बॉन ग्रुप की सफलता की रीढ़ हैं। उनका विश्वास, प्रतिबद्धता और बाज़ार की समझ लगातार हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद कर रही है। ' शांतनु गोस्वामी, महाप्रबंधक मार्केटिंग ने कहा, 'उपभोक्ताओं की पसंद तेजी से बदल रही है, और इनोवेशन हमारी रणनीति के केंद्र में बना हुआ है। नॉर्थईस्ट के लिए 'टॉप' और पूरे भारत के बाज़ारों के लिए मैंगो फ्लेवर बिस्किट - 'फ्लिक' जैसे लॉन्च के साथ, हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव बनाना और अपने चैनल पार्टनर्स को रोमांचक विकास के अवसर प्रदान करना है। ' यह मीट बॉन ग्रुप के डिस्ट्रीब्यूशन इकोसिस्टम को मजबूत करने और पार्टनर्स को मौजूदा तथा उभरते बाज़ारों में ब्रांड की पहुंच को और तेज़ी से बढ़ाने के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित रही। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण नए और रोमांचक उत्पाद नवाचारों की शुरुआत रही, जिनका उद्देश्य भारतभर में उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए उन्हें बेहतर विकल्प प्रदान करना है।

अमेरिकाना बिस्किट्स ने गर्व के साथ 'टॉप' लॉन्च किया, जिसे विशेष रूप से 'स्वाद में टॉप और कुरकुरापन नॉन-स्टॉप' के जीवंत वादे के साथ तैयार किया गया है। इस लॉन्च को चैनल पार्टनर्स से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिन्होंने कंपनी की केंद्रित क्षेत्रीय रणनीति और स्थानीय पसंद के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

उत्साह को और बढ़ाते हुए, बॉन ग्रुप ने अपने नए मैंगो फ्लेवर बिस्किट - 'फ्लिक' का भी अनावरण किया, जो पूरे भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक ताज़गीभरा और नया स्वाद अनुभव लेकर आएगा।

# कैरेटलेन की चमक, अश्लेषा ठाकुर का स्टाइल; पेश किए मात्र 5000 से शुरू होने वाले नेचुरल डायमंड आभूषण

नई दिल्ली। टाटा के एक ब्रांड कैरेटलेन ने हाल ही में अपने नए कैंपेन के लिए अश्लेषा ठाकुर को चुना है। किफ़ायती और बजट में आने वाली नेचुरल डायमंड ज्वेलरी रेन्ज को सबके सामने पेश करने के लिए ये नया कैम्पेन शुरू किया गया है। अपनी बेहतरीन एक्टिंग और ह्ज्ञ्ज्ञ पर आकर्षक, सहज अंदाज़ के लिए मशहूर, युवा अभिनेत्री अश्लेषा ठाकुर आज की पीढ़ी के बीच काफी लोकप्रिय हैं। वो उन ग्राहकों से जुड़ाव महसूस कराती हैं जो असलीपन, खुद की पसंद, और सादगी को पसंद करते हैं।

इस खास संगठन के साथ, अश्लेषा ठाकुर अब कैरेटलेन के उन अभियानों का चेहरा होंगी जो किफ़ायती नेचुरल डायमंड ज्वेलरी को नई पहचान दे रहे हैं। इनमें 9 कैरेट सोना से बनी रेंज, और 925 चाँदी से बने शाया डायमंड्स आभूषण हैं। इनकी शुरूआती कीमत मात्र 5,000 है। यह रेंज दिखाती है कि कैरेटलेन फाइन ज्वेलरी को आज की पीढ़ी के लिए और भी सुलभ, हर दिन पहनने, और उनके स्टाइल के अनुकूल बनाने के प्रति समर्पित है।कैरेटलेन के मैनेजिंग डायरेक्टर, सौमेन भौमिक ने कहाः 'नेचुरल डायमंड्स कुदरत की अनमोल देन हैं जिन्हें बनने में करोड़ों साल लगते हैं, इसीलिए ये इतने कीमती होते हैं। लेकिन कीमती होने का मतलब यह नहीं कि इन्हें खरीदा न जा सके। हमारी 9 कैरेट गोल्ड और 'शाया' सिल्वर रेंज के ज़रिए, हम असली हीरों को आपकी पहुँच में ला रहे हैं, वो भी उनकी खूबसूरती और क्वालिटी से समझौता किए बिना। अश्लेषा आज के युवाओं से बहुत अच्छी तरह जुड़ी हुई हैं, इसलिए वे इस कलेक्शन के लिए सबसे सही चुनाव हैं। ' अश्लेषा ठाकुर ने कहा, 'मैं कैरेटलेन के साथ जुड़कर बहुत उत्साहित हूँ। डिज़ाइन और वैरायटी के मामले में यह ब्रांड हमेशा सबसे आगे रहा है। सिल्वर डायमंड और 9 कैरेट सोने के आभूषणों को जिस खूबसूरती से बनाया गया है, उसने मुझे वाकई प्रभावित किया है। यह स्टाइलिश भी है और बजट में भी, और मुझे यकीन है कि मेरी उम्र की बहुत सी लड़कियां इसे पहनना पसंद करेंगी। '

# धान की नर्सरी बचाने के लिए किसानों को डीजल के लिए पंपों पर गुज़ारनी पड़ रही हैं रातें

**अवधनामा संवाददाता**



**बोदरवार, कुशीनगर।** खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही क्षेत्र में खाद, डीजल और नकदी का संकट गहराने के साथ साथ खेतों में डाली गई धान की नर्सरी को बचाने के लिए किसानों को पेट्रोल पंपों पर रात गुजारनी पड़ रही है। इसके बावजूद अचानक डीजल खत्म की घोषणा से मायूस होकर खाली हाथ लौटने पर जहां विवश हैं अन्नदाता, वहीं पेट्रोल पंप वाले रात में निर्धारित समय पर अपने चहेतों और पुराने ग्राहकों डीजल मुहैया करा रहे हैं।

इस समय कुछ किसान धान की नर्सरी तैयार कर चुके हैं तो कुछ तैयार करने में जुटे हैं। ऐसे में किसानों को यूरिया, डीजल और नगदी की कमी के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समितियों, उर्वरक केंद्रों, पेट्रोल पंपों और बैंकों में नकदी की पर्याप्त उपलब्धता न होने से किसान लगातार इन जगहों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खेती के इस महत्वपूर्ण समय में खाद की किल्लत, पेट्रोल पंपों पर डीजल की कमी और बैंकों में नकदी की कमी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों ने आशंका जताई कि यदि नर्सरी डालने के समय ही खाद, डीजल और नगदी की ऐसी स्थिति बन रही है तो धान की रोपाई के दौरान संकट और गहरा हो सकता है। बोदरवार निवासी शिवचरन का कहना है कि बोदरवार समिति पर हमेशा ताला बंद रहता है धान की नर्सरी डालने के लिए खाद की आवश्यकता होने के कारण हम किसानों को प्राइवेट दुकानदारों से उनके मनमाने मूल्य पर खाद के साथ ही अनावश्यक दवा लेने के लिए हम मजबूर हैं जिस पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान ना देना हमें आश्चर्य में डाल रहा है। भोला पटेल का कहना है कि बोदरवार बाजार में स्थित चार बैंक है जिसमें मेरे परिवार के लोगों का चारों बैंक में खाता है। वहीं बोदरवार में चार एटीएम मशीन भी है लेकिन एटीएम और बैंक सभी जगहों पर रुपए का अभाव है। जिसके कारण हम किसानों को अपने बचत खाते में रुपया होने के बावजूद भी खाद व धान का बीज खरीदारी करने के लिए दुकानदारों द्वारा उधार लेने के कारण दुकानदारों के मनमाने मूल्य पर खरीदने के लिए मजबूर हैं। असना गांव की महिला किसान फूला देवी का कहना है कि धान की नर्सरी डालने के लिए हमें धन को 24 घंटे पहले भिगोना पड़ता है आज 48 घंटा हो जाने के बाद भी डीजल के अभाव में धान की नर्सरी डालने में असुविधा हो रही है जिसके कारण भिगोया गया धान का बीज भी खराब होने के कगार पर है। वहीं कुछ किसान जो एक हफ्ते पहले धान की नर्सरी डाल चुके हैं इस धूप में धान की नर्सरी को बचाने रखने के लिए उन्हें पानी चलाना अति आवश्यक है। लेकिन डीजल नहीं के अभाव में सब कुछ मिटता नजर आ रहा है। ऐसे में बोदरवार परिक्षेत्र के किसानों ने शासन प्रशासन से समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, पेट्रोल पंपों पर डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बैंकों में नगदी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि खरीफ की खेती प्रभावित न हो।

## ईदुज्जुहा पर प्रशासन अलर्ट, 2 सुपर जोनल समेत 46 मजिस्ट्रेट तैनात

**कुशीनगर।** आगामी ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने पर्व के दौरान जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार 27 मई से 29 मई 2026 तक जनपद में 02 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 06 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। प्रशासन ने सभी मजिस्ट्रेटों को स्थानीय पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों के साथ समन्वय बनाकर धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

# जमीन के विवाद में गई जान : मारपीट में घायल अधेड़ ने तोड़ा दम

**दीवार निर्माण को लेकर भड़का था विवाद, मेडिकल रिपोर्ट के बाद बढ़ेंगी गंभीर धाराएं**

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नम्बर आठ (बहुआस) में जमीनी विवाद ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। पुश्तैनी जमीन को लेकर हुए विवाद में मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम और तनाव का माहौल है। पुलिस ने पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया था और अब पोस्टमार्टम व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपितों पर गंभीर धाराएं बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बहुआस गांव निवासी अजय विश्वकर्मा पुत्र रामराज विश्वकर्मा ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर बताया था कि परिवार के पट्टीदारों के बीच जमीन का बंटवारा पहले ही हो चुका है। आरोप है कि 14 मई 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे शकुन्तला देवी पत्नी उमेश विश्वकर्मा तथा रितु व रेनू पुत्रीगण उमेश विश्वकर्मा पुश्तैनी जमीन के पीछे स्थित गली में दीवार निर्माण कराने लगीं। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद रामराज विश्वकर्मा पर लात-घूंसों, फट्टे और ईंट से हमला कर दिया गया।



मृतक के घर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़

गंभीर चोट लगने से 55 वर्षीय रामराज अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें आनन-फानन में गोरखपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां कई दिनों तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद बीती रात उनकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में कराया गया। गुरुवार देर रात जब शव गांव पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। शुक्रवार को गांव के समीप बहने वाले मौन नाला स्थित बहुआस घाट पर गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क बनी हुई है। इस संबंध में कप्तानगंज थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में पहले से मुकदमा दर्ज है।

# सभी त्योहार परंपरागत तरीके से मनाए जाएं, नई परंपरा मान्य नहीं होगी : डीएम

**बकरीद को लेकर कुशीनगर में पीस कमेटी की बैठक, शांति सौहार्द बनाए रखने के निर्देश**

**अवधनामा ब्यूरो**



कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम

**कुशीनगर।** आगामी ईदुज्जुहा/बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि 'सभी त्योहार परंपरागत तरीके से मनाए जाएं, कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है।' उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिबंधित पशुओं की बलि किसी भी स्थिति में न दी जाए तथा वेस्ट डिस्पोजल चिन्हित स्थानों पर ही किया जाए। डीएम ने कहा कि संवेदनशील और विवादित स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा पुराने विवादों का समय रहते समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट की सत्यता जांचे बिना प्रतिक्रिया न देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी, पैदल गश्त और फ्लैग मार्च बढ़ाया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, एडीएम न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की बात कही।

## प्रेमी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या करने वाली प्रेमिका गई जेल

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है, जहां कथित प्रेमिका ने अपने प्रेमी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के पीछे आपत्तिजनक फोटो और वीडियो को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मृतक शैलेश कुमार शुक्ला के पास महिला के कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मौजूद थे। महिला लगातार उन फोटो-वीडियो को डिलीट करने का दबाव बना रही थी, लेकिन शैलेश इसके लिए तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से और तनाव में आकर महिला ने दुपट्टे से शैलेश का गला कस दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

# राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजे गए कुशीनगर के 8 शिक्षक

**वाराणसी में हुए सम्मानित, शिक्षकों के इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कुशीनगर के आठ शिक्षकों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मिशन शिक्षण संवाद एवं बेसिक शिक्षा विभाग वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में 20 मई 2026 को वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं संगोष्ठी समारोह में जनपद के शिक्षकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर जिले के शिक्षकों और शिक्षा विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई।

समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्य रहीं। विशिष्ट अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक हेमंत राव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी अनुराग श्रीवास्तव एवं खंड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस ने शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद एडमिन मंजू सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय सपहा, फाजिलनगर) को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वहीं 'पढ़ाई से प्रतियोगिता मार्गदर्शक' सम्मान डॉ. सूर्य प्रताप (पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय भटवलिया बनकट, रामकोला) एवं सुनील सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय बतरौली, हाटा) को दिया गया। इसके अलावा 'अनमोल रत्न शिक्षक' सम्मान से बिपिन कुमार सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय राजपुर खास), मिथिलेश कुमार (उच्च प्राथमिक विद्यालय डुमरी सहोदर पट्टी, विशुनपुरा) तथा सुरेंद्र सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय धूसी टोला महुई बुजुर्ग, हाटा) को नवाजा गया। 'पढ़ाई से प्रतियोगिता' अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी, मोतीचक) को सम्मानित किया गया, जबकि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में पूरे जनपद में सर्वाधिक चयन कराने वाले शिक्षक विनय सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनपुर सुकरौली, खड्डा) को विशेष उपलब्धि सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाराणसी पब्लिक स्कूल के निदेशक अमित पांडे, रविंद्र कुमार, वी. परनामी, सरिता राय सहित प्रदेश के 75 जनपदों से आए शिक्षक एवं शिक्षाविद मौजूद रहे। कुशीनगर के शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान मिलने पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक राजकुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों और शिक्षक नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।




वाराणसी में सम्मानित होते शिक्षक

# त्योहारों में शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**मुंशीगंज (अमेठी)।** बकरीद पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार की शाम प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में परतोष पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने साफ कहा कि त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

साथ ही कुर्बानी स्थल साफ-सफाई यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई।।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर विशेष नजर रख रही है। किसी भी तरह की भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया।

## लोकायुक्त की सख्ती : डीआईओएस पर बाहर के अफसर करेंगे जांच

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के खिलाफ चल रही लोकायुक्त जांच अब मण्डलस्तर पर पहुंच गई है। लोकायुक्त ने स्थानीय जांच पर शिकायतकर्ता द्वारा जताई गई आपत्ति को गंभीरता से लेते हुए कुशीनगर से बाहर के अधिकारियों की तीन सदस्यीय समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया है।

पहले जिलाधिकारी स्तर पर गठित जांच समिति में एसडीएम पडरौना, ट्रेजरी अफसर और बीएसए को शामिल किया गया था, लेकिन शिकायतकर्ता विरेन्द्र ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर जांच होने से मामले की लीपापोती हो सकती है। इसके बाद सचिव लोकायुक्त डॉ. रीमा बंसल ने मण्डलायुक्त गोरखपुर को नया आदेश जारी कर 3 जून 2026 तक जांच रिपोर्ट मांगी है। डीआईओएस पर फर्जी नियुक्तियों को संरक्षण देने, बिना कार्य किए लाखों रुपये एरियर भुगतान कराने, नियम विरुद्ध चयन वेतनमान देने और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों की कथित लीपापोती करने जैसे गंभीर आरोप हैं।

# लो वोल्टेज से बीमार हुई पीएचसी की नई जांच मशीनें

**मरीजों को नहीं मिल रही समय पर जांच सुविधा, निजी पैथोलॉजी का लेना पड़ रहा सहारा**

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोदरवार में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या अब स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी पड़ने लगी है। अस्पताल में खून, शुगर समेत विभिन्न जांचों के लिए लगाई गई नई मशीनें पर्याप्त वोल्टेज न मिलने के कारण बार-बार बंद हो जा रही हैं। इससे मरीजों को समय पर जांच सुविधा नहीं मिल पा रही और उन्हें मजबूरन निजी पैथोलॉजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि करितीन में नया विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र की लो वोल्टेज समस्या दूर करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था, लेकिन गर्मी बढ़ते ही बिजली व्यवस्था फिर चरमरा गई है। इसका सीधा असर बोदरवार सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखाई देने लगा है।



बोदरवार में मरीजों का उपचार करते डॉ. संजय भारद्वाज

अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन जांच मशीनें सुचारु रूप से संचालित न होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियां बढ़ गई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर निजी जांच केंद्रों का अतिरिक्त खर्च भारी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। समस्या के समाधान के लिए कप्तानगंज उप विद्युत केंद्र से संचालित परतावल फीडर को अलग कर करितीन फीडर बनाया गया था। शुरुआत में बिजली आपूर्ति बेहतर रही, लेकिन अब फिर स्थिति खराब हो गई है। मरीजों का कहना है कि कई बार घंटों इंतजार करने के बाद भी मशीनें चालू नहीं हो पातीं। ग्रामीणों और मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग तथा विद्युत विभाग से अस्पताल के लिए स्थायी समाधान निकालने, पर्याप्त वोल्टेज उपलब्ध कराने और वैकल्पिक बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि मरीजों को सरकारी अस्पताल में ही बेहतर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके। इस संबंध में कप्तानगंज के अवर अभियंता रुपेश कुमार ने बताया कि ऊपर से ही वोल्टेज कम मिल रहा है। जैसे ही पर्याप्त वोल्टेज मिलेगा, सप्लाई सामान्य हो जाएगी। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोदरवार के चिकित्साधिकारी डॉ. संजय भारद्वाज ने कहा कि अस्पताल में जांच की सभी मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन वे बिजली आधारित हैं। लो वोल्टेज के कारण मरीजों को जांच के लिए कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजना पड़ रहा है।

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

**अमेठी।** भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों में आक्रोश फैल रहा है।शुक्रवार को लोगों ने तहसील पहुँचकर एसडीएम को ज्ञापन दिया है। क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एडवोकेट राजेश मिश्रा के नेतृत्व में नागरिकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता है लेकिन कई गांवों में लोगों को मात्र 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। लगातार हो रही कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खासकर रात में बिजली न रहने से छोटे बच्चों बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय धान की नर्सरी कार्य चल रहा है लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## गोरखपुर मंडल ओवरऑल चैंपियन, कुशीनगर के खिलाड़ियों ने जीते 39 पदक



**कुशीनगर।** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में गोरखपुर मंडल ने ओवरऑल चैंपियन बनकर प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कुशीनगर के खिलाड़ियों ने 39 पदक जीतकर मंडल की सफलता में अहम योगदान दिया। 9 से 11 मार्च 2026 तक डॉ भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभा सेमर में हुई प्रतियोगिता में कुशीनगर को कुल 178 अंक प्राप्त हुए। गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राम जियावन मौर्य के प्रतिनिधित्व में चैंपियंस ट्रॉफी जिलाधिकारी डॉ महेंद्र सिंह तंवर व मुख्य विकास अधिकारी बंदिता श्रीवास्तव को भेंट की गई। अधिकारियों ने इसे जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कुशीनगर टीम ने शूटिंग, फुटबॉल, ताइक्वांडो, कुश्ती, जूडो, बॉक्सिंग, तैराकी, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन व कबड्डी में प्रदर्शन किया। टीम का नेतृत्व जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार मिश्र ने किया। शूटिंग में आशिया खातून ने स्वर्ण, सुमन ने रजत व स्वीटी शर्मा ने कांस्य पदक जीता। ताइक्वांडो में विनीता को स्वर्ण, आनंद प्रजापति को रजत व रोहित राजभर को कांस्य मिला। कुश्ती में पुजारी व बादल ने स्वर्ण जबकि शिवम गुप्ता ने कांस्य हासिल किया। जूडो में शिवम गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग में अमन प्रसाद, दिलखुश, आनंद राय व श्याम कुमार ने स्वर्ण, सागर व बादल ने रजत पदक प्राप्त किया। फुटबॉल बालक वर्ग की टीम विजेता रही।

## जिले में खुलेंगे 13 एग्रीजंक्शन केन्द्र

**अमेठी।** जनपद के कृषि स्नातकों के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर सामने आया है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना के अंतर्गत जनपद में 13 एग्रीजंक्शन केन्द्र खोले जाएंगे जिससे कृषि एवं सहबद्ध विषयों में डिग्रीधारी युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश सामग्री एवं कृषि प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि स्नातकों को आत्मनिर्भर बनाना तथा किसानों तक उन्नत कृषि तकनीक गुणवत्तापूर्ण बीज उर्वरक एवं अन्य कृषि सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से प्रशिक्षित कृषि उद्यमी गांव स्तर पर किसानों को कृषि संबंधी परामर्श भी प्रदान करेंगे।

# घर-घर पहुंचकर शुरू हुई मकानों की गणना

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में शुक्रवार 22 मई 2026 से जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सर्वेक्षण करते हुए सूचीकरण और गणना का कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने इस कार्य को गंभीरता एवं शत-प्रतिशत सफलता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं ताकि कोई भी मकान गणना से वंचित न रह जाए। जिला प्रशासन के अनुसार जनगणना देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है जिसके माध्यम से जनसंख्या आवासीय स्थिति संसाधनों और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संकलित किए जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग भविष्य की योजनाओं सरकारी नीतियों तथा जनहितकारी कार्यक्रमों के निर्माण में किया जाता है। ऐसे में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की सटीकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जनपद में नियुक्त प्रगणक और सुपरवाइजरों ने आज से अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर मकानों का सत्यापन सूचीकरण एवं गणना का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस दौरान टीम द्वारा प्रत्येक मकान की स्थिति उपयोग संरचना सहित निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवश्यक विवरण संकलित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण के दौरान कोई भी मकान छूटने न पाए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न हो। जिला प्रशासन ने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए वे अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। प्रशासन ने निर्देशित किया है कि सभी कर्मचारी अपने साथ पेयजल ओआरएस का पैकेट गमछा अथवा सिर ढंकने के आवश्यक साधन अनिवार्य रूप से रखें जिससे लू एवं गर्मी से बचाव किया जा सके और कार्य प्रभावित न हो। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से भी सहयोग की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि जब प्रगणक अथवा सुपरवाइजर उनके घर पहुंचें तो नागरिक उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं और सर्वेक्षण कार्य में सहयोग दें।

## ट्रेन की चपेट में आने से 23 वर्षीय युवक की मौत

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपट्टी रेलवे क्रॉसिंग के लिए बने अंडरपास के पास रेलवे पटरी पर शुक्रवार दोपहर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर के समय क्रॉसिंग के पश्चिम दिशा में कुछ स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव देखा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की। तलाशी के दौरान युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान विकाश मद्धेशिया (उम्र लगभग 23 वर्ष), पुत्र स्व. हरेन्द्र मद्धेशिया, निवासी ग्रामसभा गौश्रीराम (टोला लालगंज), थाना विशुनपुरा के रूप में हुई। प्राथमिक जांच में युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है, जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# कुशीनगर में आउटसोर्सिंग भर्ती घोटाला, 24 स्वास्थ्यकर्मियों की सेवा समाप्त

**कार्यवाहक सीएमओ के कार्यकाल में हुई थी नियुक्ति, डीएम जांच में खुली अनियमितताओं की परतें**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के जरिए की गई 24 सफाईकर्मियों और सपोर्ट स्टाफ की नियुक्तियों पर आखिरकार कार्रवाई की गाज गिर गई। डीएम के निर्देश पर हुई जांच में भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद सभी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार करीब एक वर्ष पूर्व सीएमओ कार्यालय में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से फ्रंट लाइन सिक्योरिटी एंड मैन पावर सर्विसेज द्वारा 24 सफाईकर्मियों एवं सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति की गई थी। उस समय डॉ. अनुज प्रकाश भास्कर सीएमओ थे, लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही उनका स्थानांतरण हो गया। बाद में कार्यवाहक सीएमओ बनाए गए डॉ. बृजनंदन कुमार के कार्यकाल में इन कर्मचारियों को कार्य पर रख लिया गया। जांच में सामने आया कि नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया, रोस्टर और नियमों का पालन नहीं किया गया था। शिकायत मिलने पर डीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम ने जांच के दौरान कई स्तरों पर गड़बड़ी पाई। सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि नियमों को दरकिनार कर नियुक्तियां की गई थीं और आउटसोर्सिंग प्रक्रिया भी अधूरी थी। इसलिए सभी 24 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि अब पूरी प्रक्रिया दोबारा नियमानुसार कराई जाएगी। साथ ही जिन कर्मचारियों ने करीब एक वर्ष तक कार्य किया है, उन्हें नियमानुसार वेतन का भुगतान किया जाएगा। गौरतलब है कि तीन माह पहले भी स्वास्थ्य विभाग में इसी तरह का मामला सामने आया था।

# राजकीय इंटर कॉलेज में श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर में जनपद स्तरीय श्रीमद् भागवत गीता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सभागार में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनकी पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आरएफआईडी युक्त आईडी कार्ड जारी किए जाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'जागृति' वर्ष 2025-26 का विमोचन भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रिका विद्यार्थियों के ज्ञान, सृजनशीलता एवं व्यक्तित्व विकास को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगी।

श्रीमद् भागवत गीता प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विजेताओं के अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने पृथक से एक हजार प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा भी की।

प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक श्लोक गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गुरुकुल रूद्रपुर तिलहर के आयुष ने प्रथम, राधा माधव विद्यापीठ की दृष्ना मैथिल ने द्वितीय तथा फोर्टीलाइजर पब्लिक स्कूल ददरौल के आरम्भ मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 6 से 8 वर्ग की विजेता टीम प्रतियोगिता में डीपी मेमो हा. जलालाबाद की देवांशी, कंपोजिट विद्यालय खंडहर, जलालाबाद की पारी एवं डीपी मेमो हा. जलालाबाद की कुंज गुप्ता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल नगर क्षेत्र की विधि गुप्ता, सिद्धार्थ त्रिवेदी एवं मो. ताविश की टीम द्वितीय तथा कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया भावलखेड़ा के आयुष, शिवांजय एवं अनन्या की टीम तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा 9 से 12 वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में आचार्य राम मोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर जलालाबाद की पंखुरी शुक्ला एवं दृष्टि पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि काकोरी शहीद इंटर कॉलेज जलालाबाद की भूमि सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। ओपन वर्ग की भाषण एवं व्याख्यान प्रतियोगिता में आ.रा.मि.श.वि. मा.इ.का. जलालाबाद की प्रगति चौहान ने प्रथम, रेनेसां तिलहर से देवांशी मिश्रा ने द्वितीय तथा आर्य महिला इण्टर कॉलेज की अन्निका दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज से देवेश शर्मा प्रथम, रा.इ. कॉलेज कांट से दिव्यांशी शर्मा द्वितीय एवं आर्य महिला इण्टर कॉलेज से श्रेया तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा एक-एक हजार रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रेमशंकर सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## राज्य सूचना आयुक्त का जनपद आगमन 23 मई को

**बहराइच।** राज्य सूचना आयुक्त, उ.प्र. मोहम्मद नदीम का 23 मई 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. आयुक्त श्री नदीम 23 मई को मदनी इण्टर कालेज कैसरगंज़ पहुंचकर प्रधानाचार्य डॉ. अरशद रईस द्वारा आयोजित शिक्षा जागरूकता मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 01:30 बजे राजापुर माफी रोड पर स्थित अशरफ कमाल के आवास पर जायेंगे। सूचना आयुक्त नदीम अपरान्ह 03:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में राजस्व विभाग से सम्बन्धित जनसूचनाधिकारियों व प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत बहराइच से सम्बन्धित आयोग में लम्बित द्वितीय अपीलों/शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक करेंगे। तदोपरान्त जनपद के किसी एक तहसील के जनसूचना प्रकोष्ठ का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरान्त किंडर ज्वाय एकेडमी बेरिया खलीलपुर में डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे।

# जनपद में कॉलोनाइजर की मनमानी जारी

- रे.रा. नियमों की खुली अनदेखी
- बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से कट रही कॉलोनियां

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** जिस तरह सड़क पर कमर्शियल वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति के लिए बीमा अनिवार्य माना जाता है और बिना बीमा के वाहन चलाने पर तुरंत चालान, जुर्माना और कई बार वाहन सीज तक की कार्रवाई की जाती है, उसी तरह रियल एस्टेट सेक्टर में कॉलोनियों और आवासीय प्रोजेक्टों के लिए Real Estate Regulatory Authority (RERA) रजिस्ट्रेशन को भी उतना ही जरूरी सुरक्षा कवच माना जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत में दोनों व्यवस्थाओं का अनुपालन समान रूप से सख्ती से होता दिखाई नहीं दे रहा।

जनपद फिरोजाबाद में आरोप लग रहे हैं कि कई रियल एस्टेट डेवलपर्स द्वारा कॉलोनियों का विकास और भूखंडों की बिक्री त्म्त। रजिस्ट्रेशन के बिना ही की जा रही है। जबकि नियमों के अनुसार किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को आम जनता को बेचने से पहले RERA में पंजीकरण अनिवार्य है ताकि खरीदारों के अधिकार सुरक्षित रहें और परियोजना की पारदर्शिता बनी रहे। वहीं दूसरी ओर, सड़क पर एक गरीब वाहन चालक यदि बीमा नहीं कराता तो उसे कानून के तुरंत दायरे में लाकर दंडित किया जाता है, लेकिन रियल एस्टेट क्षेत्र में इसी तरह की सख्ती का अभाव देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहन बीमा और RERA रजिस्ट्रेशन दोनों का उद्देश्य सुरक्षा है। एक सड़क पर आम नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, तो दूसरा घर खरीदने वाले परिवार की जीवनभर की पूंजी की सुरक्षा करता है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब वाहन पर नियम तोड़ने पर तुरंत कार्रवाई होती है, तो कॉलोनियों में नियमों के उल्लंघन पर ढील क्यों दिखाई जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नक्शा पासिंग और NOC प्रक्रिया में RERA रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य रूप से जोड़ दिया जाए, तो अवैध या अपंजीकृत कॉलोनियों पर काफी हद तक रोक लग सकती है। उनका कहना है कि NOC केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि खरीदारों के हितों की कानूनी गारंटी है, ठीक वैसे ही जैसे वाहन बीमा सड़क पर किसी दुर्घटना के बाद वित्तीय सुरक्षा देता है। इसलिए प्रशासनिक स्तर पर दोनों नियमों को समान गंभीरता से लागू करने की आवश्यकता है, ताकि 'एक देश, एक नियम' की भावना जमीन पर भी दिखाई दे।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

- बस-टैंकर भिड़ंत के बाद लगी आग, दो की मौत, कई घायल

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद के थाना मटसेना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेसवे पर पिलर नंबर 46 के पास कानपुर से गुरुग्राम जा रही एक प्राइवेट बस की टैंकर से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में तुरंत आग लग गई और कुछ ही पलों में पूरा घटनास्थल धुएं और अफरा-तफरी में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे से पहले सड़क पर एक डम्पर पलटा हुआ था, जिससे बस अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई और फिर टैंकर से भिड़ंत हो गई। अचानक लगी आग के कारण यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग बस से बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। इस हादसे में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना में बस चालक और कंडक्टर की मौत हो गई है। घायलों में से 5 को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल 15 यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत राहत कार्य में जुट गए और पुलिस व प्रशासन को सूचना दी गई। प्रशासन द्वारा हादसे की जांच की जा रही है।

## हृदय रोग से पीड़ित दो बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन

**दोस्तपुर/सुलतानपुर।** व्यायु स्वास्थ्य केन्द्र दोस्तपुर में अधीक्षक डॉ अजीत सिंह की अध्यक्षता में संचालित आर.बी.एस.के. टीम द्वारा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित दो बच्चों की पहचान कर उनका निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। आर.बी.एस. के. टीम में शामिल डॉ रेशमा, डॉ प्रीती सिंह, फार्मासिस्ट विवेक तिवारी एवं फार्मासिस्ट अरविन्द यादव द्वारा बच्चों के परीक्षण के दौरान दोनों बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण पाए गए थे। इसके बाद टीम ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया। समय रहते जांच और उपचार मिलने से दोनों बच्चों का सफलतापूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ अजीत सिंह ने कहा कि आर.बी.एस.के. योजना के माध्यम से बच्चों में गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# नीट-यूजी पेपर लीक सबसे बड़ा भ्रष्टाचार लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन ने नीअ-यूजी पेपर लीक मामले को देश का सबसे बड़ा फ्रॉड और भ्रष्टाचार करार देते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने देश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। श्री बिसेन ने एक बयान जारी कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नाकामी के कारण पिछले 12 वर्षों में देश और प्रदेश में पेपर लीक के लगभग 70 बड़े मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का भरोसा परीक्षा व्यवस्था से उठता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों द्वारा पकड़े गए लोगों के तार भाजपा और संघ से जुड़े लोगों से सामने आ रहे हैं। उनका कहना है कि भ्रष्ट नेताओं, अधिकारियों और शिक्षा माफियाओं के गठजोड़ ने पूरी परीक्षा प्रणाली को बर्बाद कर दिया है। एडवोकेट अशोक सिंह बिसेन ने कहा कि देश का युवा लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने में भी असफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि देश के बेरोजगार युवा आने वाले समय में भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को जवाब देंगे।

## 15 जून तक बंद रहेंगे जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र

**सुलतानपुर।** इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी, प्रचण्ड धूप और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बड़ा फैसला लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र 20 मई 2026 से 15 जून 2026 तक बंद रहेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पहले से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जा चुका है। अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय परिसरों में संचालित होते हैं और यहां आने वाले छोटे बच्चे तेज गर्मी और लू से सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि अवकाश अवधि के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की ड्यूटी पूर्ववत जारी रहेगी। उन्हें लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, बच्चों का वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्र तथा आरबीएसके टीम के साथ बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं संदर्भन जैसे कार्य नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कुशाग्र राव ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण

- एसपी चारू निगम ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** युवा खिलाड़ी कुशाग्र राव ने सीआईएससीई ज़ोनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स 2026 की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 18 से 20 मई तक लखनऊ पब्लिक कॉलेज, ए-ब्लॉक राजाजीपुरम में आयोजित हुई थी। कुशाग्र ने अंडर-14 वर्ग के 35 से 38 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया।

अमीना ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुशाग्र राव को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सीआईएससीई की ओर से सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनकी इस सफलता से खेल प्रेमियों और अकादमी से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को सुलतानपुर की पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने कुशाग्र राव को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेलों में अनुशासन, मेहनत और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने कुशाग्र की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी जिले का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करते हैं। एसपी चारू निगम ने कुशाग्र की प्रशिक्षिका अमीना बानो के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे प्रशिक्षकों की मेहनत और सही दिशा-निर्देशन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

अमीना ताइक्वांडो अकादमी के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुधाकर सिंह, कोषाध्यक्ष एडवोकेट मदन सिंह तथा सदस्य कांति सिंह ने भी कुशाग्र राव की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने प्रशिक्षिका अमीना बानो और कुशाग्र के माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## प्रातः 08 बजे से खुलेंगे जनपद के सी.एस.सी. सेन्टर : जिलाधिकारी

**बहराइच।** कृषि तथा एलायड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए फार्मर रजिस्ट्री (किसान पहचान पत्र) बनवाने में कृषकों की सुविधा के मद्देनज़र जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद में संचालित समस्त सी.एस.सी. सेन्टरों को अपने-अपने पंजीकृत स्थान पर प्रातः 08:00 बजे से खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। डीएम द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। डीएम ने समस्त सीएससी संचालकों को अग्रिम आदेशों तक जारी आदेशों का कड़ाई के साथ पालन करने के निर्देश देते हुए सभी संचालकों को निर्देशित किया है कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में कृषकों को सक्रिय सहयोग प्रदान करें ताकि जनपद के समस्त कृषक फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित होकर संचालित योजनाओं का निर्बाध रूप से लाभ प्राप्त करते रहें।

# फ़िरोज़ाबाद चूड़ी बाजार में महंगाई के खिलाफ कारोबारियों का बड़ा फैसला

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फ़िरोज़ाबाद के प्रसिद्ध चूड़ी बाजार, बोहरान गली से एक बड़ी खबर सामने आई है। लगातार बढ़ती महंगाई और मंदी की मार से परेशान चूड़ी कारोबारियों ने अब विरोध का रास्ता अपनाते हुए सप्ताह में दो दिन बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। कारोबारियों ने ऐलान किया है कि हर शुक्रवार और शनिवार को चूड़ी बाजार पूरी तरह बंद रहेगा।

व्यापारियों का कहना है कि थोक कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण लागत तेजी से बढ़ रही है, जबकि बाजार में ग्राहकों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में दुकान चलाना और रोजमर्रा का खर्च निकालना बेहद मुश्किल हो गया है। कई दुकानदारों ने पोस्टर और पर्चे लगाकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है, जिनमें लिखा है कि 'इतनी महंगी चूड़ी खरीदकर व्यापार चलाना संभव नहीं है।' कारोबारियों का यह भी कहना है कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया और बाजार की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस फैसले के बाद स्थानीय बाजार में हलचल तेज हो गई है और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग भी उठने लगी है। व्यापारियों का यह कदम आने वाले दिनों में चूड़ी उद्योग पर बड़ा असर डाल सकता है।

# जनपद में डिजिटल जनगणना का प्रथम चरण आज से शुरू



**फिरोजाबाद।** जनपद में 16वीं राष्ट्रीय जनगणना के अभियान का आगाज आज से शुरू हो गया है, प्रथम चरण के अंतर्गत मकान की सूचीकरण व मकान गणना का कार्य किया जाएगा, यह गणना 22 मई से प्रारंभ होकर आगामी 20 जून तक निरंतर संचालित रहेगी। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद वासियों से राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है, जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश व प्रदेश के विकास की योजनाओं का मुख्य आधार है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, कि प्रगणकों को सही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराए। प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर योजनावार तरीके से मकान की नंबरिंग की जाएगी और उसकी सूची तैयार होगी, जनपद में इस वृहद व महत्वपूर्ण कार्य को पूर्णतः पारदर्शिता व सुगमता से संपन्न करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को लगाया गया है, जिसके तहत 5360 प्रगणक, 850 सुपरवाइजर, 15 चार्ज अधिकारी, 52 अधिशासी अधिकारी, तीन जोनल ऑफिसर (नगर निगम) नियुक्त किए गए हैं। यह संपूर्ण महा अभियान जनता के सहयोग और प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से संचालित किया जाएगा, ताकि जनपद का कोई क्षेत्र व मकान जनगणना से वंचित न रहें।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **15.06.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00482026 दिनांक 22.05.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 04-Sr-DEN-C-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में नॉन इंटरलॉक्ड समपारों पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट के प्रावधान का कार्य (टीवीयू 10,000 और 20,000 के बीच)। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 6,64,85,669.49 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 13,29,700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से **बारह** माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.06.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.06.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1729/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक

- भूमि अर्जन कार्यों में तेज़ी लाने के दिये गये निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं यथा राष्ट्रीय राजमार्ग 927 जरवल से बहराइच चारलेन चौडीकरण, गोरखपुर शामली एक्सप्रेसवे, बहराइच-गोण्डा बाईपास, बहुउद्देशीय हब, बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन, सरयू नहर गैप्स इत्यादि के भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद अवगत कराया गया कि एन.एच. 927 के 08 ग्रामों में अधिनिर्णय किया जा चुका है। विभाग से अभी प्रतिकर धनराशि प्राप्त नही है। योजना प्रभावित 56 ग्रामों में 42 ग्रामों की संयुक्त स्थलीय जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत प्रस्तुत की गयी है। इनमें आपत्तियों की सुनवाई के उपरान्त अधिनिर्णय पारित किया जायेगा। श्री प्रसाद ने बताया कि गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के निर्माण में तहसील महसी के प्रभावित 26 ग्रामों में धारा-3ए का प्रकाशन हो गया हैं आपत्तियों सुनी जा चुकी है। 03 आपत्तियाँ प्राप्त हुयी है जिसका निस्तारण परियोजना निदेशक को भेजा गया है। तहसील बहराइच के 13 ग्राम व पयागपुर के 03 ग्राम प्रभावित है जिनका 3ए प्रकाशन हेतु परियोजना निदेशक को भेजा गया है। परियोजना निदेशक द्वारा भारत सरकार को भेजा जा चुका है। जो अभी प्रकाशन नही हुआ है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि बहराइच बाईपास की 08 ग्रामों में से 07 ग्रामों के अधिनिर्णय की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी हैं। मात्र 01 ग्राम अवशेष है। बहुउद्शीय हब के निर्माण में 03 ग्राम प्रभावित है जिनका अधिनिर्णय 19 मई 2026 को पारित किया जा चुका है। प्रभावित कृषको को भुगतान हेतु नोटिस निर्गत की जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच ने बताया कि उपजिलाधिकारी कैसरगंज से प्रभावित भू-खण्डों का अंश निर्धारण आख्या, भूमि की भौतिक स्थलीय स्थिति उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार कैसरगंज तथा एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि योजना प्रभावित 56 में अपेक्षित सूचना विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच को उपलब्ध करायें। जिन ग्रामों में अधिनिर्णय घोषित हो चुका हैं। उन ग्रामों में प्रभावित काश्तकार को भुगतान जल्द से जल्द करा दिया जाय। सहायक कार्यपालक इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे को ग्राम रेवली के काश्तकार की अधिक ली गयी भूमि को आपसी समझौते के माध्यम से क्रय कर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी सदर लालधर यादव, भूमि अर्जन अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-1 लो.नि.वि., लखनऊ से आये हुए एनएचएआई, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि., सहायक कार्यपालक इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, तहसीलदार कैसरगंज, नानपारा व सदर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पार्षद को ही कटघरे में खड़ा कर दिया

- मुंडन कराने वाली पार्षद को गलत साबित करने में जुटे नगर निगम के मालिक

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** नगर निगम में वार्ड नंबर-6 की भाजपा महिला पार्षद ऊषा शंखवार के मुंडन प्रकरण ने अब नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। वार्ड में विकास कार्य न होने के विरोध में कई बार धरना देने, हाथ में कटोरा लेकर भीख मांगने और आखिरकार नगर निगम गेट पर मुंडन कराने वाली पार्षद को अब गलत साबित करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। पार्षद का कहना है कि उन्होंने अपने क्षेत्र की सड़क, नाली, जलभराव और अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। विरोध स्वरूप उन्होंने पहले धरना दिया, फिर कटोरा लेकर 'विकास की भीख' मांगी और अंत में मुंडन कराकर अपना विरोध दर्ज कराया। अब नगर निगम के कुछ जिम्मेदार लोगों द्वारा यह सवाल उठाया जा रहा है कि पार्षद ने हमसे कभी शिकायत नहीं की हैं। इस पर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि एक जनप्रतिनिधि धरना देता है, अधिकारियों से गुहार लगाता है और जनता की समस्याओं को लेकर विरोध करता है, तो क्या उसे शिकायत की श्रेणी में नहीं माना जाएगा ? विवाद उस समय और बढ़ गया जब आरोप लगे कि नगर निगम से जुड़े लोग अपनी कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों से बचने के लिए सहजातीय महिला से बयान दिलवाकर मुद्दे को दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसे लेकर विपक्षी दलों और स्थानीय लोगों ने भी सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। फिलहाल पूरा मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर महिला पार्षद अपने वार्ड में विकास कार्यों की मांग को लेकर संघर्षरत दिखाई दे रही हैं, वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन और राजनीतिक गलियारों में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बयानबाजी जारी है।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्यवाही 626 वाहनों के चालान

**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर शाहजहांपुर जनपदमें यातायात पुलिस ने गुरुवार रात अभियान चलाते हुए नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है यातायात पुलिस, थाना कोतवाली पुलिस और पीटीओ की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे, जिला अस्पताल और अन्य प्रमुख स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 626 वाहनों के चालान किए। वहीं फिटनेस की वैधता समाप्त होने पर दो एम्बुलेंस भी सीज कर दी गई।

पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान में प्रभारी निरीक्षक यातायात बच्चू सिंह, थाना कोतवाली पुलिस बल और पीटीओ टीम शामिल रही। चेकिंग के दौरान दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों के आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के बिना वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी.एण्ड डब्ल्यू. लखनऊ के द्वारा **ई–टेंडर संख्या 283-Mech-CW-ACWP-26** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **11.06.2026, 15:00 बजे** है जो उसी दिन **15:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की IREPS पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 3 नम्बर्स ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लान्टस (एसीडब्लयूपीएस) विद प्रोविजन आफ इफ्यूलेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (ईटीपी) एण्ड वाटर रिसाइकिलिंग प्लान्ट (डब्लयूआरपी) एण्ड मेन्टेनेन्स एण्ड आपरेशन फार टू इयर्स इन वारन्टी पीरियड फ्राम द डेट आफ कमिशनिंग एण्ड आपरेशन एण्ड मेन्टेनेन्स आफ एसीडब्लयूपीएस फार थ्री इयर्स विद ईटीपी आफ्टर वारन्टी पीरियड ऐट लखनऊ, वाराणसी एण्ड अयोध्या कैन्ट डिपो आफ लखनऊ/एनआर डिवीजन। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविद बंद होने की दिनांक एवं समय | 11.06.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 22.05.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 8,16,69,872.60 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी. एण्ड डब्ल्यू. |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिडयूल आईटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 16,33,400.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क | कार्य की अवधि | (180 days+ 60 Months) As per delivery schedule chart, 180 days from date of award to prove out test + 60 Months for maintenance and operation. |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 28.05.2026 | | |

सं.: 283-Mech-CW-ACWP-26 दिनांक: 21.05.2026 **1721/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शास्त्री चौराहे पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

■ श्रमिकों को गर्मी से राहतः मंत्री ने सुनी समस्याएं

**वहाज अली 'निहाल'**



**इटावा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होम गार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ.प्र. धर्मवीर प्रजापति द्वारा शास्त्री चौराहे पर शुक्रवार को श्रमिकों के लिए प्याऊ का उद्घाटन किया गया। शास्त्री चौराहे पर लगने वाले श्रमिक बाजार में नगर पालिका परिषद द्वारा श्रमिकों के लिए निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर मंत्री जी ने श्रमिकों की समस्याओं को भी सुना तथा उन्हें पानी पिलाया। मंत्री जी ने कहा कि भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए श्रमिकों को पूरी गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रमिकों के लिए स्थायी बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जी द्वारा श्रमिकों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई गई तथा स्थल पर पेयजल के लिए मटकों की भी व्यवस्था कराई गई। उक्त के पश्चात मंत्री जी द्वारा मनियामऊ पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मनियामऊ में 4 आंगनवाड़ी केंद्र एवं 3 प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के बैनर पंचायत भवन पर लगाए जाएं, जिससे आमजन योजनाओं के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए तथा पंचायत भवन पर शिलालेख अवश्य लिखा जाए। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री जी द्वारा मनियामऊ में वृक्षारोपण भी किया गया। उक्त के पश्चात मंत्री जी द्वारा महिपालपुर डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा विद्यार्थी यहां पहुंचकर अध्ययन कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि लाइब्रेरी में जनरल नॉवेल एवं उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था की जाए, जिससे बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़े और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने पर भी बल दिया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बी0जे0पी0अन्नू गुप्ता, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार, संबंधित ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल डालकर कार फूंकने में चार के खिलाफ मुकदमा

**मौदहा।** कस्बे के मराठीपुरा मोहल्ले में देर रात खड़ी कार में पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मराठीपुरा निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार रात वह अपने कमरे में सो रहे थे। देर रात करीब दो बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो शैलेश सोनी, शिवम सोनी, श्याम मिलन सोनी और एक अज्ञात व्यक्ति उनकी कार पर पेट्रोल छिड़क रहे थे। धर्मेंद्र के अनुसार विरोध करने पर आरोपितों ने कार में आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक आग पूरी कार में फैल चुकी थी। देखते ही देखते कार जलकर राख हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपितों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही थी और पूर्व में भी उन्हें धमकी दी गई थी। कोतवाली प्रभारी सन्तोष सिंह ने बताया मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बकरीद व मोहर्रम सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील

■ परंपरागत स्थलों पर ही होगी कुर्बानी, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** आगामी बकरीद एवं मोहर्रम त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक भी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कुर्बानी केवल पूर्व से निर्धारित एवं परंपरागत स्थलों पर ही की जाए। खुले स्थानों अथवा नई जगहों पर कुर्बानी की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना दी जाए। जिलाधिकारी ने हीट वेव और भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। साथ ही संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भड़काऊ या भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सड़क अथवा सार्वजनिक स्थलों पर नमाज अदा न की जाए। नमाज केवल निर्धारित एवं अधिकृत स्थलों पर ही पढ़ी जाए, जिससे यातायात और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने तथा जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रिजवाना शाहिद, अपर पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, नगर निकाय प्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस मॉडर्न स्कूल, इटावा में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** शुक्रवार को रीना श्रीवास्तव धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव (अध्यक्ष वामा सारथी इटावा) द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में जाकर किया समर कैंप-2026 का उद्घाटन। वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव(धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव) द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल, में जाकर समर कैंप-2026 का उद्घाटन किया गया समारोह के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने दीप प्रज्वलन कर समर कैंप का शुभारंभ किया तदोपरान्त उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग शारीरिक व मानसिक विकास के लिए करना चाहिए। ऐसे कैंप बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं साथ ही उनके द्वारा बच्चों को खेलों के साथ-साथ योग को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी गयी। विशेषःसुबह का सत्र योग और खेलों एवं डांस, क्राफ्ट और म्यूजि.क के लिए निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। समर कैम्प में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जायेगीं जिसमें खेल गतिविधियाँ, रचनात्मक गतिविधियाँ, स्वास्थ्य व कला सम्मिलत है खेलों में बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, क्राफ्ट, योग, म्यूजिक डांस आदि विभिन्न एक्टिविटी प्रमुख है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि समर कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने पंजीकरण कराया है। प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना ने बताया कि यह 10 दिवसीय समर कैंप पुलिस परिवार के बच्चों के साथ-साथ अन्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/ जसवन्तनगर आयुषी सिंह, प्रधानाचार्य पुलिस मॉडर्न स्कूल अभिषेक सक्सेना एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा सरकार द्वारा डीजल , पेट्रोल, रसोई गैस की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि एवं बिजली की अप्रत्याशित कटौती के विरोध में शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सोपा गया।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार का सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास का नारा खोखला साबित हो गया है, भाजपा सरकार द्वारा जनता को गुमराह किया जाता है पूर्व सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल रसोई गैस की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर जनता की कमर तोडने का काम किया जा रहा है। विधायक राघवेंद्र गौतम ने कहा कि पैपर लीक से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, महंगाई की मार से जनता त्रस्त है, सरकार आम जनता के लिए कोई जनहित के कदम नहीं उठा रही है। समाजवादी पार्टी द्वारा महा महिमा राजपाल से मांग की गई कि वह जनहित पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने एवं बिजली कटौती बंद किए जाने हेतु प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के अतिरिक्त सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, विधायक राघवेंद्र गौतम, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, प्रदेश सचिव के पी शाक्य, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, स्धृक्र सांसद प्रतिनिधि हाजी शमीम अहमद, प्रभारी उदयभान सिंह, लाखन सिंह जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव यादव, यादव, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्तु, सपा जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला, उत्तम सिंह प्रजापति, विद्याराम यादव, अनवार हुसैन, आनंद यादव टंटी, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिला सचिव सुशांत वर्मा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## कानपुर-सागर हाईवे पर बढ़ते हादसों पर वकीलों का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट में नारेबाजी

**हमीरपुर।** कानपुर-सागर हाईवे पर बढ़ते हादसों को लेकर डिवाइडर ल चौड़ीकरण की मांग के लिये शुरू हुआ जन आंदोलन धीरे-धीरे बड़ा रूप लेता जा रहा है। शुक्रवार को वकीलों ने बार संघ भवन में बैठक करने के बाद कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला। नारेबाजी करते हुए वकीलों का जत्था कलेक्ट्रेट पहुंचा। डीएम के कार्यालय में न होने के बाद वकीलों ने नारेबाजी और तेज कर दी। बाद में डीएम के वीसी में व्यस्त होने की जानकारी पर वकीलों ने एनआईसी कक्ष की ओर कूच करना शुरू कर दिया। वकीलों की नारेबाजी से कलेक्ट्रेट गूंजता रहा। वकीलों ने कुछ देर के लिए बस स्टैंड में सड़क जाम कर नारेबाजी भी की। वकीलों के प्रदर्शन की खबर मिलने पर एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने वकीलों से वार्ता की। वकील डीएम से मिलने की जिद पर अड़ गए। प्रदर्शनकारी वकीलों की अगुवाई बार संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री अश्वनी प्रजापति द्वारा की जा रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वकील शामिल हैं। बता दें कि कानपुर-सागर हाईवे के चौड़ीकरण और डिवाइडर की मांग को लेकर इस वक्त जनपदवासी आंदोलित हैं।

## भीषण गर्मी में पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शर्बत



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** भीषण गर्मी से बेहाल राहगीरों को राहत प्रदान करते हुये शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल और यातायात पुलिस के साथ मिलकर सड़कों पर ठंडा शर्बत वितरित किया गया। मौदहा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। दोपहर में सड़कें सूनी रहती हैं, और लोग आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग भी लगातार लोगों को गर्मी से सतर्क रहने की सलाह दे रहा है।इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कोतवाली प्रभारी की यह पहल लोगों के लिए राहत का संदेश बनी। सड़क से गुजर रहे राहगीरों, रिक्शा चालकों और मजदूरों को पुलिसकर्मियों ने अपने हाथों से शर्बत पिलाया। लोगों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस सुरक्षा के साथ-साथ मानवता का भी फर्ज निभा रही है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह की इस मानवीय पहल की कस्बे में व्यापक सराहना हो रही है।

## खदान क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान मृत संविदा श्रमिक के आश्रितों को 11.48 लाख की क्षतिपूर्ति



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी के निर्देशन में नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड की दुद्धीचुआ परियोजना में कार्यरत मे0 जी.एस.सी.ओ. इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के संविदा श्रमिक स्व0 पुष्पेन्द्र सिंह के विधिक वारिसों को कर्मचारी क्षतिपूर्ति धनराशि का चेक प्रदान किया गया। स्व0 पुष्पेन्द्र सिंह की खदान क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वर्कमैन कम्पनसेशन एक्ट, 1923 के अंतर्गत उनके आश्रितों को 11,48,175 की धनराशि स्वीकृत की गई। सत्यापन उपरांत पत्नी श्रीमती अनिल सिंह, पुत्री संचिता सिंह, पुत्री अंकिता सिंह एवं पुत्र अतुल सिंह के नाम चेक निर्गत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आज स्व0 पुष्पेन्द्र सिंह आश्रितों को 11,48,175 रूपये का चेक सौपा गया।

# इटावा में NH-19 पर बड़ा सड़क हादसा

■ बस में सवार 2 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत समृद्धि हॉस्पिटल के पास दिल्ली से आ रही स्लीपर बस डम्पर से टकराकर हाईवे पर खड़ी हो गई और यात्री नीचे उतर आए। पीछे से आ रही बस ने यात्रियों को कुचल दिया जिससे दो यात्रियों की मौत हो गई और दो यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार समृद्धि हॉस्पिटल के पास आगरा से कानपुर जा रहे डंपर संख्या में पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस डंपर के आगे फंसकर खड़ी हो गई। इसी दौरान बस से धुआं निकलने लगा जिसके चलते यात्री नीचे उतर आए। तभी पीछे से आ रही समय शताब्दी बस ने खड़ी बस में टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क पर खड़े यात्री विवेक मिश्रा 45 वर्ष पुत्र परमात्मा शरण मिश्रा आजाद नगर कानपुर हाल पता सेक्टर-93 स्थित एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट नोयडा, सोहन लाल गौतम 40 वर्ष पुत्र कल्लू गौतम निवासी बांगरमऊ उन्नाव हाल पता गनेश नगर रावतपुर कल्याणपुर कानपुर, शुभम पुत्र नरेश निवासी बर्रा बाईपास कानपुर, शमशाद अहमद पुत्र कईया खान निवासी शुक्ला गंज कानपुर घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। विवेक मिश्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं सोहन लाल गौतम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिल द्वारा घटना की सूचना मृतकों व घायलों के परिजनों को दी गई। परिजन रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे।

मृतक विवेक मिश्रा के परिजनो ने बताया कि विवेक नोयडा में एमएनसी कम्पनी में कार्यरत था और जमीन खरीदने के लिए मृतक नोयडा से कानपुर आ रहा था। मृतक सोहन लाल गौतम के परिजनों ने बताया कि मृतक कपड़े का व्यापारी था और दिल्ली से कपड़ा खरीद कर वापस लौट रहा था। थाना फ्रेंड्स पुलिल ने मृतकों के शवों के पंचनामे भरकर पोस्टमार्टम कराया। घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।

# मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य प्रारम्भ

■ डीएम आवास से हुई शुरुआत, घर-घर पहुंचकर प्रगणक पूछेंगे 34 निर्धारित प्रश्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का शुभारम्भ आज प्रगणकों द्वारा जिलाधिकारी आवास से किया गया। इस दौरान प्रगणकों ने जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के आवास पर पहुंचकर मकान सूचीकरण एवं गणना संबंधी कार्य संपादित किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए 16 चार्ज अधिकारी नामित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 3618 प्रगणकों एवं 608 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मकान सूचीकरण (एचएलओ) कार्य हेतु 3655 कर्मियों को सर्वे में लगाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप के अनुसार 34 प्रकार के प्रश्न पूछेंगे, जिनका उत्तर संबंधित मकान मालिक अथवा परिवार के सदस्य को देना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को केवल निर्धारित 34 प्रश्नों का ही उत्तर देना है, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सर्वे कार्य में सहयोग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सर्वे हेतु आने वाले प्रत्येक प्रगणक के पास उसका वैध परिचय पत्र अवश्य हो। यह अभियान शासन की महत्वपूर्ण जनगणना प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे जनहित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के दौरान प्रगणक परिवार एवं भवन से संबंधित 34 प्रकार की निर्धारित जानकारियां प्राप्त करेंगे। इनमें मुख्य रूप से मकान का उपयोग, भवन की स्थिति, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, पेयजल स्रोत, शौचालय की उपलब्धता, बिजली कनेक्शन, रसोई ईंधन, परिवार के सदस्यों की संख्या, मोबाइल/इंटरनेट सुविधा, वाहन, बैंकिंग सुविधा तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े प्रश्न शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्रगणक केवल शासन द्वारा निर्धारित 34 प्रश्न ही पूछेंगे। आमजन को केवल उन्हीं प्रश्नों का उत्तर देना है तथा किसी अन्य प्रकार की व्यक्तिगत अथवा अनावश्यक जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं है।

## हिण्डालको प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 के विद्यार्थियों का एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रेणुकूट/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन, सोनभद्र द्वारा आयोजित प्रथम ट्रॉफी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका भारती झा के निर्देशन में कुल 9 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 80 मीटर दौड़ में अंकिता (कक्षा 5 A) एवं आर्यन शर्मा (कक्षा 5 A) ने स्वर्ण पदक हासिल कर उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, पीयूष (कक्षा 5 A) ने बॉल थ्रो स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, बद्री विशाल (कक्षा 4B) ने 300 मीटर दौड़ तथा युवराज सरोज (कक्षा 5 A) ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपांविता रॉय एवं समस्त शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेलों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# सपा जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा।** पुलिस और प्रशासन ने गुरुवार को शाम से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इदरीस खान को उनके मौदहा स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। उनके घर के बाहर कड़ा पहरा बैठाया गया है। यह कार्रवाई तब की गई है जब प्रशासन को सूचना मिली कि सपा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव जायेगा। सपा का यह प्रतिनिधिमंडल टेढ़ा गांव में एक दलित युवक से मिलने जा रहा था, जिसकी गांव के कुछ दबंगों ने 18 मई को बेरहमी से पिटाई की थी। इस मामले में दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गयी है। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए सपा डेलिगेशन गांव पहुंचने की तैयारी कर रहा था।तभी प्रशासन ने मौदहा कस्बे में स्थित सपा जिलाध्यक्ष के आवास को पुलिस छावनी में बदलते हुये उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक लगा दी। ताकि प्रतिनिधिमंडल को गांव जाने से रोका जा सके।हाउस अरेस्ट किए गए सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान ने आरोप लगाया कि प्रशासन दलित उत्पीड़न के मामलों में आवाज उठाने से रोकने के लिए यह कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का प्रतिनिधिमंडल 22 मई को पीड़ित युवक से मिलने गांव जाना चाहता था, लेकिन उन्हें उससे पहले ही नजरबंद कर दिया गया।

# बालिका सशक्तीकरण अभियान-2026 का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद, सीएसआर विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एक माह के लिए बालिका सशक्तीकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला का भव्य उद्घाटन दिनांक 21 मई 2026 को तरंग प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि संजय असाटी, परियोजना प्रमुख (रिहंद), विशिष्ट अतिथि संदीप नायक , परियोजना प्रमुख (सिंगरौली), प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा, वनिता समाज, नीलू असाटी, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मण्डल समिति, प्रणय कुमार नायक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सतेन्द्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन, एनटीपीसी विंध्याचल), माणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक, (अनुरक्षण एवं एडीएम, एनटीपीसी विंध्याचल), उप समादेष्टा सीआईएसएफ प्रकाश, विभागाध्यक्षगाण वर्तिका महिला मण्डल समिति की वरिष्ठ सदस्याओं, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी गीत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख असाटी ने बालिका सशक्तीकरण के महत्व पर ज़ोर देते हुए बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सीएसआर द्वारा आयोजित इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सशक्तीकरण का अर्थ है किसी को शक्ति देना या किसी को मजबूत और आत्मविश्वासी बनाना। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं है अपितु यह एक समग्र विकास पहल है जो शैक्षिक सहायता, कौशल निर्माण, व्यक्तित्व विकास और जीवन कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। कार्यशाला में भाग ले रही बालिकाओं को संबोधित करते हुए असाती ने कहा कि आप सभी ताकत, लचीलापन और आशा की प्रतिमूर्ति हो। आपको यहाँ से जो सीख मिले उसे अपने आस-पास में भी बाटना है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि सहित अन्य आमंत्रित गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्री राजेश बोयपाई ने सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनकी उपस्थिति के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष सात विद्यालयों से कुल 140 बालिकाएं प्रशिक्षण में शामिल हुई हैं। इस सुअवसर पर बालिका सशक्तीकरण अभियान के पूर्व प्रतिभागियों तथा डीएवी स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी का मन मोह लिया तथा पूर्व के वर्षों में आयोजित कार्यशाला के अनुभवों को साझा करते हुए एनटीपीसी रिहंद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डंपर खेत में घुसा तीन घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे में दोपहर को कानपुर से चलकर बांदा जा रहा तेज रफ्तार डंपर सामने से आ रहे डंपर को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पेड़ों को तोड़ता हुआ खेतों में जा घुसा। इस घटना में चालक खलासी और एक यात्री घायल हुआ है। सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। नेशनल हाईवे में कुण्डौरा के समीप थाना सीमा के निकट कानपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार डंपर सामने से आ रहे डंपर को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े पेड़ों को तोड़ता हुआ खेत में जा घुसा। इस घटना में ट्रक चालक पवन कुमार 28, खलासी विवेक कुमार 19 निवासी नवेडी घाटमपुर कानपुर तथा यात्री विनोद कुमार 25 निवासी मोहटा घाटमपुर कानपुर केबिन क्षतिग्रस्त होने से घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद तीनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष मिला अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2026



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी विंध्याचल को लगातार चौथे वर्ष प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2026 के मेरिट कैटेगरी सम्मान से नवाज़ा गया है। यह उपलब्धि परिचालन उत्कृष्टता तथा विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों की दिशा में स्टेशन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान कार्यस्थल सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय स्थिरता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने हेतु एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना करता है। यह पुरस्कार कर्मचारियों, विक्रेताओं, ठेकेदारों एवं सहयोगियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिन्होंने सक्रिय पहलों, सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन तथा निरंतर सुधार की कार्यसंस्कृति के माध्यम से मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ एनटीपीसी विंध्याचल ने विद्युत क्षेत्र में एक आदर्श मानक के रूप में अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ की है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब स्टेशन को यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार सयुंक्त रूप से आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) एवं अशोक कुमार यादव, उप महाप्रबंधक(टीएमडी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से प्राप्त किया। यह सम्मान न केवल स्टेशन के लिए वैश्विक गौरव लेकर आया है, बल्कि सुरक्षित, स्वस्थ एवं सतत भविष्य के निर्माण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को भी पुनः स्थापित करता है।

# बिजली को लेकर पांच उपकेंद्रों में बवाल-हंगामा

## सड़क पर उतरे लोग, फॉल्ट ठीक करने में तीन संविदा कर्मी झुलसे

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी में बीते बृहस्पतिवार रात छह घंटे के भीतर पांच उपकेंद्रों सेक्टर 25 इंदिरानगर, न्यू कैम्पस, विक्टोरिया, बनी, गहरू पर रात 11:30 से 3:30 बजे तक बिजली को लेकर खूब हंगामा-बवाल हुआ। नाराज लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस बीच इलाके में फॉल्ट को सही करने के दौरान तीन संविदा कर्मचारी झुलस गए, जिसमें एक की हालत नाजुक बनी है। इनमें न्यू कैम्पस उपकेंद्र के लाइनमैन कमलेश, गुड्डू व नीबू पार्क घंटाघर उपकेंद्र के अनूप शामिल हैं।

सेक्टर 25 और विक्टोरिया उपकेंद्र में लोगों का धावा, घेराव

वृहस्पतिवार रात करीब 11:30 बजे सेक्टर 25 इंदिरानगर व विक्टोरिया चौक उपकेंद्र के बड़े हिस्से में अंधेरा हो गया। इससे विक्टोरिया उपकेंद्र पर 250 व सेक्टर 25 में 500 से ज्यादा लोगों ने घेराव कर लिया। विक्टोरिया में सरगा पार्क फीडर की ट्राली फट गई थी।

सेक्टर 25 उपकेंद्र की 33 हजार की आपूर्ति ठप हो गई थी। इससे इंदिरानगर के सेक्टर 18, 19, 20 21, 25, बस्तौली, समुददीपुर, रिंड रोड सहित आसपास के करीब 15 हजार घरों की रात 11 बजे से अंधेरा हो गया। हालांकि, इन इलाकों में शाम 7 बजे से बिजली संकट बना था। रात 12 बजे भीड़ ने उपकेंद्र पर धावा बोल दिया। कर्मियों ने अंदर से गेट में तालाबंदी करके पीछे के रास्ते भाग गए। पुलिस पहुंची, मगर जनता बिजली चालू करने की मांग पर अड़ी थी। नाराज लोगों ने रिंग रोड पर सड़क भी जाम कर दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया। प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ करने पर आमादा थे, मगर गेट में ताला पड़ा था। अधीक्षण अभियंता नवीन चंद्रा ने बताया कि रात करीब 2 बजे जब 33 केवी बिजली चालू हुई तो प्रदर्शनकारियों के वापस लौटने का सिलसिला शुरू हुआ।

विक्टोरिया उपकेंद्र पर ट्राली को सही करने के लिए अमृत बाजार, बड़ी कालीजी, अकबरीगेट फीडर को रात करीब 1:30 बजे बंद कर दिया। इससे लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर लिया। कर्मचारी उपकेंद्र से भाग कर कोतवाली से पुलिस को बुलाकर लाई। गेट के बाहर रात 3:30 बजे तक पुलिस सुरक्षा में बैठी रही, तब कर्मचारी काम करके बिजली चालू कर पाए। न्यू कैम्पस उपकेंद्र के भुइयां देवी मंदिर, कुटवा रोड इलाके में बृहस्पतिवार देर रात बिजली संकट से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज उपभोक्ताओं ने सड़क पर उतरकर जाम लगा दिया। यह बिजली संकट एबीसी जलने के कारण उत्पन्न हुआ था।

रात नौ बजे जब 3-4 कर्मचारी जली एबीसी बदलने गए तो मोहल्ले के दबंगों ने उनको यह कहते हुए बंधक बना लिया ,कि दो दिन से जब सोने का समय होता तो काम करने चले आते हो। मौके पर एसडीओ संतोष कुमार विश्वकर्मा, जेई प्रदीप पहुंचे जिन्होंने खूब समझाया, मगर नहीं माने। मुस्लिमनगर और पिंकसिटी तिवारीपुर के लोगों के गुटों के बीच पहले बिजली चालू करने को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस भी पहुंची। रात 12 बजे दोनो मोहल्ले में अलग-अलग कर्मियों को एक साथ एबीसी बदलने भेजा गया। पिंक सिटी तिवारीपुर में एलटी लाइन बांधने के दौरान एबीसी में आग लग गई जिससे लाइनमैन कमलेश झुलस गए। कमलेश का केके हॉस्पिटल में उपचार चल रहा।

# मनरेगा के अमृत सरोवरों को जल संरक्षण का सशक्त माध्यम बनाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्देश जारी किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रदेश भर में निर्मित किए गए 'अमृत सरोवरों' को जल संरक्षण का एक जीवंत और सशक्त माध्यम बनाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ये सरोवर केवल जल संरचनाएं बनकर न रहें, बल्कि स्थानीय जनमानस, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और मूक पशु-पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित हों।

केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों दिशा-निर्देश दिए। अमृत सरोवर केवल निर्माण नहीं, प्राकृतिक संतुलन का आधार उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमृत सरोवरों के

- भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों और जनमानस के लिए उपयोगी सिद्ध हों: उपमुख्यमंत्री



माध्यम से व्यापक स्तर पर प्राकृतिक संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहाः 'ये सरोवर जल स्तर (ग्राउंड वाटर) को सुधारने के साथ-साथ हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में जब जलस्रोत सूख रहे हैं, तब इन सरोवरों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गांवों में पानी का संकट न गहराए और आस-पास का तापमान भी नियंत्रित रहे। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पेयजल और छांव की व्यवस्थाः अमृत सरोवरों के तटबंधों पर व्यापक वृक्षारोपण कराया जाए ताकि वहां आने वाले राहगीरों और पशु-पक्षियों को छांव मिल सके। पशुओं के लिए 'चरही' (नाद) का निर्माणः सरोवरों के समीप या उनके किनारों पर मवेशियों और लावारिस पशुओं के पानी पीने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। पक्षियों के लिए दाना-पानीः सरोवरों के आस-पास के वृक्षों पर सकोरे टांगे जाएं और पक्षियों के अनुकूल माहौल तैयार किया जाए ताकि भीषण गर्मी से किसी भी जीव की जान न जाए। कार्य में शिथिलता बरतने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत सरोवरों के सुदृढ़ीकरण, सफाई और उनमें पानी भरने के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी जिले या विकास खंड में अमृत सरोवर सूखे पाए गए या वहां कुप्रबंधन देखने को मिला, तो संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी में गहराया बिजली संकट तो अखिलेश यादव ने कसा तंज

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज कसते हुये कहा कि बिजली के नये संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नहीं है।



- कहा, बिजली के नये संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नही

अखिले शयादव ने एक्स पर लिखा, ' बिजली के नये प्लांट लगाना तो आपके बस में था नहीं, न ही आपकी तंग सोच में। मुँह से ये कह ही देते '3×660 सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट' तो गर्मी में झुलसते प्रदेशवासियों को सुनकर ही थोड़ी राहत मिल जाती।' उन्होने कहा , ' भाजपा के कुराज में उप्र में बिजली की सिर्फ़ 'माँग' बढ़ रही है या 'दाम' बढ़ रहे हैं, सप्लाई-आपूर्ति नहीं। भाजपा राज, यूपी ख़स्ताहाल।'

उन्होंने अपने संदेश के साथ स्मार्ट नगर, लखनऊ, राजधानी, उत्तर प्रदेश शब्द भी जोड़े। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई जिलों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं। विपक्ष लगातार बिजली संकट को लेकर सरकार को घेर रहा है।

# अवैध कब्ज़े बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे : मौलाना कल्बे जवाद

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीनों पर अवैध कब्ज़ों और लगातार हो रहे गैरकानूनी निर्माण कार्यों का सिलसिला जारी है। रूमी गेट के पास बनाई जा रही पार्किंग और 'लज़ीज़ गली' को लेकर शिया समुदाय में भारी नाराज़गी पाई जा रही है। विशेष रूप से उलमा, रॉयल फैमिली और अंजुमन हाय मातमी ने ट्रस्ट की संपत्तियों पर हो रहे अवैध कब्ज़ों और गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ आवाज़ बुलंद की है। इससे पहले छोटे इमामबाड़े में उलमा और ज़िम्मेदार लोगों की एक बैठक आयोजित हुई थी। इसके बाद आज जुमे की नमाज़ के बाद उलमा और अंजुमन हाय मातमी के सदस्य आसिफ़ी मस्जिद से रूमी गेट होते हुए 'लज़ीज़ गली' और पार्किंग के नाम पर हो रहे कथित अवैध कब्ज़ों का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में नमाज़ी भी मौजूद थे, जो हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीनों पर हो रहे कब्ज़ों के खिलाफ नारेबाज़ी कर रहे थे। इस मौके पर मौलाना कल्बे जवाद नक़वी और अन्य उलमा ने संयुक्त रूप से कहा कि ट्रस्ट की ज़मीनों पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक हुसैनाबाद ट्रस्ट की पांच सदस्यीय समिति गठित नहीं की जाती, तब तक प्रशासन से कोई बातचीत नहीं होगी।



जुमे की नमाज़ के बाद उलमा और अंजुमन हाय मातमी के सदस्य ट्रस्ट में हो रही कथित बदइंतज़ामी, ट्रस्ट की ज़मीनों पर कब्ज़ों और गैरकानूनी निर्माण के विरोध में रूमी गेट पहुंचे। वहां बन रही पार्किंग का निरीक्षण किया गया और जिला प्रशासन की निगरानी में हो रहे इस कार्य की आलोचना की गई। मौलाना कल्बे जवाद नक़वी ने कहा कि ट्रस्ट की ज़मीन पर न तो पार्किंग बनेगी और न ही निर्माण के नाम पर एक ईंट रखी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन की निगरानी में लगातार ट्रस्ट की ज़मीनों पर अवैध कब्जे और निर्माण हुए हैं तथा ट्रस्ट की

- हुसैनाबाद ट्रस्ट की ज़मीन पर पार्किंग और 'लज़ीज़ गली' बनाए जाने के विरोध में उलमा और अंजुमन हाय मातमी के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और डी.एम के फैसले की निंदा की

आमदनी का कोई स्पष्ट हिसाब नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब तक ट्रस्ट की पांच सदस्यीय समिति नहीं बनती, तब तक जिला प्रशासन से कोई बातचीत नहीं होगी। मौलाना ने आरोप लगाया कि ज़िलाधिकारी ने आर.टी.आई के जवाब में कहा कि यह ट्रस्ट आर.टी.आई के दायरे में नहीं आता क्योंकि यह निजी ट्रस्ट है, ज़िलाधिकारी का यह दावा सरासर झूठा है, क्योंकि यह ट्रस्ट अवध के नवाबों का है और ज़िलाधिकारी उन नवाबों के वंश से नहीं हैं। मौलाना ने कहा कि ट्रस्ट की ज़मीनों के संबंध में अकेले डीएम फैसला लेने के लिए अधिकृत नहीं हैं। उन्होंने किस अधिकार के तहत ट्रस्ट की ज़मीन पर पार्किंग और लज़ीज़ गली बनाने की अनुमति दी है?।मौलाना ने आगे कहा कि ट्रस्ट की ज़मीनों पर जो निर्माण या सड़कें बनी हुई हैं, उन्हें अवध के बादशाहों और नवाबों के नाम से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हम यहां विरोध प्रदर्शन के लिए नहीं बल्कि निरीक्षण के लिए आए हैं। यदि ट्रस्ट की ज़मीनों पर निर्माण कार्य नहीं रुका और हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो हम ऐतिहासिक आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ जो भी बातचीत होगी, वह उलमा, रॉयल फैमिली और अंजुमन हाय मातमी के सदस्यों की मौजूदगी में होगी। उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद ट्रस्ट में जिलाधिकारी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस संबंध में जल्द ही उलमा, रॉयल फैमिली और अंजुमन हाय मातमी के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित होगी।

# हैदरी मस्जिद मुफ़्तीगंज मे सालाना ख़मसा -ए मजलिस शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** हैदरी मस्जिद मुफ्ती गंज मे हमेशा की तरह इस साल भी ब सिलसिला ए शहादत हज़रत मोहम्मद इमाम बाक़िर अ. स.व हज़रत मुस्लिम बिन अक़ील अ. स. की याद मे मजलिस ए खमसा का आयोजन किया जा रहा है। पांच से आठ जिल्हिज़ मौलाना सैय्यद अब्बास इरशाद नक़वी, 8.30बजे और 9 जिल्हिज 4बजे मौलाना मिर्ज़ा जाफर अब्बास मजलिस क़ो ख़िताब फरमाएगे। इस बीच इमामे बाकिर अ. और हज़रत मुस्लिम अ.का अलम ताबूत बरामद होगा।यह आयोजन गदीरी गुरुप ऑफ़ इंडिया और मोमनीन मुफ़्तीगंज की जानिब से आयोजित किया जा रहा है। मोमनीन की शिरकत वक्त की पाबंदी से करने की अपील की जा रही।

# सिंगापुर एवं मलेशिया की शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सीएमएस छात्र दल

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस एवं सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन का 51 सदस्यीय दल सिंगापुर एवं मलेशिया की 9-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर रवाना हो गया। इस छात्र दल में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 36 एवं कैम्ब्रिज सेक्शन के 10 छात्र शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं सुश्री समीना ज़हीर, सुश्री एरम मेहदी, सुश्री वन्दना साही, प्रियंका रोहतगी एवं सुश्री मसीरा आरिफ कर रही हैं। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक शिक्षा प्रणाली, साँस्कृतिक विविधताओं, वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिवेश की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से अपने ज्ञान



एवं व्यक्तित्व को और अधिक समृद्ध बना सकें।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रों की शैक्षिक यात्रा पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक यात्राएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, साथ ही उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण के विकास हेतु प्रेरित करती हैं और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा छात्रों के लिए अत्यन्त प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी।

सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि सिंगापुर एवं मलेशिया की शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य से तो परिचित होंगे ही, साथ ही प्रमुख शैक्षिक, ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक केन्द्रों का अवलोकन करेंगे, जिनमें गार्डेन्स बाइ द बे, यूनिवर्सल स्टूडियोज सिंगापुर, पार्लियामेन्ट हाउस, सिंगापुर ज़ू, सेन्टोसा, जेंटिंग हाईलैण्ड्स एवं पेट्रोनास ट्विन टावर आदि शामिल हैं।

# आम पर सुहैल काकोरवी की लघु पुस्तक का विमोचन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** 'सुहैल काकोरवी की पुस्तक आम नामा की पूरी रचना का मैं चश्मदीद गवाह। वो जब लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुई हमने उसका जश्न मनाया लेकिन उनका कलम उस उपलब्धि के बाद भी नहीं रुका ।फलों के राजा आम पर वह हर वर्ष एक नयी किविता के साथ।गर्व का विषय है कि हिंदी उर्दू और अंग्रेजी में उनकी सोलह बहुमूल्य कृतियां प्रकाशित हो कर प्रशंसित हो चुकी है आज अदबी संस्थान आम पर लघु पुस्तक ' मैखाने में आम' का विमोचन करते हुए गर्व का अनुभव कर रहा है '।इन विचारों का उद्गार कवि और लेखक तरुण प्रकाश ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए किया। संजय मिश्रा शौक़ ने कृति को अनुपम बताया। अशर अलीग ने कहा कि नवीन विचारों के साथ सुहैल काकोरवी निरंतर रचनाशील प्रगति पर है ।नाज़िम बरेलवी ने कहा हिंदी उर्दू और अंग्रेजी साहित्य के संसार में सुहैल काकोरवी का योगदान अविस्मरणीय है। शेख असद आमिर ने कहा कुछ दिन के मौन के बाद कविता का सुनामी लाने वाले सुहैल काकोरवी का हर प्रयास सफल है।

# अजय राय ने प्रधानमंत्री मोदी को कहे अपशब्द, तो भड़की भाजपा

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान से सियासी बवाल बढ़ गया है। अजय राय के इस बयान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखा हमला बोला है।

सीएम योगी ने कहा, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबंध में की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी बेहद निंदनीय है। नरेंद्र मोदी जी ने कांग्रेस की भ्रष्ट राजनीति को उजागर किया है, जिससे कांग्रेस हताशा, कुंठा और मानसिक दिवालियापन की चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। अब ये लोग देशवासियों से माफी मांगने लायक भी नहीं बचे हैं। वहीं अजय राय के विवादित बयान पर भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने



कहा कि कुछ दिन पहले जब यूपीपीसीसी चीफ अजय राय अस्वस्थ थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। लेकिन आज वही अजय राय प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते कैमरे में कैद हुए। यही कांग्रेस की राजनीति का स्तर है - शिष्टाचार का जवाब अभद्रता से।

वहीं, उत्तर प्रदेश भाजपा ने एक्स पोस्ट में कहा, 'कांग्रेसी नस्ल की अशिष्ट फसल। देश के प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल

- सीएम योगी बोले- ये लोग माफी मांगने लायक भी नहीं बचे

करना राजनीति नहीं, बल्कि कांग्रेसियों की कुंठा को दर्शाता है। पुरानी कहावत हैः पिता पे पूत, नस्ल पे घोड़ा, बहुत नहीं तो थोड़ा-थोड़ा। वही भाजपा प्रदेश पंकज ने एक्स पर कहा, 'जब अंत की आहट सुनाई देने लगती है, तब शब्दों में गिरावट भी शुरू हो जाती है।देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी कांग्रेस की बौखलाहट, चरम निराशा और राजनीतिक दिवालियेपन को साफ़ दिखाती है।

जिस प्रधानमंत्री ने अजय राय जी के बीमार पड़ने पर सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

# योगी सरकार में दलितों पर बढ़े जातिगत-सामंती हमले : भाकपा

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) - भाकपा (माले) - ने उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे दलित उत्पीड़न और जातिगत हमलों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। पार्टी ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जीरो टॉलरेंस' के दावों की हवा निकल चुकी है और उनके राज में सामंती व दबंग तत्वों के हौसले सातवें आसमान पर हैं।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में (टेढ़ा गांव में) एक दलित नौजवान पर हुआ बर्बर हमला योगी सरकार में घर कर गई घोर जातिवादी और सामंती मानसिकता का जीता-जागता सबूत है। उन्होंने कहा, 'यह बेहद शर्मनाक और विचलित करने वाला है कि आज के दौर में भी किसी दलित युवक का स्वाभिमान से जीना सामंती ताकतों को बर्दाश्त नहीं

- दबंगों और अपराधियों को मिल रहा है सत्ता का खुला संरक्षण, पूरे प्रदेश में दलित-वंचित असुरक्षित

हो रहा है। महज बराबरी और आत्मसम्मान से रहने के कारण एक नौजवान को बंधक बनाकर लाठी-डंडों से अधमरा कर देना इस बात का प्रमाण है कि सूबे में कानून के राज की जगह जंगलराज चल रहा है। माले नेता ने कहा कि हमीरपुर की यह घटना कोई अपवाद नहीं है। पिछले कुछ समय में पूरे उत्तर प्रदेश के भीतर दलितों पर दबंगों के हमले बाढ़ की तरह बढ़े हैं। प्रदेश में दलितों की जमीनों पर कब्जे और विरोध करने पर जानलेवा हमले हों, कानपुर में सरकारी हैंडपंप से पानी पी लेने पर दलित नाबालिग व उसके पिता की बर्बर पिटाई की घटना हो या बुंदेलखंड के गांवों में दलितों को शादी-ब्याह में घोड़ी चढ़ने और सम्मान से जीने पर प्रताड़ित करने के मामले—हर जगह एक ही पैटर्न दिखाई दे रहा है।

# अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग को लेकर सीएम को लिखा पत्र

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राजधानी के न्यायालय परिसर के आस-पास अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण, अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग और न्यायिक व्यवस्था पर उत्पन्न संकट देखते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। अपने पत्र में श्री राय ने लखनऊ जनपद न्यायालय परिसर में ध्वस्त किये गये अधिवक्ताओं के चैम्बरों के संबंध में न्यायोचित व मानवीय समाधान सुनिश्चित करने, प्रभावित अधिवक्ताओं को परिसर या समीपस्थ क्षेत्र में सम्मानजनक और सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने, अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज व बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच व दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने और न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून लाने पर गंभीरता से विचार करने तथा न्यायिक कार्य बाधित न होने और आम नागरिकों को न्याय प्राप्त करने में कठिनाई न हो। इसके लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है।

## राहुल गांधी पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

# दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंककर जताया विरोध

- वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर कांग्रेसियों की नारेबाजी
- कांग्रेस ने बीजेपी नेताओं पर अभद्र भाषा का लगाया आरोप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंक कर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू के नेतृत्व में वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर हुए प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार विपक्ष के शीर्ष नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के करोड़ों लोगों



की आवाज हैं और उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतिसुरक्षित क्षेत्र वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर हुए प्रदर्शन को रोकने के दौरान पुलिस-प्रशासन की कांग्रेसियों के साथ तीखी नोंक-झोंक भी हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस लोकतंत्र और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई की निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शिव बहादुर सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, सुशील शर्मा, जितेन्द्र तिवारी, कल्लू पाल, डॉ. रिचा शर्मा, गणेशी रावत, आर्यन मिश्रा, रज्जन आचार्य रावत, अकील अहमद, मेहताब जायसी, शान गनी, जितेन्द्र गौतम, महेन्द्र रावत, महेन्द्र तिवारी, उमाशंकर चौरसिया, अमित भारद्वाज, विभा त्रिपाठ्ठ, सरिता शुक्ला, मनोज भार्गव, बबलू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी शामिल थे।

# ब्रेकडाउन के कारण नहीं मिल पा रही बिजली

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के मानक के बावजूद कई जनपदों में केवल 5-6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसका मुख्य कारण लगातार ब्रेकडाउन होना और समय पर मरम्मत न होना बताया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं केंद्रीय सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल किया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्य में बिजली की मांग लगभग 30,000 मेगावाट तक पहुंच चुकी है, जबकि उपलब्धता के बावजूद उसका प्रभावी उपयोग नहीं हो पा रहा है। कारणों में प्रमुख रूप से बिजली कंपनियों में मैनपावर की भारी कमी और रखरखाव व्यवस्था का कमजोर होना बताया गया है। परिषद का कहना है कि पहले बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई, आज सब स्टेशन पर एक शिफ्ट में एक एक गैंग कम कर रही है जिससे फॉल्ट अटेंड करने की क्षमता प्रभावित हुई है। वर्तमान में एक-एक सबस्टेशन पर सीमित स्टाफ होने से ब्रेकडाउन समय पर ठीक नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। एक साथ दो फीडर पर ब्रेकडाउन हो जाए तो एक गैंग कहां काम करेगी सब स्टेशनों पर पांच फीडर से ज्यादा फीडर है। इसके अलावा, परिषद ने वर्टिकल व्यवस्था लागू करने को भी आलोचना का विषय बताया है, जिसमें शिकायत निस्तारण प्रणाली को प्रभावी न बताते हुए उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में देरी होने का आरोप लगाया गया है। उपभोक्ता परिषद ने पहले ही कहा था गर्मी में वर्टिकल व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए समस्या का कारण बनेगी अभी भी समय है वर्टिकल व्यवस्था को तत्काल समाप्त कर देना चाहिए।